# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026


मप्र में खिलाड़ियों के लिए पेंशन स्कीम

## 2006 से पहले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी होंगे शामिल



भोपाल। प्रदेश की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को अब हर महीने पेंशन के रूप में तगड़ी राशि मिलने वाली है। मप्र क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया ने पेंशन योजना को मंजूर कर लिया है। इसके तहत अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को हर महीने 12500 रुपए दिए जाएंगे। जबकि घरेलू क्रिकेटरों को 6 हजार से 10 हजार रुपए तक पेंशन दी जाएगी।

बांकुरा जिले में की जनसभा

पश्चिम बंगाल में जमकर गरजे सीएम डॉ. मोहन यादव, बोले

# ममता अब दीदी नहीं 'अप्पी' हो गईं वहां हिंदू लगातार हो रहे अपमानित



प्रत्याशियों के साथ सीएम

- डॉ. यादव ने कहा कि ममता दीदी बंगाली मानुष के अधिकारों को बांग्लादेश को देने पर तुली हुई हैं। इसलिए, यह चुनाव नहीं धर्म युद्ध है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले में जनसभा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता को भाजपा के पक्ष में वोट डालने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बांकुरा में हमारे सभी प्रत्याशियों का नामांकन भरने का मौका है। यह धरती सुभाष चंद्र बोस, स्वामी विवेकानंद, गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर, सुप्रसिद्ध मूर्तिकार राम किंकर की धरती है। ममता दीदी के राज में सब परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि ममता बेनर्जी अब दीदी नहीं है, ये अप्पी (मुस्लिम समाज में बड़ी बहन) हो गई हैं। ये बात पूरे देश में सुनाई दे रही है। डॉ. यादव ने कहा कि ममता दीदी बंगाली मानुष के अधिकारों को बांग्लादेश को देने पर तुली हुई हैं। इसलिए यह चुनाव ▶▶ शेष पेज 4 पर

### भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में मांगा वोट



जनसभा को संबोधित करते सीएम

**पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशियों की कोई जगह नहीं**

**पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को आगे बढ़ते देख रही दुनिया**

### पश्चिम बंगाल अब भाजपा जीतने वाली है

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके चेहरे का नूर बता रहा है कि रिजल्ट आने वाला है, भाजपा जीतने वाली है। हम सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास के मंत्र पर चल रहे हैं। आज हमारे देश में अनूसूचित जनजाति की बहन राष्ट्रपति पद पर आसीन है। इससे भाजपा की नीति और काम करने का ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मजबूत स्थिति में है हमारा देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज दुनियाभर में हाहाकार मचा हुआ है। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ गए हैं, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारा देश फल-फूल रहा है। वो जमाना गया जब ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हिसाब चुकता करने का समय आ गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये माहौल बता रहा है कि भाजपा ही भाजपा जीतेगी। ममता दीदी की सरकार में शिक्षक घोटाला हुआ, 26 हजार नियुक्तियां रद्द की गईं। उनके शासनकाल में प्रधानमंत्री आवास घोटाला, मनरेगा घोटाला हुआ। ममता ने केवल हिंदुओं का अपमान किया है। उन्होंने 24788 से ज्यादा मुकदमे दायर कर बहनों को लज्जित किया है। ये सारी ▶▶ शेष पेज 4 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


IPL आज का मुकाबला

सीएसके पीबीकेएस

शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### मप्र हाईकोर्ट ने प्लाटून कमांडर भर्ती प्रक्रिया को बताया दूषित, निरस्त

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट की जबलपुर खंडपीठ ने होमगार्ड में प्लाटून कमांडर भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह दूषित मानते हुए निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने निर्देश दिए हैं



कि भर्ती के लिए नए सिरे से विज्ञापन जारी किया जाए। मामले में जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने पाया कि चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं। याचिकाकर्ता का आरोप था कि परीक्षा से पहले ही स्क्रीनिंग कमेटी ने नियमों के विरुद्ध उम्मीदवारों को बाहर कर दिया। हाईकोर्ट ने पूरी चयन प्रक्रिया को अवैध मानते हुए निरस्त कर दिया।

भोजशाला केस : मुस्लिम पक्ष ने पेश किए मस्जिद होने के दस्तावेज

# हाईकोर्ट में 6 अप्रैल से लगातार होगी सुनवाई

**वीसी से वरिष्ठ वकील सलमान खुर्शीद भी जुड़े**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर/ धार

इंदौर हाईकोर्ट डिवीजन बेंच में गुरुवार को धार स्थित भोजशाला मामले में सुनवाई हुई। इस मामले की अगली सुनवाई 6 अप्रैल को होगी। 6 अप्रैल दिन सोमवार को दोपहर ढाई बजे से इंदौर हाईकोर्ट में रोज सुनवाई होगी। मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट में मस्जिद होने के दस्तावेज पेश किए, जिस पर अगली सुनवाई



भोजशाला

10 अप्रैल को होगी। मुस्लिम पक्ष ने कहा कि यह सिविल सूट का मामला है। हाईकोर्ट ने इस पर कहा कि सिविल सूट की सुनवाई 10 अप्रैल को धार स्थित जिला कोर्ट में होगी। कोर्ट ने सभी पार्टी को 10 तारीख को धार कोर्ट में मौजूद होने के आदेश दिए। बाकी पांच याचिका जो धार भोजशाला विवाद को लेकर लगी हुई हैं, उनपर इंदौर हाईकोर्ट में 6 अप्रैल से लगातार सुनवाई होगी। हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से वरिष्ठ वकील सलमान खुर्शीद भी जुड़े थे। वहीं, हिंदू पक्ष की ओर से अधिवक्ता श्रीश दुबे ने पैरवी की। हिंदू पक्ष का तर्क है कि एएसआई के वैज्ञानिक सर्वेक्षण से यह साफ हो गया है कि वर्तमान ढांचा प्राचीन मंदिर के अवशेषों ▶▶ शेष पेज 4 पर

ओबीसी आरक्षण पर हाईकोर्ट सख्त

# अप्रैल के अंतिम सप्ताह में तीन दिन लगातार सुनवाई

**किसी भी पक्ष को सुनवाई टालने की इजाजत नहीं**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

ओबीसी आरक्षण का मामला लंबे समय से अदालत में अटका हुआ था, जिससे लाखों लोगों की नजर इस फैसले पर टिकी हुई है। कोर्ट ने 27, 28 और 29 अप्रैल को लगातार तीन दिन तक सुनवाई करने का फैसला लिया है। इन तीनों दिनों में पूरा समय सिर्फ इसी मामले को दिया जाएगा, जिससे प्रक्रिया तेज होने की संभावना बढ़ गई है। वहीं, इस मामले में सुनवाई के दौरान एक दूसरा मुद्दा भी उठा, जिसने सभी को हैरान कर दिया। एक पक्ष की तरफ से सवाल उठाया गया कि इस मामले की सुनवाई कर रहे जज किस वर्ग से आते हैं, यानी वे ओबीसी हैं या सामान्य वर्ग से। इस दलील के पीछे यह तर्क दिया गया कि जज की सामाजिक पृष्ठभूमि फैसले को प्रभावित कर सकती है। हालांकि, कोर्ट ने इस तरह की दलीलों को पूरी तरफ से खारिज कर दिया। कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि न्यायपालिका में जज की जाति या वर्ग का कोई महत्व नहीं होता है। कोर्ट ने कहा कि हर जज कानून के आधार पर फैसला करता है, न कि अपनी निजी पृष्ठभूमि के आधार पर। दरअसल, मप्र में ओबीसी आरक्षण का विवाद 14% कोटे को बढ़ाकर 27% करने से शुरू हुआ. साल 2019 के इस फैसले से कुल आरक्षण 50% की सीमा पार कर 64% हो गया, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। कानूनी पेच के चलते ▶▶ शेष पेज 4 पर

**एफडी में हेराफेरी: दिल्ली की एमपी एमएलए कोर्ट ने किया सजा का ऐलान**

सजा के तुरंत बाद कोर्ट से जमानत भी मिली

# दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को तीन साल की सजा, जा सकती है विधायकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को को-ऑपरेटिव बैंक घोटाला में दिल्ली की



राजेंद्र भारती

राउज एवेन्यू कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई। साथ ही कांग्रेस विधायक पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। हालांकि, फैसला सुनाने के बाद कोर्ट ने राजेंद्र भारती को 50 हजार रुपए के बॉन्ड पर जमानत दे दी। अदालत ने राजेंद्र भारती को हाई कोर्ट में अपील दाखिल करने के लिए 30 दिन का समय दिया है। इस मामले मे सह-आरोपी रघुवीर शरण प्रजापति को भी राउज एवेन्यू कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई और ढाई लाख रुपए का जुर्माना लगाया। रघुबीर प्रजापति को भी कोर्ट से बेल मिल गई है।

दोषी ठहराए जाने के बाद कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया था। कोर्ट ने कहा था कि कांग्रेस विधायक को आईपीसी की धारा 120बी के साथ आईपीसी की धारा 420/467/468/471 के तहत आपराधिक साजिश के जुर्म का दोषी ठहराया जाता है।

### सजा पर स्टे नहीं मिलता तो सीट खाली घोषित

कानूनी जानकारों के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के नियम के अनुसार यदि किसी विधायक को 2 साल या उससे अधिक की सजा होती है, तो उसकी सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द मानी जाती है। राजेंद्र भारती को 3 साल की सजा मिली है, जिसका मतलब है कि उनकी विधानसभा सदस्यता पर अब गंभीर खतरा मंडरा रहा है। यदि 30 दिनों के भीतर हाईकोर्ट से सजा पर स्टे नहीं मिलता, तो दतिया सीट खाली घोषित की जा सकती है। तब उपचुनाव होंगे।




मध्यप्रदेश शासन



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



# भारत के स्वाभिमान नवजागरण और विकास की यात्रा का उत्सव

# महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य

## शुभारंभ

3 अप्रैल 2026 I विक्रम सम्वत् 2083, वैशाख कृष्ण पक्ष
सायं 7.00 बजे, बी.एल.डब्ल्यू. मैदान, वाराणसी, उत्तर प्रदेश



**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश



**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

## मुख्य अतिथि

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**3 से 5 अप्रैल 2026, प्रतिदिन सायं 7.00 बजे**

**प्रदर्शनियाँ**

आर्ष भारत, सम्राट विक्रमादित्य और अयोध्या
शिव पुराण, चौरासी महादेव, श्रीहनुमान एवं मध्यप्रदेश के पवित्र स्थलों की प्रदर्शनी

**पूर्वरंग** : सायं 6.30 बजे से
मध्यप्रदेश के लोक नृत्य

**स्वाद**
देशज व्यंजनों का मेला




**बाबा महाकाल के अनन्य सेवक**

# डॉ. मोहन यादव

**द्वारा बाबा विश्वनाथ को सादर समर्पित**

**भारत का समय - पृथ्वी का समय**

# विक्रमादित्य वैदिक घड़ी

**आप आदरपूर्वक आमंत्रित हैं।**

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

D-11001/26

आयोजक :
संस्कृति, पर्यटन, जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश शासन
महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, उज्जैन

सहयोग :
जिलाधिकारी वाराणसी
उत्तर प्रदेश सरकार

भोपाल
शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष -01
वर्ष : 13, अंक : 01
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **


मौसम
अधि. 36
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

13 क्लासेन के हरफनमौला खेल से सनराइजर्स....



विचार पेज
06 'भारत' में नक्सल मुक्त ....

haribhoomi.com

[1] तीन साल में तैयार हुई विशाल प्रतिमा

## 171 क्विंटल 'अष्टधातु' की 51 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

गुरुवार को प्रदेश में हनुमान जयंती पर विशेष धार्मिक आयोजन किए गए। इस मौके प्रदेशभर में शोभायात्राएं, भंडारे और पूजा पाठ दिनभर चलते रहे। ग्वालियर-रतलाम और छतरपुर में बड़े आयोजन किए गए।

**यह मूर्ति अयोध्या राम मंदिर से जुड़े एक धार्मिक संकल्प के तहत बनाई गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

हनुमान जन्मोत्सव पर छतरपुर में देश की पहली 51 फीट ऊंची अष्टधातु से निर्मित हनुमानजी की भव्य प्रतिमा का अनावरण श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। बाबा बागेश्वर सहित इस अवसर पर साधु-संतों की उपस्थिति ▶▶ शेष पेज 4 पर



[2] 5100 लड्डुओं का भोग लगाया गया

## रोकड़िया हनुमान जी महाराज का चांदी से किया गया श्रृंगार

**एक लाख रुपए की कीमत वाली चांदी की पोशाक पहनाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

ग्वालियर में रोकड़िया हनुमान महाराज के दर्शन के लिए दूर-दूर से भक्त आते हैं। गुरुवार को हनुमान जयंती पर श्रद्धालुओं ने उन्हे एक लाख रुपए की कीमत वाली चांदी की पोशाक पहनाकर उनका जन्मोत्सव मनाया। हस्त नक्षत्र और ध्रुव योग के शुभ संयोग में मनाए गए इस उत्सव में प्रसादी वितरण और भंडारे का भी आयोजन किया ▶▶ शेष पेज 4 पर



[3] सोने का वर्क और 60 ग्राम केसर का उपयोग

## रतलाम में सोने से सजाए गए संकटमोचन हनुमान

**शाम को यहां से शाही सवारी निकाली गई, फूलों से सजा गर्भग्रह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

हनुमान जयंती श्रद्धा, भक्ति भाव के साथ मनाई गई। शहर के प्रमुख बरबड़ हनुमान मंदिर, श्री मेहंदी कुई बालाजी मंदिर, धानमंडी स्थित श्री खेड़ापति हनुमान जी सोने के वर्क व 60 ग्राम केसर से श्रृंगार किया है। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत रोशनी व गर्भगृह को फूलों से सजाया गया। साहू बावड़ी स्थित हनुमान मंदिर, ऑफिसर ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी



### खबर संक्षेप

#### आयकर की नई वेबसाइट आसान होगा टैक्स भरना

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने करोड़ों टैक्सपेयर्स को बड़ी सौगात दी है। दरअसल, आयकर विभाग ने एक नई वेबसाइट शुरू की है। खास बात है कि इस साइट पर एआई असिस्टेंट 'कर साथी' लॉन्च किया गया है। इससे टैक्स भरना पहले के मुकाबले और आसान हो जाएगा। ऐसे में आम टैक्सपेयर्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट की मदद के बिना भी टैक्स प्लानिंग और कर से जुड़े सवालों के जवाब आसानी से पा सकते हैं।



#### हनी-बादशाह के विवादित गाने को हटाने का आदेश

**नई दिल्ली।** साल 2000 में रैपर, सिंगर हनी सिंह और बादशाह ने मिलकर एक गाना बनाया था, जो बाद में विवाद में घिर गया। दिल्ली हाईकोर्ट ने हर डिजिटल प्लेटफॉर्म से हटाने का आदेश दिया है। दोनों ने 'माफिया मुंडीर' नाम का एक ग्रुप बनाकर गाने लिखा करते थे। जिन्हें पसंद भी किया गया था। एक ऐसा गाना हनी और बादशाह ने बनाया, जिसके बोल बहुत ही अश्लील, अभद्र थे। इस गाने पर कई लोगों ने आपत्ति जताई थी।



#### शादी के जोड़े में फंदे पर लटके मिले दंपती के शव

**सागर।** जिले के रहली थाना क्षेत्र के ग्राम चांदपुर के मुठिया में एक दंपती ने फांसी लगाकर जान दे दी। पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है और लोग दहशत में हैं। राजेंद्र और काजल ने अपने ही सूने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या की। ग्रामीणों ने घटना की सूचना रहली थाना पुलिस को दी गई। इस सुसाइड केस में सबसे हैरान कर दिया। दोनों पति-पत्नी ने घटना के वक्त विवाह के शादी का जोड़ा पहने हुए थे।



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को दी बड़ी धमकी

## अगर ईरान नहीं माना तो उसे हम 'पाषाण युग' में धकेल देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान से कोई डील नहीं, उसे परमाणु शक्ति नहीं बनने देंगे

हम ईरान के तेल ठिकानों पर भी हमला कर सकते हैं

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय समयानुसार सुबह 6.30 बजे अपने देश को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि अमेरिका आने वाले दो से तीन हफ्तों में ईरान के खिलाफ अपने सैन्य अभियान को और तेज करेगा, भले ही पर्दे के पीछे बातचीत जारी हो। उन्होंने आगे कहा कि ईरान का तेल इंफ्रास्ट्रक्चर एक संभावित निशाना बना हुआ है और कहा कि ज़रूरत पड़ने पर अमेरिका उनके तेल ठिकानों पर हमला कर सकता है। 20 मिनट के संबोधन में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को होर्मुज़ मार्ग से तेल की ज़रूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि ईरान नहीं माना तो हम उस पर ऐसा हमला करेंगे कि उसे पाषाण युग में धकेल देंगे। इसके साथ ही, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि कूटनीतिक रास्ते खुले हुए हैं और बताया कि बातचीत जारी है, जबकि ▶▶ शेष पेज 4 पर


डोनाल्ड ट्रंप

ईरानी जनरल ने अमेरिका को दिया करारा जवाब

## हमारा 250 साल पुराना देश व 6 हजार वर्ष पुरानी सभ्यता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ट्रंप की ईरान को पाषाण युग में धकेल देने की धमकी का जवाब देते हुए एक ईरानी सैन्य कमांडर ने कहा कि अमेरिका अपने ही सैनिकों को उनकी कब्रों की ओर ले जा रहा है। उन्होंने कहा कि 250 साल का इतिहास रखने वाले किसी देश का 6,000 साल पुरानी सभ्यता को धमकी देना सिर्फ एक भ्रम है। ब्रिगेडियर जनरल सैयद माजिद मूसावी ईरान की आईआरजीसी की एयरोस्पेस फोर्स की कमान संभालते हैं। उन्होंने एक्स पर अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ की एक पोस्ट का जवाब में कहा कि यह आप ही हैं जो अपने सैनिकों को उनकी कब्रों की ओर ले जा रहे हैं, न कि ईरान, जिसे आप पाषाण युग में वापस खींचना चाहते हैं। हॉलीवुड के भ्रमों ने आपके दिमाग में जहर भर दिया है कि अपने महज 250 साल ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी


सैयद माजिद मूसावी

हॉलीवुड फिल्मों के भ्रमों ने ट्रंप के दिमाग में जहर भर दिया

मूसावी ने कहा-अमेरिका अपने सैनिकों को कब्रों की ओर ले जा रहा

### होर्मुज पर ब्रिटेन में 60 से अधिक देशों की बड़ी बैठक


कीर स्टार्मर

#### भारत से शामिल हुए विदेश सचिव मिसरी, कहा-हमने नाविक खोए, जल्द रुके तनाव

*इधर, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की पहल पर करीब 60 से अधिक देशों के विदेश मंत्रियों ने ऑनलाइन तरीके से होर्मुज संकट पर गुरुवार को चर्चा की। सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व विक्रम मिसरी ने किया और अध्यक्षता ब्रिटेन के विदेश मंत्री यवेट कूपर ने की। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य ईरान की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य की आंशिक नाकाबंदी के मद्देनजर सुरक्षित समुद्री परिवहन सुनिश्चित करना था। मिसरी ने वर्चुअल माध्यम से चर्चा में भाग लेते हुए क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय समुद्री परिवहन मार्गों की सुरक्षा पर नई दिल्ली का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने दुनियाभर के देशों के सामने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्तों पर जहाजों की बेरोकटोक आवाजाही हर देश का हक है। इससे कोई समझौता नहीं हो* ▶▶ शेष पेज 4 पर

**सुप्रीम कोर्ट नाराज:** गृह सचिव और डीजीपी से जवाब मांगा

## 7 ऑब्जर्वर को 9 घंटे तक बंधक बनाया, कोर्ट बोला कानून-व्यवस्था 'ढह' गई

कोर्ट ने कहा- हमें पता है उपद्रवी कौन हैं, इनका मकसद न्यायिक अधिकारियों का मनोबल गिराना और चुनावी प्रक्रिया को बाधित करना

ममता बेनर्जी बोलीं प्रशासन मेरे हाथ में नहीं है


आगजनी करके रास्ता बंद किया गया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता/नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एसआईआर से जुड़े 7 इलेक्शन ऑब्जर्वर को बंधक बनाए जाने की घटना पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा- उन्हें नौ घंटे बंधक बनाकर रखा। खाना-पानी तक नहीं मिला। यह घटना सोची-समझी और भड़काऊ लगती है। हमें पता है उपद्रवी कौन हैं, इनका मकसद न्यायिक अधिकारियों का मनोबल गिराना और चुनावी प्रक्रिया को बाधित करना है। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### घटना की जांच सीबीआई या एनआईए करे

मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत ने कहा कि यह घटना सुप्रीम कोर्ट के अधिकारों को चुनौती देने की एक सोची-समझी और उकसावे वाली कोशिश है और इसकी जांच सीबीआई या एनआईए जैसी किसी केंद्रीय एजेंसी से कराई जानी चाहिए। यह घटना न सिर्फ न्यायिक अधिकारियों को डराने की कोशिश है, बल्कि इस कोर्ट के अधिकारों को भी चुनौती देती है।

सीएम ममता ने कहा

## आयोग गृहमंत्री अमित शाह की सुनता है

*मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने गुरुवार को मुर्शिदाबाद जिले के सागर दिग्घी में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी। बेनर्जी ने कहा कि मुझे नहीं पता इसके लिए कौन जिम्मेदार है। किसी ने मुझे इस बात की जानकारी नहीं दी। प्रशासन मेरे हाथ में नहीं है। राज्य में कानून-व्यवस्था को चुनाव आयोग कंट्रोल कर रहा है और वो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बात सुनता है। उन्होंने कहा कि सब कुछ बदल दिया गया है। मेरी शक्तियां चुनाव आयोग को दे दी गई है। यह सुपर राष्ट्रपति शासन जैसा है। ममता बेनर्जी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग राज्य में कानून व्यवस्था को संभालने में पूरी तरह से विफल रहा है और मेरी सारी शक्तियां छीन ली गई हैं। उन्होंने कहा कि मुझे (बंधक बनाए गए अफसरों के बारे में) आधी रात में एक पत्रकार से इस बात की जानकारी मिली। उन्होंने एसआईआर एक्सरसाइज को लेकर असंतोष जताते हुए यह भी कहा कि वे समझती हैं कि लोग क्यों नाराज हैं।*


ममता बेनर्जी

संजय पाठक पर कोर्ट सख्त

### जज से संपर्क की कोशिश केस में अवमानना का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

अवैध उत्खनन से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रहे हाईकोर्ट जज से सीधे संपर्क करने के प्रयास के आरोप में भाजपा विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री संजय पाठक की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की युगलपीठ ने उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना का प्रकरण दर्ज करने ▶▶ शेष पेज 4 पर


■ अवैध उत्खनन से जुड़ी है याचिका

अधेड़ ने 13 वर्षीय बच्ची को छेड़ा

### बवाल...पुलिस पर 'पथराव' दागने पड़े आंसू गैस के गोले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नीमच

मनासा थाना क्षेत्र में 13 साल की मासूम के साथ छेड़छाड़ की घटना के बाद भारी तनाव हो गया। आरोपी अब्दुल रहमान (55) की गिरफ्तारी के बाद ग्रामीणों और हिंदू संगठनों ने उसके घर को ढहाने की मांग को लेकर उग्र प्रदर्शन किया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए ▶▶ शेष पेज 4 पर


■ बच्ची को 50 रुपए देकर चुप कराने की कोशिश

अशोक मित्तल ने ली जगह

### आप ने चड्ढा को राज्यसभा के डिप्टी लीडर पद से हटाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी में राघव चड्ढा और पार्टी हाईकमान के बीच बढ़ती दरार अब सार्वजनिक रूप से सामने आ गई है। गुरुवार को पार्टी ने राघव चड्ढा को राज्यसभा में अपना डिप्टी लीडर पद से हटा दिया और उनकी जगह पंजाब से सांसद अशोक मित्तल को यह ▶▶ शेष पेज 4 पर


■ पार्टी लाइन का पालन नहीं किया

हवाई यात्रियों को लगा झटका!

### 60% फ्री सीट वाले आदेश पर सरकार ने लगाई रोक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने फ्लाइट यात्रियों को राहत देने के लिए गया फैसला फिलहाल टाल दिया है। सरकार ने हर उड़ान में कम से कम 60 फीसदी सीटें मुफ्त देने के आदेश को अगले निर्देश तक स्थगित कर दिया है। हालांकि, नागरिक उड्डयन मंत्रायल ने कहा है कि यात्रियों से जुड़ी अन्य सुविधाओं ▶▶ शेष पेज 4 पर


■ एयरलाइन्स के विरोध के बाद लिया फैसला

रॉकेट लॉन्चर हमले में भी आया था नाम

व्यापारी के घर फायरिंग की बात कबूली

## कुख्यात अपराधी लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे ने नागदा में किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

नागदा में कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग के एक गुर्गे ने गुरुवार को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आरोपी की पहचान राजपाल के रूप में हुई है और उसने अपने गांव रत्यखेड़ी में सरेंडर किया। पुलिस के सामने पेश होने से पहले उसने मीडिया से बात की और खरगोन के एक


राजपाल (आरोपी)



व्यापारी दिलीप सिंह राठौड़ के घर पर फायरिंग करवाने की बात कबूल ली। राजपाल का कहना है कि जिस व्यापारी दिलीप राठौड़ के घर गोली चलवाई गई थी, वह छोटी बच्चियों पर गलत नजर रखता है और किसानों के साथ अत्याचार करता है। इसी वजह से उसे सबक सिखाने के लिए यह वारदात कराई गई। नागदा के रत्यखेड़ी गांव में गुरुवार दोपहर राजपाल ने सरेंडर किया। सरेंडर से पहले घर के बाहर खड़े होकर उसने बताया कि पहले मेरे साथियों ने व्यापारी पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हुए। इसके बाद हैरी बॉक्सर नाम के साथी के जरिए इस वारदात को अंजाम दिया गया। राजपाल का नाम पंजाब के मोहाली स्थित पुलिस ▶▶ शेष पेज 4 पर

### शुक्रवार से शनिवार के बीच डेढ़ दर्जन जिलों में आंधी- बारिश के साथ ओले गिरने का अनुमान

भोपाल में दो दिन में 5.6 मिमी बारिश, देर रात तेज धूल भरी आंधी चली

## अब दो दिन ओले-बारिश फिर दो दिन आंधी-बौछारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मौसम की करवट से बारिश, आंधी और ओले का दौर जारी है। शहर मं गुरुवार रात 11:30 बजे तेज धूल भरी आंधी चली। इसके साथ शहर के कई हिस्से में बिजली गुल हो गई। अगले दो दिन करीब डेढ़ दर्जन जिलों में आंधी-बारिश के साथ ओले गिरेंगे। इससे खेत में खड़ी और कटी फसलों को नुकसान हो सकता है। इसके बाद दो दिन आंधी और हल्की बारिश का दौर रहेगा। अधिकांश जिलों में चार दिन में अधिकतम तापमान में भी घट-बढ़ रहेगी, इससे दिन में गर्मी के साथ उमस भी बढ़ेगी। सोमवार से ▶▶ शेष पेज 4 पर


राजधानी की बड़ी झील, शाम 6 :52 बजे का दृश्य

#### आज यहां ओले गिरेंगे

बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, धार, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी में ओले गिरेंगे। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, झाबुआ, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, मंडला, बालाघाट, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर, पांढुर्णा में बारिश होगी।

#### कल शिवपुरी व दतिया में ओले

शिवपुरी, दतिया, श्योपुरकलां, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी और भिंड में ओले गिरेंगे। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, गुना, अशोकनगर, ग्वालियर, अनूपपुर, डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा में आंधी के साथ बारिश होगी।

# हनुमान प्राकट्योत्सवः मंदिरों में पूजा कर केसरी नंदन को चढ़ाया चोला, मंदिरों में गूंजा सुंदरकांड व हनुमान चालीसा

## भक्तों ने सुख-समृद्धि के लिए लगाई अर्जी, राजधानी में 350 से अधिक जगहों पर हुए भंडारे, पौने तीन लाख लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद



छोला रोड क्षेत्र में निकला चल समारोह।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी में गुरुवार को मंदिरों में हनुमान जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। हनुमान जन्मोत्सव पर भोपाल शहर में चारों ओर श्रद्धा और उत्साह व उमंग देखने को मिल रहा था। समूचा शहर भक्तिमय दिखाई दे रहा था। एक तरफ जहां मंदिरों को फूलों से सजाया गया। दिन भर धार्मिक अनुष्ठान का दौर चलता रहा। मंदिरों व घरों में पूरे दिन पूजा पाठ सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ हुए। इसी तरह 25 से अधिक जगहों पर शोभायात्रा और प्रभात फेरिया निकाली गई। राम मंदिर गुरबख्श की तलैया, छोला, न्यू मार्केट और गुफा मंदिर सहित कई मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। हनुमान जी को चोला व प्रसाद चढ़ाने के लिए कड़ी धूप में भी भक्त कतारों में लगे नजर आए। तो राजधानी में हर 6 से 7 किमी पर एक भंडारा यानी करीब 350 जगहों पर भंडारे के आयोजन किए गई। जहां करीब पौने तीन लाख लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



भजन गातीं महिलाएं।

हनुमान जयंती पर सुबह से ही भोपाल के हनुमान मंदिरों की साफ सफाई करके फूलों से सजाया गया। सुबह पूजा-अर्चना, सिंदूर से अभिषेक और हनुमान चालीसा-सुंदरकांड का पाठ किया गया। कुछ जगहों पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। तो वहीं घर-घर में हनुमान चालीसा पाठ व सुंदरकांड की गूंज सुनाई दी। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार चैत्र मास पूर्णिमा गुरुवार को रामभक्त हनुमान का प्रकटोत्सव ध्रुव, शिव वास, हस्त और चित्रा नक्षत्र में में मनाया गया।

### गुफा मंदिर में हुआ सहस्त्रधारा अभिषेक



गुफा मंदिर में वैदिक ब्राह्मणों द्वारा श्री हनुमान जी का सहस्त्रधारा अभिषेक सिंदूर चोला अर्पण कर पूजन की गई। अंखड श्री रामचरितमानस पाठ किया गया। इसके बाद श्री बूढ़े हनुमान महाराज जी की महाआरती की गई। इसके बाद सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ हुआ तथा प्रसादी वितरण किया गया। इस मौके पर राजधानी के गणमान्य लोग मौजूद थे।

### हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की



भंडारे का आयोजन।

शीतला माता मंदिर टीला जमालपुरा मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी विष्णुकांत जोशी के मार्गदर्शन में संगीतमय सुंदरकांड व शाम सात बजे से आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी श्रीहरि जोशी ने हनुमान जी की प्राचीन मूर्ति है। इस मौके पर दरबार को सजाया कर दीप प्रज्जवलित किए गए। साथ ही दीपमलिका रंगोली सजाई गई। इस मौके पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

### हनुमान भक्त पहलवानों ने निकाला चल समारोह

श्री हिंदू अखाड़ा महासंघ भोपाल ने अपनी परंपरा अनुसार भवानी चौक सोमवारा से डी जे ढोल के साथ चल समारोह निकला। श्री राम,सीता व भाई लक्ष्मण व हनुमान जी की लीलाओं को दशार्ती झांकियों के साथ चल समारोह प्रारंभ हुआ। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चे व बालिका आदि लोग भगवान को भेष धारण कर शोभायात्रा में चल रहे थे। चल समारोह लखेरापुरा चौक इतवारा, मंगलवार,घोड़ा नक्कास बस स्टैंड से झोला मंदिर में चल समारोह का समापन हुआ। चलसमारोह का मुख्य आकर्षण श्री हनुमान जन्मोत्सव की झांकी, विशाल हनुमान जी की झांकी रही। इस दौरान कलाकार ने हनुमान जी का वेश धारण कर चल समारोह की शोभा बढ़ा रहे थे ।



सीएम को गदा भेंट करते मंत्री सारंग।

### प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

## खेड़ापति हनुमान मंदिर में राम भक्त के दर्शन करने पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव, शीश झुकाकर की अर्चना



दर्शन करते सीएम।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

हनुमान जयंती पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के छोला क्षेत्र में जन आस्था के केंद्र प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचकर हनुमान जन्मोत्सव में हिस्सा लिया। सीएम ने मंदिर में पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंत्री विश्वास सारंग ने अंगवस्त्रम से स्वागत किया और गदा भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं को भी हनुमान जयंती की बधाई और मंगलकामनाएं दीं। मंदिर परिसर में भंडारे और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी हुआ।

### स्टेट हैंगर परिसर स्थित हनुमान मंदिर में की पूजा

सीएम डॉ. यादव ने स्टेट हैंगर में स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हनुमान मंदिर परिसर में उपस्थित अन्य श्रद्धालुओं को भी हनुमान जयंती की बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को श्री हनुमान प्राकट्योत्सव की मंगलकामनाएं और बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कामना की है कि हनुमान जी की कृपा सब पर बनी रहे, उनके आशीर्वाद से सबको सद्बुद्धि-यश और कीर्ति प्राप्त हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रार्थना की है कि पवन पुत्र बजरंगबली सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें।

### बरखेड़ा में सुंदरकांड पाठ का आयोजन



चल समारोह में आकर्षण का केन्द्र रही गदा।

बरखेड़ा भेल कृष्णा मंदिर विजय मार्केट में हनुमान जयंती पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। भोजपाल मेला महोत्सव समिति के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि हनुमान के जन्मोत्सव पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से भंडारे का आयोजन किया गया।

### दादाजी धाम मंदिर में सवामन लड्डुओं का लगाया भोग



करतब दिखाता श्रद्धालु।

राजधानी के रायसेन रोड के पास पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर मे इस वर्ष भी सूर्योदय के समय हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सुबह हनुमान जी का अभिषेक पूजन के के बाद सवामन लड्डुओं एवं फल का भोग लगाया गया। साथ ही सुंदरकांड, हनुमान चालीसा एवं भजन किया गया।

### हनुमान लला का विशेष श्रृंगार



रायसेन रोड पर आदमपुर छावनी के पास ग्राम चोर सागोनी के नजदीक स्थित श्री हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। हनुमान लला का सिंदूर, चमेली का तेल और फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। इस दौरान हनुमान चालीसा और सुंदरकांड पाठ आयोजन के साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया।

### शोभायात्रा में शामिल हुए दस हजार से अधिक लोग



चल समारोह।

हनुमान जयंती पर तलैया इलाके से शोभायात्रा शुरू की गई। सबसे पहले यहां पर हनुमान जी की पूजा की। जिसके बाद शोभा यात्रा प्रारंभ हुई। छोटे-छोटे बच्चे व बालिका आदि लोग भगवान को भेष धारण कर शोभायात्रा में चल रहे थे। इस दौरान भगवान हनुमान जी की एक बड़ी मूर्ति को रथ पर सवार किया गया। यहां हनुमान भक्त श्रद्धालु जय श्रीराम के जयकारे लगा रहे हैं। शोभायात्रा में शामिल होने के लिए शहर के विभिन्न इलाकों से हजारों की संख्या में हनुमान भक्तों का जत्था पहुंचा।

## हनुमान जयंती के मौके पर ट्रेनी आरक्षकों ने पढ़ा हनुमान चालीसा



ट्रेनी आरक्षक।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

हनुमान जयंती पर भौंरी स्थित मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी के पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। ट्रेनिंग ले रहे नव आरक्षकों ने ग्राउंड में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। नजारा अद्भुत और दिव्य हो गया जब 521 आरक्षकों ने एक साथ हनुमान चालीसा पढ़ना शुरू किया। हनुमान चालीसा पढ़ने वाले नव आरक्षकों में बड़ी संख्या में महिला नव आरक्षक शामिल रहीं। हनुमान चालीसा का पाठ पढ़ाने के बाद नव आरक्षकों ने कहा कि उन्हें पुलिस ट्रेनिंग में बताया जाता है कि हनुमान चालीसा पढ़ने से साहस और आत्मबल का ज्ञान प्राप्त होता है, जिसका लाभ उन्हें आगे पुलिसिंग में चलकर मिलेगा। इसके अलावा हनुमान चालीसा पढ़ने से मन को शांति और सुकून भी मिलती है जिससे उनका स्ट्रेस भी कम होता है। रोजाना नव आरक्षक शाम को गीता का एक चैप्टर का भी अध्ययन करते हैं जिससे उनके जीवन में ऊर्जा का संचार होता है। बता दें कि एडीजी (प्रशिक्षण) राजाबाबू सिंह ने नव आरक्षकों को गीता पढ़ने की पहल की शुरुआत की थी।

**आरक्षक बोले- पुलिस ट्रेनिंग में मिल रहा आध्यात्म और धर्म का ज्ञान**

### गौरीशंकर कौशल परिसर में मनाया हनुमान जन्मोत्सव

हनुमान जयंती के अवसर पर पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए भंडारे का आयोजन किया गया। गौरीशंकर कौशल विकास परिसर बर्रई कटारा हिल्स में हजारों लोग भंडारे में शामिल हुए। इस दौरान यहां के पर्यावरण प्रेमी रहवासियों ने पर्यावरण की रक्षा करते हुए यहां भंडारा किया। जिसमें प्लास्टिक के डिस्पोजल सामग्री का यूज नहीं किया गया। सभी लोगों ने घर-परिवार में होने वाले आयोजन में डिस्पोजल सामग्रीय का यूज नहीं करने का संकल्प लिया।



## हनुमान मंदिर में किया प्रसाद का वितरण



प्रसाद वितरण।

**भोपाल।** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर संगठन सर्वजन न्याय मंच द्वारा सेकंड स्टॉप स्थित हनुमानजी के मंदिर में प्रसाद वितरण किया गया वितरण कार्यक्रम में संगठन के संयोजक अरुण पांडे, हरिनारायण रैकवार, प्रमोद चौबे कर्मचारी नेता, कामदगिरि द्विवेदी, देव कुमार, मनोज दुबे, देवेंद्र राजपूत आदि मौजूद रहे।

## गुड फ्राइडे आज, ईसा मसीह के बलिदान की याद में झुकेंगे श्रद्धापूर्वक हजारों सिर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

शुक्रवार को ईसाई समुदाय द्वारा गुड फ्राइडे श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान ईसाई समाज लोग छलकी आंखों से प्रभु यीशु को याद करेंगे। ईसाई समाज ने शुक्रवार को त्याग और बलिदान का प्रतीक पर्व गुड फ्राइडे श्रद्धा से मनाएंगे। प्रभु यीशु से देश व प्रदेश की खुशहाली के लिएचर्चों में विशेष प्रार्थना करेंगे।

उल्लेखनीय है कि इसी दिन प्रभु ईसा मसीहा अपने भक्तों के लिए सूली पर चढ़े थे। मसीह ने विरोध और यातनाएं सहते हुए अपने प्राण त्याग दिए थे। उन्ही की आराधना और वचनों को याद करने के लिए गुड फ्राइडे मनाया जाता है। राजधानी में कई जगहों पर निकली क्रूस यात्रा कैथोलिक चर्चों में क्रूस यात्रा दोपहर तीन बजे निकाली जाएगी।

**राजधानी के चर्चों में होगी विशेष प्रार्थना सभाएं, निकली क्रूस यात्रा**

### प्रभु के अंतिम भोज का पर्व मनाया गया

शहर के ईसाई धर्मावलंबियों ने गुरुवार शाम को अपने-अपने गिरजाघरों में प्रभु के अंतिम भोज का पर्व मनाया, जिसे पवित्र गुरुवार भी कहा जाता है। यह पर्व मृत्यु से पहले ईसा मसीह द्वारा अपने शिष्यों के साथ किए गए अंतिम भोजन की स्मृति में मनाया जाता है। इस मौके पर भोपाल के आर्चबिशप दुरईराज ने जहांगीराबाद स्थित संत फ्रांसिस कैथेड्रल में प्रवचन में कहा कि ईसा मसीह, ईश्वर के पुत्र होते हुए भी, अपने स्वर्गीय पिता के बराबर होने की कामना नहीं करते थे, बल्कि वे केवल मानव सेवक बनना चाहते थे। उन्होंने प्रेम को एक नया अर्थ देते हुए अपने शिष्यों को एक-दूसरे के पैर धोने की शिक्षा दी। इस प्रकार, पवित्र गुरुवार यूखरिस्त और पुरोहिताई की स्थापना के साथ-साथ प्रेम और सेवा के महत्व को दशार्ने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है। महाधर्मप्रांत के जनसंपर्क अधिकारी फादर अल्फ्रेड डिसूजा ने कहा कि आज का दिन ईसाइयों के लिए आध्यात्मिकता का एक अभिन्न स्रोत है।

### खेड़ापति हनुमान मंदिर, न्यू मार्केट में भंडारे का आयोजन

## हनुमान जन्मोत्सव पर भजन संध्या के बीच स्वदेशी की बताई महत्ता



प्रार्थना करतीं स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

हनुमान जन्मोत्सव पर खेड़ापति हनुमान मंदिर, न्यू मार्केट में भजन संध्या का आयोजन किया गया। व्यापारी संघ की ओर से कार्यक्रम में उत्त्म व्यवस्था रही। भंडारे में प्रसाद वितरण किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में भोपाल विभाग के प्रमुख कमल गौड़ भी उपस्थित थे। इस अवसर पर स्वदेशी पत्रक वितरित कर जन-जागरण का कार्य किया गया तथा सभी से स्वदेशी अपनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया गया।



### हनुमानजी का जन्मोत्सव संस्कार और राष्ट्रभावना का प्रतीकः सीमा भारद्वाज



विशाल भंडारे का आयोजन।

आयोजन में मुख्य रूप से उपस्थित स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज ने कहा कि आप सभी हनुमानजी के जन्मोत्सव को जिस उत्साह, श्रद्धा और भक्ति के साथ मना रहे हैं, यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारे संस्कार और राष्ट्रभावना का प्रतीक है। इसलिए त्यौहारों पर स्वदेशी चिंतन और स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना भी सच्ची राष्ट्रभक्ति है। भारत को सशक्त और समृद्धिशाली बनाने के लिए श्रद्धालुओं से निवेदन है कि स्वदेशी अपनाएं, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दें और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026

9 भारत को परम वैभव तक पहुंचाने के लिए पंच से...



14 रानी कमलापति स्टेशन के सामने देर...





# भदभदा के पास दुकानें हटाने पर हंगामा, विरोध के बाद वापस लौटा निगम अमला

### कांग्रेस के पूर्व विधायक शर्मा ने मौके पर पहुंच कर लोगों के साथ किया कार्रवाई का विरोध



अतिक्रमण विरोधी अमले ने एक दुकान को खाली कर दिया था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भदभदा चौराहा की मस्जिद के पास बनी दुकानों को हटाने पहुंचे नगर निगम के अतिक्रमण अमले को विरोध का सामना करना पड़ा।

अमले ने एक दुकान खाली करा ली, तभी कांग्रेस नेता पीसी शर्मा मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कार्रवाई का विरोध किया। तब अमले को वापस लौटना पड़ा। यहां के अतिक्रमणों को हटाने एक साल पहले एनजीटी ने आदेश दिए थे। यहां से करीब 35 अतिक्रमणों को चिंहित किया गया है, जो एफटीएल के 50 मीटर दायरे में हैं। यहां बसे 24 परिवारों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए दावा किया कि यह वक्फ बोर्ड की जमीन है। उन्होंने न्यायालय में अपील करने की बात की थी। तब प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के लिए तीन महीने का समय दिया था।

## एमपी नगर में 90 कारों की जगह में 120 कारों की पार्किंग बनाएगा निगम, पटरी किनारे पार्किंग के एरिया पर सवाल

शहर में पार्किंग की दिक्कत को दूर करने के लिए नगर निगम ने शहर के एमपी नगर, बिट्टन मार्केट के मेट्रो प्लॉजा, न्यू मार्केट, चिरायु अस्पताल के पास, कमला नेहरु स्कूल और रॉयल मार्केट में नई पार्किंग बनाई जानी हैं। जिसको लेकर निगम ने मंजूरी भी दे दी है। इस प्रस्ताव में सबसे बड़ी पार्किंग चेतक ब्रिज के नीचे से गुजरने वाली पटरी के सड़क किनारे बनाई जाएगी। सात सौ मीटर लंबे एरिया में निगम ने 120 कार और 160 दो पहिया वाहन पार्क करने का प्लान तैयार किया है। हालांकि गुरुवार को जब हरिभूमि की टीम ने इस एरिया का जायजा लिया तो यहां 80 कार और करीब दो सौ दो पहिया वाहन यहां खड़े थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि यहां 120 कारें खड़ी करने की जगह ही नहीं है, ऐसे में निगम को वाहन क्षमता में बदलाव करना पड़ेगा।

शहर में वाहनों के बढ़ते दबाव को देखते हुए 6 मेट्रो स्टेशन और 8 सामान्य पार्किंग बनाई जानी हैं। एमपी नगर नगर जोन 2 स्थित रेल्वे ट्रैक से लगी रोड पार्किंग में 120 चार पहिया और 160 दो पहिया कुल 280 वाहनों की पार्किंग बनाने का प्रस्ताव बनाया गया है। फिलहाल इस सड़क पर अस्थायी पार्किंग है। वर्तमान में यहां कोचिंग और अन्य संस्थानों के वाहन पार्क किए जा रहे हैं।

**वर्तमान में जगह में 80 कार व 200 दो पहिया वाहन खड़े हो रहे**

**160 दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग की नहीं बचेगी जगह**



चेतक ब्रिज के नीचे पार्किंग में खड़े वाहन।

### न्यू मार्केट, रॉयल मार्केट में भी घटेगी संख्या

पड़ताल में सामने आया है कि प्रस्तावित पार्किंग की जगहों पर व्यवहारिक दिक्कत है। इसमें जिन स्थानों पर पर्याप्त जगह है, वहां प्रस्तावित पार्किंग बनाने में समस्या नहीं आएगी, लेकिन घनी आबादी वाले इलाकों में पार्किंग में वाहनों की संख्या घटाई जा सकती है।

### मेट्रो प्लाजा की पार्किंग से मिलेगी राहत

निगम ने बिट्टन मार्केट के पास मेट्रो प्लाजा पर भी पार्किंग प्रस्तावित की है। यहां पार्किंग बनाने के लिए पर्याप्त जगह है। पार्किंग बनने से बिट्टन मार्केट व अन्य भीड़ वाले क्षेत्रों में वाहन चालकों को राहत मिलेगी। मेट्रो प्लाजा पर 79 चार पहिया और 87 दो पहिया वाहनों की पार्किंग बनाने का प्रस्ताव है।

### प्रस्तावित पार्किंग की खमियों को लेकर सुझाव लेंगे

शहर में नए पार्किंग स्थल चयनित किए गए हैं। उन्हें लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सुझाव भी मांगे हैं। जहां कमियां हैं, उनको दूर किया जाएगा।

**मालती राय, महापौर नगर निगम**

### प्रस्तावित पार्किंग स्थल

| | |
|---|---|
| कमला नेहरू स्कूल पार्किंग | 20 चार पहिया |
| न्यू मार्केट व्यावसायिक क्षेत्र | 417 दो पहिया |
| चिरायु अस्पताल | 58 चार पहिया |
| रॉयल मार्केट | 160 कुल वाहन |
| मनीषा मार्केट शाहपुरा | 77 कुल वाहन |
| चरक हॉस्पिटल | 20 चार पहिया |

## खबर संक्षेप

### कीर्ति चौहान को मिला जनसंपर्क का प्रभार

**भोपाल।** निगम की राजस्व शाखा में सहायक आयुक्त की जिम्मेदारी संभाल रहीं कीर्ति चौहान को अब जनसंपर्क के साथ साथ डीजल टैंक और स्वास्थ के स्टोर का प्रभार भी सौंपा गया है। पिछले दिनों इन विभागों का प्रभार जीएडी के उपायुक्त चंचलेश गिरहारे को दिया गया था। उन्हें मुक्त कर दिया है।

### शराब दुकान के विरोध में किया भजन-कीर्तन

**भोपाल।** सेमरा स्थित शराब दुकान को लेकर एक साल बाद भी महिलाओं सहित रहवासियों का प्रदर्शन जारी है। नए ठेके होने के बाद लोगों को आशंका है कि इस बार भी यहीं पर शराब दुकान चलाई जाएगी, जिसको लेकर गुरुवार को स्थानीय लोगों सहित महिलाओं ने शराब दुकान के बाहर टेंट लगाकर भजन कीर्तन शुरू कर दिया। महिलाएं दोपहर बारह बजे से लेकर शाम पांच बजे तक यहां बैठी रहीं। रहवासियों का आरोप है कि पिछले एक साल से इस शराब दुकान को हटाने की मांग की जा रही है, लेकिन जिला प्रशासन के जिम्मेदार अफसर इसे यहां से नहीं हटा रहे।। शराब दुकान के विरोध में ईंट खेड़ी स्थित शराब दुकान को लेकर भी स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। रहवासियों ने प्रदर्शन के दौरान भोपाल विदिशा मार्ग भी जाम कर दिया, हालांकि, अफसरों की समझाइश के बाद रहवासी दुकान हटाने की मांग करते रहे।

### राज्य स्तर और जिला स्तर पर पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता पर प्रतिदिन होगा रिव्यू

# मुख्य सचिव ने कहा- जमाखोरी-कालाबाजारी की शिकायतों पर जल्द व सख्त कार्रवाई करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने पेट्रोलियम पदार्थों की सुगम उपलब्धता के लिए कलेक्टर्स से कहा कि वे प्रतिदिन मानीटरिंग करें। जमाखोरी के साथ कालाबाजारी की शिकायतों पर त्वरित तथा सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि समूचे मप्र में एलपीजी सहित अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता है। किसी तरह की कोई कमी नहीं है।

मुख्य सचिव जैन गुरूवार को मंत्रालय में वरिष्ठ अधिकारियों और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कलेक्टर्स के साथ जिलों में पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में तय किया गया कि राज्य स्तर और जिला स्तर पर पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता पर प्रतिदिन रिव्यू होगा। जैन ने पीएनजी लाइन वाले जिलों में अधिकाधिक घरेलू कलेक्शन देने के लिए संबंधित एजेंसियों को जिला प्रशासन से नियमित समन्वय करने के साथ ही कलेक्टर्स को निर्देश दिए हैं कि वे एजेंसियों को वर्क फोर्स उपलब्ध करवाएं। उपभोक्ताओं के बीच पीएनजी की विशेषताओं का प्रचार-प्रसार करें, जिससे अगले 3 महीने की समय-सीमा मे उन क्षेत्रों में अधिकतम घरों तक पाइप से गैस पहुंच सके।

**संपूर्ण प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता**

**मुख्य सचिव ने बैठक में कलेक्टर्स को दिए निर्देश**

### गड़बड़ी पर एजेंसियों के निलंबन की कार्रवाई की जाए



अधिकारियों से चर्चा करते सीएस जैन।

मुख्य सचिव जैन ने प्रदेश में एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि आवश्यक वस्तु अधिनियम के लागू करने के साथ भारी अर्थदंड और एजेंसियों पर आवश्यक होने पर निलंबन की कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि एजेंसियां कई बार मुनाफे के लिए कर्मियों से भी कालाबाजारी करवाती है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में अब तक 3029 गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं। 2759 छापे मारे गए हैं। दोषियों के विरूद्ध 11 एफआईआर भी दर्ज की गई हैं।

### वैकल्पिक ऊर्जा का उपयोग बढ़ाने प्रचार-प्रसार करें

*बैठक में पिछले एक माह में पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता और आपूर्ति की समीक्षा की गई। पेट्रोल पंप तथा गैस एजेंसियों पर अब लाइन आदि समाप्त होने के साथ पैनिक बुकिंग बंद होने पर संतोष व्यक्त किया गया। मुख्य सचिव जैन ने निर्देश दिए कि वैकल्पिक ऊर्जा का उपयोग बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। गैस की पर्याप्त उपलब्धता और निरंतर आपूर्ति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने घरों में पीएनजी कनेक्शन की समीक्षा की और निर्देश दिए कि पाइप लाइन की क्षमता अनुरूप घरेलू कनेक्शन करें। कनेक्शन जो बंद हो गए हैं, उन्हें भी पुनः प्रारंभ करें। उन्होंने इन एजेंसियों के लिए विभागों से 24 घंटे में अनापत्ति प्रमाण-पत्र आदि जारी करने के साथ ही कालोनियों में कनेक्शन के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए।*

**अफसरों ने कहा**

### प्रदेश में पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और ऑयल कंपनी के डिपो से निरंतर आपूर्ति जारी है। जिलों में गैस पाइपलाइन बिछाने के सभी आरओयू आवेदनों को आवेदन प्रस्तुत करने के 24 कार्यकारी घंटो के अंदर डीम्ड सीजीडी अनुमति प्रदान करने के आदेश अनुसार कार्रवाई की जा रही हैं। राज्य शासन को अतिरिक्त 10% एलपीजी आवंटन प्राप्त हो चुका है। 27 मार्च 2026 को भारत सरकार की ओर से कॉमर्शियल एलपीजी का अतिरिक्त 20% आवंटन उद्योग जैसे-स्टील, ऑटोमोबाईल, टेक्सटाइल, डाई, केमिकल्स, प्लास्टिक्स आदि के लिए किया गया है और उद्योगों को कॉमर्शियल गैस सप्लाई उक्त अनुसार की जा रही है। बैठक में बताया गया कि केंद्र सरकार की ओर से प्रदेश को केरोसीन आवंटन और एवं प्रत्येक जिले में 2 पेट्रोल पंपों का आंकलन प्रक्रियाधीन है। विभाग ने केरोसीन वितरण के निर्देश जारी किए हैं। केरोसीन का वितरण मांग के आधार पर होगा। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारी और आयल कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### निःशुल्क प्रवेश के लिए निकाली ऑनलाइन लॉटरी

## मध्य प्रदेश के 1 लाख 6 हजार 51 बच्चों को मिला निजी स्कूल, आरटीई के तहत आवंटित हुई सीटें



ऑनलाइन लॉटरी निकालते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश पाने के इच्छुक बच्चों के लिए गुरूवार का दिन विशेष रहा। गुरूवार को स्कूल शिक्षा केंद्र द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत ऑनलाइन लॉटरी निकाली गई, जिसमें एक लाख 6 हजार 51 बच्चों को उनकी पसंद के निजी स्कूलों में ही प्रवेश दिया गया। इनमें से 91 हजार 543 बच्चों को उनके द्वारा चयनित प्रथम वरीयता वाले स्कूलों में ही प्रवेश मिला है।

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने आरटीई के अंतर्गत वंचित समूह कमजोर वर्ग के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश के लिए लॉटरी निकाली।

### आज से 15 अप्रैल तक बच्चे प्रवेश ले सकेंगे

आरटीई के अंतर्गत इस वर्ष लॉटरी के लिए दस्तावेज सत्यापन के उपरांत 1 लाख 78 हजार 714 बच्चे पात्र हुए थे। जिनमें से 1 लाख 6 हजार 051 बच्चों को उनके द्वारा चयनित स्कूलों का आवंटन किया गया है। इनमें से 54 हजार 746 बालक एवं 51 हजार 305 बालिकाएं हैं। जिन्हे गुरुवार को ऑनलाइन लॉटरी में शामिल करते हुए रेंड़म पद्धति से स्कूल का आवंटन किया गया है। जिन बच्चों को स्कूल का आवंटन हुआ है, उन्हें उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भी सूचना दी जा रही है। बच्चे आवंटित स्कूलों में 3 अप्रैल से 15 अप्रैल तक जाकर प्रवेश ले सकेंगे।

### शेष रहे बच्चों को मिलेगा दूसरा अवसर

प्रथम चरण की लॉटरी में जिन बच्चों को किसी भी स्कूल में सीट आवंटन नही हुआ है उन्हें शासन द्वारा स्कूलवार रिक्त रहीं सीटों पर प्रवेश के लिए द्वितीय अवसर प्रदान किया जाएगा। इसके लिए द्वितीय चरण के आवेदन प्रारंभ होने पर वे आवेदक जिन्होंने प्रथम चरण में आवेदन किया हुआ है। पोर्टल पर प्रदर्शित स्कूलों में रिक्त सीट्स के अनुसार अपनी वरीयता की प्रविष्टि कर सकेंगे।

### सीधी भर्ती के विरोध में पीएमटीए का आंदोलन

## डॉक्टरों की चेतावनी, मांगें नहीं मानीं तो सोमवार से अस्पतालों की प्रभावित होंगी स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीधी भर्ती के विरोध में गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में दूसरे दिन गुरूवार को भी प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (पीएमटीए) का 'पेन डाउन' आंदोलन जारी रहा। समेत चिकित्सकों ने एक घंटे का कार्य बहिष्कार कर प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो सोमवार से आंदोलन और उग्र होगा, जिससे अस्पतालों की व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती है। गुरुवार को हमीदिया अस्पताल के ब्लॉक-2 पोर्च पर दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक सभी चिकित्सा शिक्षकों ने एकजुट होकर कार्य बहिष्कार किया।



### छह अप्रैल से कार्य बंद आंदोलन

पीएमटीए के अध्यक्ष डॉ. राकेश मालवीया व महासचिव डॉ. अविनाश ठाकुर ने बताया कि पीएमटीए ने गुरूवार को बैठक कर आगामी आंदोलन की भी घोषणा की है। चार अप्रैल को दो घंटे का कार्य बहिष्कार किया जाएगा और सभी चिकित्सक काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराएंगे। यदि इसके बाद भी समाधान नहीं निकला तो छह अप्रैल से अनिश्चितकालीन क्रमिक कार्य बंद आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने संबंधित प्राधिकरणों को नोटिस जारी किए

## एनजीटी में छोटे तालाब के किनारे मलबा डालकर आकार छोटा करने पर सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में गुरुवार को याचिकाकर्ता राशिद नूर खान बनाम कलेक्टर, भोपाल एवं अन्य के खिलाफ छोटे तालाब के मामले में लगाई याचिका पर सुनवाई हुई। एनजीटी में अधिवक्ता हर्षवर्धन तिवारी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। एनजीटी ने प्रस्तुत पर्यावरणीय मुद्दों का संज्ञान लेते हुए संबंधित प्राधिकरणों को नोटिस जारी कर उनके उत्तर एवं आवश्यक कार्रवाई की अपेक्षा की है। आवेदन में बताया गया है कि झील के आकार एवं प्राकृतिक क्षेत्रफल में निरंतर कमी है, जो अतिक्रमण, मलबा डालने तथा झील की प्राकृतिक सीमाओं के कृत्रिम परिवर्तन के कारण हो रही है। इन गतिविधियों से झील का जल फैलाव क्षेत्र घट रहा है, जिससे उसकी जल धारण क्षमता, भूजल पुनर्भरण तथा पारिस्थितिक संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस मामले में एनजीटी ने संबंधितों से जबाव तलब किया है।



बड़े तालाब किनारे डाला गया मलबा।

### पिछले साल के अनुमोदन के बाद वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पारित किया, बीते वर्ष के व्यय पर भी हुई चर्चा

# आरजीपीवी में आनन-फानन में 90 करोड़ से अधिक के घाटे का बजट पेश, साल भर ज्यादातर खर्चों पर रही रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में लंबे समय से ज्यादा खर्चों पर रोक लगी हुई है। वेतन के अलावा अन्य खरीद-फरोख्त पर भी निगरानी और रोक का बैरियर होने के बीच गुरुवार को विवि में घाटे का बजट पेश हो गया। विशेषकर बजट पारित करने को लेकर लिए बुलाई गई कार्यपरिषद में नए वित्तीय वर्ष का 90 करोड़ से अधिक के घाटे का बजट पेश हुआ।

वहीं, पिछले साल का भी अनुमानित 60 करोड़ से अधिक का घाटा दिखाया गया है। बैठक में पिछले साल के खर्चो पर भी लंबी चर्चा हुई। इसमें सदस्यों ने कई सवाल-जबाव किए। पिछले साल के बजट के अनुमोदन के बाद इस वित्तीय वर्ष का बजट पेश किया गया है।

**बजट स्वीकृति में देरी को लेकर विवि प्रशासन पर प्रश्न उठ रहे थे**

**विवि कर्मियों ने भी प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई**

### आरोपः कार्य परिषद के सदस्यों को बैठक का एजेंडा समय पर नहीं भेजा





बताया गया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट अब तक पारित नहीं हो सका था, जबकि पुराना वित्तीय वर्ष 31 मार्च को समाप्त हो चुका था। इसी को ध्यान में रखते हुए गुरुवार को आनन फानन में ईसी में बजट पेश किया गया। इसे एक तरह से बजट का अलोकेशन भी माना जा सकता है। इधर, बजट स्वीकृति में देरी को लेकर विवि का प्रशासन पर भी सवाल उठ रहे थे, जिसे लेकर गुरुवार को कार्य परिषद की बैठक बुलाई गई है, जिसमें बजट पारित किया गया। इस मामले में विवि के कर्मचारियों ने भी प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि संस्थान में पहले से ही कई अनियमितताएं और व्यवस्थागत खामियां बनी हुई हैं, इसके बावजूद मुख्य कार्यों को प्राथमिकता नहीं दी जा रही। कर्मचारियों का आरोप है कि समय पर बजट बैठक आयोजित नहीं करना प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। वहीं, कार्य परिषद के सदस्यों को बैठक का एजेंडा भी समय पर नहीं भेजा गया, जिससे असंतोष और बढ़ गया है। इस पूरे मामले को लेकर विवि प्रबंधन पर भी सवाल उठ रहे थे, जिससे गुरुवार को कार्यपरिषद में बजट पर चर्चा के बाद पारित कर दिया गया।

### ईसी सदस्य डॉ. चौहान ने कहा- बजट प्रस्ताव से सहमत नहीं

इधर, आरजीपीवी में बहुत समय के नोटिस पर बुलाई गई कार्यपरिषद को लेकर कार्यपरिषद के सदस्यों ने ही असहमति दर्ज कराई है। ईसी सदस्य डॉ. संगीता चौहान ने लिखित में आरजीपीवी के कुलगुरू प्रो. एससी चौबे को लिखे पत्र में कहा है कि विवि में ऑनलाइन मोड पर बुलाई गई कार्यपरिषद के लिए बहुत कम समय दिया गया है, जिससे कार्यपरिषद सदस्यों को संबंधित एजेंडे के अध्ययन का समय नहीं मिला है। बजट जैसे महत्वपूर्ण विषय पर समय के अभाव में कोई भी निर्णय लेना उचित एवं पारदर्शी प्रक्रिया के अनुरूप नहीं है। इस स्थिति में मैं प्रस्तुत बजट प्रस्तावों से अपनी असहमति दर्ज कराती हूं। ऑनलाइन बैठक में भी मैंने असहमति दर्ज करा दी है। इसलिए इस बैठक पुनः आयोजित की जाए और इसके लिए कम से कम 10 दिन का समय दिया जाए, ताकि सभी सदस्यों द्वारा विचारपूर्ण प्रभावी निर्णय लिया जा सके। उन्होंने कहा कि गुरूवार को ईसी में सदस्य ऑनलाइन जुड़े थे, उनके विचार तक नहीं सुने। जब तक कोई बोलता, इससे पहले ही विवि ने ऑनलाइन लिंक बंद कर दी गई। मेरे द्वारा दी गई इस असमति को ईसी मिनिट्स में दर्ज किया जाए।

**आरजीपीवी के कुलगुरु प्रो. चौबे को लिखा पत्र**

## खबर संक्षेप

### कोटक महिंद्रा में सूरज बने नए एमडी और सीईओ

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा प्राइम लिमिटेड ने सूरज राजप्पन को अपना नया प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नामित किया है। वे 1 जून 2026 से 3 साल के लिए कार्यभार संभालेंगे। राजप्पन, शाहरुख तोड़ीवाला की जगह लेंगे जो 31 मई 2026 को 30 से अधिक वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कंपनी एमडी और सीईओ, अशोक वासवानी ने कहाकि शाहरुख ने कोटक महिंद्रा प्राइम में संतुलित विकास, जोखिम अनुशासन और ग्राहक-केंद्रित सोच की एक मजबूत विरासत छोड़ी है।

### सैमसंग का बीस्पोक एआई एसी पेश

**गुरूग्राम।** सैमसंग ने भारत में 2026 के लिए अपनी बीस्पोक एआई विंडफ्री एयर कंडीशनर की नई रेंज पेश की है। ये 100 फीसदी एआई-सक्षम एसी एआई एनर्जी मोड के साथ 30 फीसदी तक बिजली बचाते हैं और 58सेल्सियस डिग्री तक के तापमान में भी प्रभावी कूलिंग प्रदान करते हैं। 32,990 से शुरू होने वाली इस रेंज में 19 से अधिक मॉडल हैं, वाई-फाई और सैमसंग स्मार्टथिंग्स एप के साथ ऐक्सा, बिक्सबी या गूगल होम के डिवाइस कमांड से कंट्रोल कर सकते हैं।

### ब्रांड डॉलर लहर में किया 'अकल्पनीय' ट्विस्ट

**कोलकाता।** डॉलर इंडस्ट्रीज ने अपने ब्रांड 'डॉलर लहर' के लिए गर्मियों के पहनावे में एक अनूठा और अकल्पनीय ट्विस्ट पेश किया है। कंपनी ने ब्रांड एबेसडर अभिनेता सैफ अली खान के साथ एक साइंस-फिक्शन थीम पर आधारित नया विज्ञापन अभियान लांच किया है। डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, विनोद कुमार गुप्ताने कहाकि सैफ अली खान के साथ हमारे जुड़ाव ने ब्रांड को एक नई ऊंचाई दी है। उनकी हाजिरजवाबी और साख पुरुष दर्शकों के बीच बहुत लोकप्रिय है।

### डेटॉल ने लांच किया अपना नया कैंपेन

**नई दिल्ली।** डेटॉल ने अप्रैल 2026 में अपना नया कैंपेन लांच किया है, जो मां की सुरक्षात्मक सहज प्रवृत्ति का जश्न मनाता है। यह अभियान डेटॉल एंटीसेप्टिक लिक्विड के माध्यम से परिवारों के साथ जुड़कर, उनकी अटूट सुरक्षा को उजागर करता है और अपनों की सुरक्षा का मजबूत सहारा का संदेश देता है। इस कैंपेन का लेखन और कांसेप्ट प्रसून जोशी द्वारा किया गया है। कंपनी के रीजनल डायरेक्टर गौरव जैन ने कहाकि हमारी जिम्मेदारी केवल उत्पाद उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है।

### डाबर ने पेश किया रियल एक्टिव फ्रूट ज्यूस

**नई दिल्ली।** नैचुरल हेल्थ एवं आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं के लिए रियल एक्टिव फ्रूट जूस पेश किया है, जो 'नो एडेड शुगर' (बिना अतिरिक्त चीनी) और 'नो प्रिजर्वेटिव' के वादे के साथ आता है। यह रेंज अपनी पौष्टिकता, फाइबर की अच्छाई और 100 फीसदी जूस के दावे के लिए जानी जाती है, जो पाचन, हृदय स्वास्थ्य और वजन प्रबंधन में सहायक है। रियल एक्टिव में 'रेसिस्टेंट माल्टोडेक्सट्रिन' नामक विशेष आहार फाइबर होता है, जो वजन को नियंत्रित करने में मदद करता है।

### सिग्निफाई ने किया धार्मिक स्थलों को रोशन

**नई दिल्ली।** लाइटिंग के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी, सिग्निफाई ने राम नवमी के पावन अवसर पर अयोध्या के कई प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को रोशन किया है। यह पहल श्रद्धालुओं को एक दिव्य और अलौकिक अनुभव प्रदान करने के लिए की गई है। कंपनी के मार्केटिंग प्रमुख निखिल गुप्ता ने कहाकि सिग्निफाई ने राम मंदिर, राम पथ और शहर के आठ प्रमुख धरोहर स्थलों को आधुनिक सजावटी स्ट्रीट लाइटों और लाइटों से सजाया है। सिग्निफाई लगातार बेहतर तकनीक और नए समाधान लाकर लोगों के अनुभव प्रदान कर रहे हैं।

## कृत्रिम शॉर्टेज, पुराने सौदे कैंसिल कर नए सौदे पर ही माल दे रहे मिलवाले

# प्लांटवालों ने सटोरियों के साथ मिलीभगत कर उत्पन्न की तेलों में 30 से 40 रुपए प्रति किलो की कृत्रिम तेजी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

वैश्विक स्तर पर चल रहे युद्ध की आड़ में खाद्य तेलों में फुल मुनाफाखोरी चल रही है। स्थानीय तेल जिंस बाजार में खाद्य तेलों के भाव में 30 से 40 रुपए किलो की तेजी है, जब इन बीज(सीड्स) के भाव अभी भी सामान्य या स्थिर है। बाजार जानकारों के अनुसार सटोरियों और प्लांटवालों ने मिली भगत कर खाद्य तेलों कृत्रित तेजी निर्मित कर रखी है।

बताया जा रहा है कि यूद्ध के बहाने प्लांट वालों ने सॉर्टेज उत्पन्न कर तेल कारोबारियों के पुराने सौदे कैंसिल कर रहे हैं और नए सौदे पर ही माल की सप्लाई दे रहे हैं। नए सौदे ऊंचे दाम पर किया जा रहा है। तेल कारोबारियों का कहना है कि वर्ष 2026 की शुरूआत में जो भाव सोयाबीन के थे वही कीमत आज भी 4500 से 5000 रुपए क्विंटल के बीच में ही उतार-चढ़ाव कर रही हैं। तो वहीं सरसों का भाव 5500 से 6000 रुपए क्विंटल के बीच है। लेकिन सोयातेल और सरसो तेल सहित अन्य खाद्य तेलों के भाव में तेजी का उबाल है, जो कि फुल मुनाफाखोरी का नतीजा है।

### फरवरी माह 2026 और अब के भाव



स्थानीय तेल ब्रोकर रमाकांत तिवारी ने बताया कि स्थानीय थोक तेज बाजार हनुमानगंज-जुमेराती और आजाद मार्केट में 15 फरवरी से 28 फरवरी 2026 के बीच सोयाबीन तेल 135 से 138 रुपए किलो था, लेकिन प्लांटवालों की मुनाफावसूली के चलते मौजूदा समय में सोयाबीन तेल 170 से 172 रुपए किलो के भाव बिक रहा है। इसी प्रकार 130 से 132 रुपए किलो वाला पाम तेल अभी 150 से 160 रुपए किलो के भाव है। 160 रुपए किलो का सनफ्लावर तेल 200 रुपए में, 155 से 160 रुपए का मूंगफली तेल 220 से 230 रुपए में, 150 से 155 रुपए किलो सरसो का तेल 180 से 190 रुपए में और 125 से 130 रुपए का राईस तेल 160 से 165 रुपए किलो के भाव पर बेचा जा रहा है।

### खाद्य तेलों की कृत्रिम तेजी पर सरकार से हस्तक्षेप की मांग

खाद्य का उपयोग करने वाले होटल-रेस्टोरेंट, नमकीन निर्माता सहित कारोबारी और उपभोक्ताओं ने खाद्य तेलों की कीमतों में कृत्रिम तेजी को लेकर सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। जानकारों का मानना है कि इस तेजी में जमाखोरी और अंतरराष्ट्रीय कारणों का मिश्रण है। सरकार से मांग की जा रही है कि वह स्टॉक सीमा तय करे और जमाखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। वहीं उद्योग जगत के जानकारों ने सरकार से पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी तेल पर आयात शुल्क को और कम करने की मांग की है ताकि सस्ती आपूर्ति बनी रहे।

### युद्ध का डर दिखाकर पुराने स्टॉक को भी ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा

उल्लेखनीय है कि सोयाबीन के किसान अभी भी अच्छी कीमतों की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन तेल मिलों ने सोयाबीन से बनने वाले तेल की कीमतें बढ़ा दी हैं। यह तेजी बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में हालिया गिरावट के बावजूद देखी जा रही है, जो संभावित मुनाफाखोरी की ओर इशारा करती है। जानकारों का मानना है कि स्टॉक मौजूद होने के बावजूद युद्ध का डर दिखाकर पुराने स्टॉक को भी ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है।

## सरकार और कंपनियों का यह कदम विदेशी मुद्रा की बचत करने के साथ प्रदूषण कम करेगा

# पंपवाले बोले-सरकारी डिपो से 2 महीने से पेट्रोल पंपों को सप्लाई हो रहा ई 20 पेट्रोल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भोपाल सहित प्रमुख शहरों में सरकारी डिपो से ई20 पेट्रोल की सप्लाई पिछले दो महीने से रही है जो आईओसीएल, एचपी और बीपीसीएल के पेट्रोल पंपों तक पहुंच रही है। जो मुख्य रूप से 2023-24 के बाद बनी गाड़ियों के लिए उपयुक्त है, लेकिन पुरानी गाड़ियों के माइलेज पर इसका असर पड़ेगा। मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने 1 अप्रैल 2026 से पूरे देश में बिकने वाले पेट्रोल को ई20 बनाने का आदेश दिया है। इसका मतलब है कि पेट्रोल में 20 फीसदी तक एथेनॉल मिलाया जाएगा और इसका न्यूनतम रिसर्च ऑक्टेन नंबर 95 होगा। यह फैसला तेल आयात कम करने, प्रदूषण घटाने और गन्ना व मक्का जैसी फसलों की मांग बढ़ाने के लिए लिया गया है। क्योंकि एथेनॉल इन्हीं फसलों से बनता है और यह पेट्रोल की तुलना में ज्यादा साफ जलता है। अजय सिंह के अनुसार पेट्रोलियम मंत्रालय ने 17 फरवरी की अधिसूचना में बताया कि केंद्र सरकार निर्देश देती है कि पेट्रोलियम कंपनियां राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में भारतीय मानक ब्यूरो के विनिर्देशों के अनुसार 20 प्रतिशत तक एथेनॉल के साथ मिश्रित मोटर स्पिरिट (पेट्रोल) की बिक्री करेंगी, जिसका न्यूनतम रिसर्च ऑक्टेन नंबर (रॉन) 95 होगा। यह कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि पहले 10 फीसदी एथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य समय से पहले ही हासिल कर लिया गया था।



अजय सिंह




### अब शुद्ध इथेनॉल से चलने वाले आ रहे ट्रैक्टर

अजय सिंह ने कहाकि ई 20 पेट्रोल के बाद अब सरकार फ्लेक्सी फ्यूल ईंधन से चलने वाले वाहन को भी भारत में चलाने की अनुमति दे दी है। सबसे पहले फ्लेक्सी फ्यूल (शुद्ध इथेनॉल) से चलने वाले ट्रैक्टर भारत में आ रहे हैं। ऐसे ईंधन से चलने वाले ट्रैक्टर किसानों द्वारा डीजल जो लगभग 92 रुपए लीटर की जगह 56 रुपए लीटर के इथेनॉल से चलेंगे। जिससे किसानों के फसल लागत में लगने वाले ईंधन की कीमत में 35 प्रतिशत की बचत होगी।

### *भोपाल, मप्र सहित पूरे भारत में ई20 पेट्रोल की बिक्री शुरू*

*1 अप्रैल 2026 से ई20 पेट्रोल (20 फीसदी इथेनॉल प्लस 80 फीसदी पेट्रोल) मानक ईंधन के रूप में लागू हो गया है। यह कदम पेट्रोलियम मंत्रालय की एथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम के तहत है, जिसका उद्देश्य विदेशी मुद्रा की बचत, प्रदूषण कम करना और उच्च गुणवत्ता वाला 95रॉन ईंधन प्रदान करना है। अब देश के सभी पेट्रोल पंपों पर ई20 पेट्रोल ही मुख्य मानक ईंधन के रूप में उपलब्ध होगा। नई गाड़ियां सुचारू रूप से चलेंगी।*

### 20 फीसदी एथेनॉल युक्त पेट्रोल से वायु गुणवत्ता में सुधार होगा



20 फीसदी एथेनॉल युक्त पेट्रोल (ई20) का उपयोग पारंपरिक ईंधन की तुलना में कम कार्बन मोनोऑक्साइड, हाइड्रोकार्बन और नाइट्रोजन ऑक्साइड उत्सर्जित करता है, जिससे वायु गुणवत्ता में सुधार होता है। इसके अलावा सरकार वाहन निर्माताओं को फ्लेक्स-ईंधन इंजन विकसित करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जो पूरी तरह से एथेनॉल पर चल सकते हैं।

**आरके बामोरिया,** पेट्रोल पंप संचालक

### रिलायंस पेट्रोल पंप पर काफी समय पहले ही से ई- 30 पेट्रोल की उपलब्धता



रिलायंस पेट्रोल पंप सहित भारत के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर 1 अप्रैल 2026 से ई20 पेट्रोल की आपूर्ति अनिवार्य रूप से शुरू हो गई है। हालांकि जिओ-बीपी ने सरकार की समय सीमा के अनुरूप काफी पहले ही 2023 से ई20 पेट्रोल के प्रारंभिक रोलआउट की घोषणा की थी। ई20 पेट्रोल से पुरानी गाड़ियों (बीएस3,बीएस4) के माइलेज में 10-15 फीसदी तक की कमी आ सकती है। लेकिन नई बीएस6 गाड़ियों पर इसका प्रभाव कम पड़ने का अनुमान है।

**समीर भार्गव, संचालक** रिलायंस पेट्रोप पंप

## प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप और पूर्ण कोटा सुनिश्चित करने की मांग

# होटल वालों को आदेश के बावजूद भी नहीं मिल रहा कमर्शियल सिलेंडर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतें 195 बढ़कर 2,084 प्रति सिलेंडर (19 किलो) हो गई हैं। युद्ध के कारण आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने से भोपाल में होटल, ढाबे और रेस्टोरेंट्स को कमर्शियल सिलेंडर मिलने में भारी किल्लत हो रही है। इस संकट के बीच 24 मार्च 2026 से आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन होटल संचालकों के मुताबिक मध्यदेश के 50 हजार से अधिक होटल, रेस्टोरेंट व्यवसाई सिलेंडर के भटक रहे हैं।

भोपाल होटल-रेस्टोरेंट व्यवसायी संघ के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने कहाकि आदेश मिलने के बावजूद ग्राउंड स्तर पर गैस एजेंसियों द्वारा सप्लाई में देरी की जा रही है, जिसके चलते कतारें लगी हुई हैं। मध्य प्रदेश सहित देश के कई हिस्सों में सरकारी आदेशों के बावजूद होटल-रेस्टोरेंट को कमर्शियल गैस सिलेंडर की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। कुछ स्थानों पर आपूर्ति शुरू की गई है, लेकिन मांग के मुकाबले काफी कम (जैसे 20 फीसदी तक) है, जिससे होटल मालिकों को 9 फीसदी की आवश्यकता के बावजूद सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि होटल संचालकों को मजबूरन मेनू छोटा करना पड़ा है और काम के घंटे कम करने पड़े हैं। कई होटल अब लकड़ी और तंदूर के भरोसे चल रहे हैं। होटल और रेस्टोरेंट संचालकों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप और पूर्ण कोटा सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं अन्य दूसरे व्यापारियों की ओर से इस संकट पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कहा जा रहा है कि कई होटल अपने ग्राहकों को केवल सूखा नाश्ता या सीमित भोजन ही उपलब्ध करा पा रहे हैं। दुकानदारों ने बताया कि गैस संकट के चलते कई छोटे रेस्तरां और ढाबे अस्थाई रूप से बंद हो गए हैं, जिससे उनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ा है।




# सोनालीका ने 1,80,504 ट्रैक्टरों की बिक्री की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष 2026 में 1,80,504 ट्रैक्टरों की अब तक सर्वाधिक कुल वार्षिक बिक्री दर्ज करके अपने 30वें वर्ष में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता कंपनी के अनुशासन, किसानों को प्राथमिकता देने के दृष्टिकोण और तकनीकी रूप से उन्नत, हैवी-ड्यूटी ट्रैक्टरों की आपूर्ति पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाती है।

कंपनी ज्वॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर रमन मित्तल ने कहाकि अपने 30वें वर्ष में, हमारा 'जीतने का दम' सचमुच साकार हुआ है, क्यूंकि हमने 1,80,504 ट्रैक्टरों की अब तक सर्वाधिक कुल वार्षिक बिक्री की ख़ास उपलब्धि हासिल की है। इस यात्रा को जो पहलु और भी खास बनाता है वह न केवल यह संख्या है, बल्कि इसके पीछे काम करने वाले लोगों की निरंतर मेहनत है। 50,000 ट्रैक्टरों से 1 लाख फिर 1.5 लाख और अब 1.8 लाख तक हम लगभग उन्हीं टीम और पार्टनर्स के साथ आगे बढ़े हैं और हमने न केवल विस्तार किया है, बल्कि साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं।




## बिजनेस न्यूज

### भोपाल में तीन लाख से अधिक व्यवसाय जस्टडायल पर रजिस्टर्ड

**भोपाल।** हेल्थकेयर, होम सर्विसेज एवं ट्रैवल में लगातार विकसित होते उद्यमों के साथ भोपाल में छोटे एवं मध्यम व्यवसाय डिजिटल डिस्कवरी प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कर मार्केट में अपनी मौजूदगी को सशक्त बना रहे हैं। भोपाल में 3 लाख से अधिक व्यवसाय जस्टडायल पर रजिस्टर्ड हैं, यह प्लेटफॉर्म स्थानीय उद्यमों को आज के प्रतिस्पर्धी एवं डिजिटल मार्केटप्लेस में आगे बढ़ने में मदद कर रहा है। उन्हें बेहतर विज़िबिलिटी, भरोसेमंद लीड्स और जरूरी सहयोग प्रदान कर व्यवसाय में बेहतर परिणाम हासिल करने में मदद कर रहा है। जस्टडायल ने भोपाल के कई व्यवसायों को विश्वसनीयता बनाने और विस्तार करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। ऐसे ही एक व्यवसायी डॉ राजेश सेक्सोलोजी क्लिनिक के संस्थापक डॉ राजेश मंघनानी, बताते हैं कि हम पिछले 5-6 सालां से जस्टडायल के साथ जुड़े हुए हैं। हमने बहुत छोटे लेवल से शुरूआत की, जब हमें लगा कि मरीज़ों को सही डॉक्टर के साथ जोड़ने के लिए इस तरह के प्लेटफॉर्म बेहद जरूरी हैं।

### स्कोडा ऑटो ने पहली तिमाही में की 20,028 यूनिट्स की बिक्री

**मुंबई ।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने 2026 में भी अपनी मजबूत विकास गति को जारी रखते हुए पहली तिमाही (जनवरी–मार्च) में 20,028 यूनिट्स की बिक्री के साथ अब तक की सबसे अधिक तिमाही बिक्री दर्ज की है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि में बेची गई 17,138 कारों की तुलना में 17 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। 2025 के ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी विकास गति को बनाए रखा है और लगातार नए रिकॉर्ड स्थापित कर रही है, जिससे भारतीय बाजार में इसकी पकड़ और मजबूत हो रही है। स्कोडा ऑटो इंडिया के प्रदर्शन को स्कोडा काइलाक की मजबूत और स्थिर मांग ने प्रमुख रूप से आगे बढ़कर 50,000 बिक्री का आंकड़ा पार किया है।



### ईसीएमएस विजन को आगे बढ़ाने के लिए अहमः अशोक चांडक

**भोपाल।** आईईएसए के प्रेसिडेंट अशोक चांडक ने कहाकि ईसीएमएस स्कीम की सफलता दर्शाती है कि भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में इरादे से अमल की ओर एक निर्णायक परिवर्तन आया है। लिथियम-आयन सैल और फ्लेक्सिबल पीसीबी से लेकर कनेक्टर और डिस्प्ले मॉड्यूल तक मंजूरियां 16 प्रोडक्ट सैगमेंटों में हैं और ये 8 राज्यों में फैले हुए हैं, जिसमें कर्नाटक और महाराष्ट्र प्रोजेक्ट की तदाद में सबसे आगे हैं। इन निवेशों से 14,000 से ज्यादा नौकरियां पैदा होने और 84,515 करोड़ रुपए का उत्पादन होने की उम्मीद है, जो इस स्कीम के तहत बन रहे मज़बूत मोमेंटम को दिखाता है। अशोक चांडक ने कहाकि मोटे तौर पर ईसीएमएस प्रोग्राम में 12 राज्यों से 23 उत्पाद श्रेणियों में 75 आवेदन आए हैं, जो पूरे देश में इंडस्ट्री की मजबूत भागीदारी को दिखाता है। 59,350 करोड़ रुपए के लक्षित निवेश के मुकाबले, मंजूरी पहले ही 61,671 करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है, जो नीतिगत ढांचे में इंडस्ट्री के मजबूत भरोसे को दिखाता है। इस स्कीम से रु. 4,51,858 करोड़ से ज्यादा का उत्पादन होने की उम्मीद है, जो 4,56,500 करोड़ रुपए के सकल लक्ष्य के करीब है, जबकि रोजगार का सृजन पहले ही अनुमानित 91,600 नौकरियों के मुकाबले 65,000 से ज्यादा नौकरियां दे चुका है।



### टाटा ने चौथी तिमाही में 201,368 यूनिट बिक्री का आंकड़ा पार किया

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने जनवरी-मार्च 2026 तिमाही में 201,368 यूनिट्स बेचीं, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में बेची गई 146,999 यूनिट्स की तुलना में अब तक की सबसे अधिक तिमाही बिक्री है। इस नतीजे के साथ कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 में 641,587 यूनिट्स बेचीं, जो वित्त वर्ष 2025 में बेची गई 556,263 यूनिट्स से 15 फीसदी अधिक है और कंपनी के इतिहास में सबसे अधिक वार्षिक बिक्री दर्ज की है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ शैलेश चंद्र ने कहा कि पीवी उद्योग की बिक्री इस वर्ष लगभग 47 लाख यूनिट के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचने की उम्मीद है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8 फीसदी की वृद्धि दर्शाती है। जीएसटी 2.0 के कार्यान्वयन और त्योहारी सीजन की शानदार बिक्री के कारण उद्योग ने दूसरी छमाही में दो अंकों की वृद्धि दर्ज करते हुए मजबूत वापसी की। पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकियों के प्रति ग्राहकों की प्राथमिकता को और बल मिला, सीएनजी की बिक्री में लगभग 20 फीसदी की वार्षिक वृद्धि हुई और इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री 200,000 यूनिट के आंकड़े को पार कर गई।

### एयरटेल आईपीटीवी के साथ अब बिना डिश एंटीना के आईपीएल 2026 देखने मिलेगा

**नई दिल्ली।** एयरटेल आईपीटीवी के साथ आईपीएल 2026 देखने का अनुभव पारंपरिक टीवी और ओटीटी का एक अनूठा मिश्रण है, जो मुख्य रूप से इंटरनेट पर आधारित है। यह बिना डिश एंटीना के सीधे हाई-स्पीड फाइबर इंटरनेट के जरिए काम करता है, जिससे छत पर तार या डिश लगाने की जरूरत नहीं होती। एयरटेल आईपीटीवी पर अब घर की सबसे बड़ी स्क्रीन पर 27 टॉप ओटीटी एप्स, 657 लाइव टीवी चैनल्स और एक विशाल ऑन-डिमांड लाइब्रेरी का आनंद लिया जा सकता है। जिसमें नए ओटीटी प्रीमियर और स्ट्रीमिंग व लाइव क्रिकेट के बीच आसानी से स्विच करने का तरीका शामिल है। आईपीटीवी सेवा के लिए एयरटेल फाइबर का सक्रिय कनेक्शन होना आवश्यक है। योजनाएं 699 रुपए से शुरू होती हैं।

### डब्लूयूडी में बिजनेस और टेक्नोलॉजी प्रोग्राम्स में प्रवेश शुरू

**नई दिल्ली।** बीच वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन (डब्लूयूडी) ने अकादमिक वर्ष 2026-27 के लिए अपने स्नातक और स्नातकोत्तर प्रोग्राम में प्रवेश लेना प्रारंभ किया है। प्रवेश डब्लूयूडी एप्टीट्यूड टेस्ट (डब्लूयूडीएटी) 2026 के जरिए लिया जाएगा जो 11 एवं 12 अप्रैल, 2026 को प्रस्तावित है। इसके बाद, छांटे गए उम्मीदवारों के लिए एक कैंपस इंटरव्यू होगा।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ (म.प्र.)

Email - cmoTikamgarh@mpurban.gov.in Phone-07683-245323

क्रमांक/1577/न.पा./निर्माण/2026 — **ई-निविदा आमंत्रण** — टीकमगढ़, दिनांक 31/3/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | ठेका लागत (लाख) में एवं कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_496358_1 01/04/2016 शाम 05:00 बजे से | वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर आदि उपकरणों का सुधार कार्य। | 500000.00 तक 31 मार्च 2027 | 2000 5000 | 20/04/2026 सायं 05:30 बजे तक |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन http://mptenders.gov.in ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

शर्तें :-

1. निविदा के संबंध में आवश्यक जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय की स्टोर शाखा में प्राप्त की जा सकती है।
2. धरोहर राशि राष्ट्रीय बैंक की एफ.डी. आर. के माध्यम से मु.न.पा.अधिकारी टीकमगढ़ के नाम से जारी होना चाहियें एवं म.प्र. भण्डार क्रय नियम मान्य किये जावेगे।
3. आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. द्वारा जारी ऑनलाईन निविदा निर्देशो एवं म.प्र. शासन नियमों का पालन करना होगा।
4. GST No - होना अनिवार्य है।
5. सामग्री की टूट-फूट एवं सामग्री गुम होने पर भुगतान निकाय द्वारा नही किया जावेगा।
7. दरे प्रति नग अनुसार मय भाडे एवं लेवर सहित प्रस्तुत करनी होगी दरे चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मान्य रहेगी।
8. बंधन युक्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
9. निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार कार्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।
10. सामग्री का आवश्यकतानुसार कार्यआदेश प्रदान किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद टीकमगढ**
**जिला-टीकमगढ़ (म.प्र)**

## कार्यालय नगर परिषद गैरतगंज जिला रायसेन, म.प्र.

E-mail ID: cmogairatganj@mpurban.gov.in

क्र./664/NP/2026/ — **// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //** — गैरतगंज दिनांक 02.04.2026

एतद् द्वारा लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अर्तगत सक्षम क्षेणी के पंजीकृत ठेकेदार / फर्म से अधोलिखित विवरण अनुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिनांक 08 नवम्बर 2025 से प्रचलित आई.एस.एस. आर Road and Bridge Works vol -1 के आधार पर कम/अधिक प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| निविदा क्रमांक | कार्य का नाम एवं विवरण | प्राक्कलन राशि (रू. में) | धरोहर राशि (रु. में) | निविदा फार्म का शुल्क | श्रेणी | कार्यावधि | निविदा क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 2026_UAD_496871_1 | वार्ड क. 01 में माधो सिंह के मकान से रविन्द्र ठाकुर के मकान से होते हुये सौरभ ठाकुर के मकान तक पेबर ब्लॉक रोड निर्माण कार्य। | 16,10,000/- | 12100/- | 2000 | New PWD Reg | 04 माह | Firts call |

शर्ते (1) निविदा प्रपत्र का मूल्य वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर भुगतान करने के उपरांत निविदा (टेंडस डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे ।
(2) ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 02.04.2026 से 02.05.2026 सायं 05:30 बजे तक कय किये जा सकते है।
(3) ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 02.05.2026 सायं 05:30 बजे तक है।
(4) अमानत राशि, सहित समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही मान्य की जायेंगे। निविदा दिनांक 04.05.2026 को 12:00 बजे से खोली जावेगी ।
(5) टेण्डर फार्म-ए में ठेकेदार को निम्नलिखित दस्तावेज जमा करना अनिवार्य होगा -
(अ) अमानत राशि (EMD)
(ब) निर्धारित शपथ पत्र (Affidavit) नवीन प्रारूप अनुसार
(स) लो.नि.वि. (PWD) का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र । (द) पेन नम्बर एवं जी.एस.टी. नं
(6) सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
(7) टेण्डर फार्म में अमानत राशि के साथ अन्य दस्तावेज जमा करना अनिवार्य होगा ।
(8) निविदा के समस्त अधिकार नगर परिषद गैरतगंज के पास सुरक्षित होगे ।
(9) निविदाकार को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग एवं शासन के समस्त नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा ।
(10) निविदा में जी.एस.टी छोड़कर समस्त करों की कटौती नियमानुसार की जावेगी एवं प्रत्येक देयक के साथ जी.एस.टी. का भुगतान तत समय प्रचलित दर से किया जावेगा।
(11) निविदा प्रपत्र अनुबंध का एक भाग होगा एवं ऐसी अन्य समस्त नियम एवं शर्ते तथा किसी भी विवाद की स्थिति में जो की उल्लेखित नह है के संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश / दिशा निर्देश अंतिम एवं मान्य होंगे।
(12) अतिरिक्त जानकारी वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर टेण्डर डाक्यूमेंट पर देखी जा सकती है या कार्यालय नगर परिषद गैरतगंज में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय पर प्राप्त की जा सकती है।
(13) निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में केवल ऑनलाईन संशोधन किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं ।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद गैरतगंज**

## चिंतन

# सुरक्षा के लिए चुनौती बने चीनी कैमरों पर सख्ती

देश की आंतरिक सुरक्षा में आज के समय में डिजिटल ढांचे की मजबूती बेहद जरूरी है। ऐसे समय में जब हर गली, चौराहे, सरकारी दफ्तर और संवेदनशील प्रतिष्ठानों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के भरोसे है, उन्हीं कैमरों के जरिए सुरक्षा में सेंध की आशंका गंभीर चिंता का विषय है। दिल्ली में लगे करीब 1.40 लाख चीनी सीसीटीवी कैमरों को हटाने का आदेश इसी खतरे की गंभीरता को रेखांकित करता है। दरअसल, तकनीक अब दोधारी तलवार बन चुकी है। एक ओर यह सुरक्षा का मजबूत कवच प्रदान करती है, तो दूसरी ओर अगर यही तकनीक बाहरी नियंत्रण में हो तो यह देश के लिए जासूसी का सबसे खतरनाक हथियार बन सकती है। चीन की कंपनियों द्वारा निर्मित कैमरों को लेकर लंबे समय से यह आशंका जताई जाती रही है कि इनके जरिए डेटा लीक या बैकडोर एक्सेस संभव है। इनके जरिये डेटा पाकिस्तान तक भेजा जा रहा है। हाल ही में हरियाणा, दिल्ली, यूपी और आसपास के क्षेत्रों से जुड़े पाकिस्तानी जासूसी रैकेट का खुलासा इस खतरे की वास्तविकता को सामने लाता है। अगर देश के भीतर लगे निगरानी उपकरण ही दुश्मन के हाथों में सूचना पहुंचाने का जरिया बन जाएं, तो यह केवल तकनीकी चूक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा में गंभीर खामी मानी जाएगी। यह मामला केवल एक शहर या एक राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि वैश्विक स्तर पर कई देशों ने पहले ही ऐसे उपकरणों पर प्रतिबंध या नियंत्रण लगा दिया है। अमेरिका, इजराइल जैसे देशों ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से विदेशी तकनीक के उपयोग में बेहद सतर्क नीति अपनाई है। भारत जैसे विशाल और संवेदनशील देश के लिए यह और भी जरूरी हो जाता है कि वह अपने डिजिटल संसाधनों को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाए। दिल्ली में पीडब्ल्यूडी द्वारा लगाए गए लाखों कैमरों में बड़ी संख्या एक ही चीनी कंपनी के होने का तथ्य यह भी दर्शाता है कि हमने लागत और सुविधा के नाम पर सुरक्षा से समझौता किया। सबसे बड़ा खतरा तथाकथित 'बैकडोर एक्सेस' का है। यदि किसी कंपनी के पास अपने उपकरणों पर दूर से नियंत्रण या डेटा तक पहुंच की क्षमता है तो वह किसी भी समय संवेदनशील जानकारी हासिल कर सकती है। यह खतरा केवल जासूसी तक सीमित नहीं, बल्कि साइबर हमलों और महत्वपूर्ण ढांचे को पंगु बनाने तक जा सकता है। ऐसे में सरकार द्वारा इन कैमरों को हटाने का निर्णय एक एहतियाती कदम ही नहीं, बल्कि अनिवार्य कार्रवाई है। जरूरी है कि इस फैसले को केवल राजनीतिक चश्मे से न देखा जाए। यह मुद्दा किसी एक पार्टी या सरकार का नहीं, बल्कि देश की सामूहिक सुरक्षा का है। पिछले वर्षों में तेजी से बढ़ते डिजिटलीकरण के साथ हमने विदेशी तकनीक पर जो निर्भरता बढ़ाई है, अब समय आ गया है कि उसकी समीक्षा की जाए। इससे स्पष्ट संदेश निकलता है कि सुरक्षा के मामले में आत्मनिर्भरता ही सबसे बड़ा समाधान है। 'मेक इन इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसे अभियानों को अब केवल नारे नहीं, बल्कि ठोस रणनीति के रूप में लागू करने की जरूरत है। सीसीटीवी कैमरे केवल निगरानी का साधन नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा की आंखें हैं। अगर इन आंखों पर किसी और का नियंत्रण होगा, तो खतरा केवल दिखाई देने वाला नहीं, बल्कि अदृश्य भी होगा। इसलिए चीनी कैमरों पर सख्ती केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की दिशा में उठाया गया एक जरूरी और समायोचित कदम है।

पंच परिवर्तन
डॉ. मारकंडे आहूजा



# पर्यावरणीय संरक्षण जरूरत नहीं, आध्यात्मिक कर्तव्य

आज पूरी दुनिया पर्यावरण संकट के दौर से गुजर रही है। जलवायु परिवर्तन, जंगलों की अंधाधुंध कटाई, नदियों का प्रदूषण और बढ़ता तापमान मानव सभ्यता के सामने गंभीर चुनौती बन चुके हैं। वैज्ञानिक समाधान आवश्यक हैं परन्तु केवल तकनीकी उपाय पर्याप्त नहीं हैं। जब तक मनुष्य की सोच और जीवनशैली प्रकृति के अनुरूप नहीं होगी, तब तक स्थायी समाधान संभव नहीं। भारतीय संस्कृति में प्रकृति को केवल संसाधन नहीं, बल्कि माता के रूप में देखा गया है। यही कारण है कि यहां पृथ्वी, नदियों, पर्वतों और वृक्षों के प्रति श्रद्धा का भाव रहा है। इसी सांस्कृतिक दृष्टि को पुनर्जीवित करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने समाज जीवन में "पंच परिवर्तन" का आह्वान किया है जिनमें समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य और पर्यावरण संरक्षण शामिल हैं। इनमें पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान ही नहीं बल्कि जीवन की संस्कृति है। भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण प्रकृति को अपनी ही अभिव्यक्ति बताते हुए कहते हैं," भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनो बुद्धिरेव च। अहंकार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा॥" (गीता 7.4) अर्थात पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश, ये सभी मेरी प्रकृति के रूप हैं। यह श्लोक हमें बताता है कि प्रकृति के प्रत्येक तत्व में दिव्यता निहित है, इसलिए उनका संरक्षण केवल पर्यावरणीय आवश्यकता ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक कर्तव्य भी है। गीता में प्रकृति के संतुलन का एक महत्वपूर्ण सूत्र यज्ञ की अवधारणा के माध्यम से दिया गया है,"अन्नाद् भवन्ति भूतानि पर्जन्याद् अन्नसम्भवः। यज्ञाद् भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः॥" (3.14) अर्थात सभी प्राणी अन्न से उत्पन्न होते हैं, अन्न वर्षा से पैदा होता है और वर्षा यज्ञ से होती है। यहां "यज्ञ" का अर्थ केवल अग्नि में आहुति देना नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलित और कृतज्ञ जीवन जीना है। भारतीय परंपरा में प्रकृति के प्रति करुणा और संवेदनशीलता के अनेक प्रेरक प्रसंग मिलते हैं। संत एकनाथ की एक प्रसिद्ध कथा इसका सुंदर उदाहरण है। कहा जाता है कि वे काशी से कांवड़ में गंगाजल लेकर रामेश्वरम जा रहे थे ताकि भगवान शिव का अभिषेक कर सकें। मार्ग में उन्हें एक प्यासा गधा दिखाई दिया जो पानी के अभाव में तड़प रहा था। संत एकनाथ ने बिना क्षण भर सोचे अपनी कांवड़ का गंगाजल उसी गधे को पिला दिया। लोगों ने आश्चर्य से पूछा-"यह जल तो भगवान के अभिषेक के लिए था, आपने इसे एक पशु को क्यों दे दिया?" संत एकनाथ ने शांत स्वर में उत्तर दिया, "जिस भगवान के लिए मैं यह जल ले जा रहा था, वही तो इस प्यासे जीव में भी विराजमान हैं।" यह कथा हमें बताती है कि प्रकृति और जीव-जगत के प्रति करुणा ही सच्ची भक्ति है। इसी प्रकार श्रीकृष्ण और गोवर्धन पर्वत की कथा भी प्रकृति के सम्मान का संदेश देती है। ब्रज में लोग इन्द्र की पूजा करते थे, परंतु श्रीकृष्ण ने समझाया कि हमें उस प्रकृति का सम्मान करना चाहिए जो हमें प्रत्यक्ष जीवन देती है जैसे गो, पर्वत, वन और जल। कृष्ण के कहने पर ब्रजवासियों ने गोवर्धन पर्वत की पूजा की। इससे क्रोधित होकर इन्द्र ने भयंकर वर्षा कर दी, परंतु श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर पूरे ब्रज की रक्षा की। यह कथा बताती है कि प्रकृति का सम्मान ही सच्ची पूजा है। गीता भी हमें इसी समदृष्टि की शिक्षा देती है, "विद्या-विनय-सम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि। शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः॥" (5.18) अर्थात् ज्ञानी व्यक्ति, ब्राह्मण, गाय, हाथी, कुत्ते और चांडाल सबमें एक ही आत्मा का दर्शन करता है। जब मनुष्य इस समदृष्टि को समझ लेता है, तब वह प्रकृति और जीव-जगत का शोषण नहीं करता, बल्कि संरक्षण करता है।

आज आवश्यकता है कि हम गीता के इस संदेश को केवल ग्रंथों तक सीमित न रखें, बल्कि अपने दैनिक जीवन में उतारें। जल बचाना, वृक्ष लगाना, प्लास्टिक का कम उपयोग करना और प्रकृति के प्रति संवेदनशील होना, ये छोटे-छोटे कदम बड़े परिवर्तन का आधार बन सकते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पंच परिवर्तन इसी दिशा में समाज को प्रेरित करता है कि प्रत्येक नागरिक प्रकृति के संरक्षण को अपना व्यक्तिगत कर्तव्य माने। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद कहते हैं कि गीता का संदेश स्पष्ट है ; मनुष्य प्रकृति का स्वामी नहीं बल्कि उसका संरक्षक है। जब हम प्रकृति के साथ संतुलित जीवन जीते हैं, तब केवल पर्यावरण ही नहीं बचता बल्कि मानव सभ्यता का भविष्य भी सुरक्षित रहता है। आज के पर्यावरण संकट के युग में भगवद्गीता का यह शाश्वत संदेश पहले से भी अधिक प्रासंगिक हो गया है, "प्रकृति के साथ समरसता ही मानव जीवन की सच्ची प्रगति है।"

( लेखक जीओ गीता के उपाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# 'भारत' में नक्सल मुक्त नया 'बस्तर' शाह के संकल्पों का परिणाम



विचार
ओपी चौधरी

बस्तर में हुई शहादतों को सच्ची श्रद्धांजलि मिली 31 मार्च 2026 को 31 मार्च 2026 का दिन बस्तर के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया। वह दिन जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा निर्धारित समय-सीमा पूरी हुई और बस्तर से नक्सलवाद का जड़ से खात्मा हो गया। बस्तर की धरती पर शहीदों की समाधियों पर फूल चढ़ाए गए, दीप जलाए गए और उनके बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। वर्षों तक बंदूक की नोक पर जीने वाले बस्तर के आदिवासी परिवारों ने पहली बार बिना डर के सांस ली।

जंगलों में गूंजती गोलियों की आवाज की जगह अब विकास की ध्वनि सुनाई देगी। स्कूल की घंटियाँ, अंदरूनी सड़कों पर चलती यात्री बसें, साप्ताहिक हाट बाजार, दशकों तक नहीं बोए गए खेतों में किसानों की हलचल। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की यह श्रद्धांजलि केवल शब्दों में नहीं, बल्कि बस्तर की बदलती जिंदगी की तस्वीर में नजर आ रही है। इसके लिए छत्तीगढ़ के पक्ष-विपक्ष दोनों को मिलकर अमित शाह जी का नागरिक अभिनंदन करना चाहिये ।

नक्सलवाद का बस्तर में चरमकाल चार दशक से अधिक चला। 1980 के दशक से लेकर 2025 तक यह क्षेत्र 'रेड कॉरिडोर' का सबसे घना हिस्सा बना रहा। दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव जैसे जिलों में नक्सलियों की 'समानांतर सरकार' चलती थी। बंदूक, क्रूरता और भय का माहौल था। सड़कें नहीं बनती थीं, स्कूल बंद रहते थे, अस्पतालों तक पहुंचना असंभव था। लेकिन 2014 के बाद, खासकर 2024 से शुरू हुए अभियान ने स्थिति को पलट दिया। 2011 में बतौर कलेक्टर दंतेवाड़ा मेरे लिए यह सोचना भी कठिन था कि इस नक्सलवाद खत्म हो जाएगा और इसे ऐसा होता हुआ देख सकूंगा! यह विचार भी कभी मेरे मन में आ भी नहीं सका था।

इस तरह की परिस्थितियां जो बस्तर में मेरी कलेक्टर दंतेवाड़ा के रूप में पोस्टिंग से पहले सुनी थी और जाने के बाद मैंने देखी वह ऐसी किसी कल्पना को साकार ही नहीं होने दे रही थी। दंतेवाड़ा में रहते हुए जब पहली बार किसी ऐसे बेल्ट में काम करने का मौका मिला जहां बहुत कुछ करने की संभावना साफ दिखाई दे रही थी।जिसमें बंदूक और क्रूरता के सामने समूचा सिस्टम काम करने से पहले ही मन में को ही डराने लगता था। कोई ऐसा सप्ताह ऐसा नहीं जाता था,जब हमें नए शहीदों को श्रद्धांजलि नहीं देनी होती थी। हां, ऐसा ही कुछ दुर्भाग्यजनक था बस्तर का हाल! इस बस्तर में बीते चार दशक से ज्यादा समय में ना जानें कितनी मौतें जंगल में, सड़क में दर्ज हैं। मानों इसे अमिट स्याही से लिखा गया बस्तर का भविष्य दिखाई देता था।



जावंगा में एजुकेशन सिटी निर्माण के दौरान नक्सलियों का धमकी भरा पत्र मिलना इस तरह की योजनाओं को बंद करने की कोशिश ही थी। हम बस्तर के उस हिस्से में थे जहां 6 अप्रैल 2010 को ताड़मेटला में 76 जवान शहीद हो चुके थे,जो आजाद भारत में एक साथ शहादत की सबसे बड़ी घटना थी।इससे पहले सैकड़ों लैंडमाइन ब्लास्ट से सैकड़ों जाने जा चुकीं थीं। यहां दंतेवाड़ा अरनपुर तक सड़क निर्माण के लिए दो हजार से ज्यादा जवानों की तैनाती होती थी। ऐसे दर्जनों सड़कें थीं जिसमें ठेकेदार काम करने के लिए तैयार नहीं थे। कोई स्कूल बनाना नहीं चाहता था।

ऐसे में 25 मई 2013 में झीरम हमलें में कांग्रेस के बड़े नेताओं की शहादत हो जाती है। और इसके बाद 9 अप्रैल 2019 में भाजपा के युवा विधायक भीमा मंडावी की मौत आईईडी ब्लास्ट से होने की खबर आती है। यानी पुराने बस्तर में कोई भी सुरक्षित नहीं था। जरा सोचिए बस्तर में लगातार घट रही इन घटनाओं का प्रभाव स्थानीय आदिवासियों के मन में कितना पड़ रहा होगा?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हथियारबंद आतंक के खात्में के संकल्प को पूरा करने सशक्त नेतृत्व दिया और गृहमंत्री अमित शाह ने तारीख तय कर दी। उन्होंने अगस्त 2024 में समीक्षा के बाद स्पष्ट समय-सीमा तय की '31 मार्च 2026' तक देश को नक्सल मुक्त करना है। यह पहली बार हुआ जब तारीख बताकर उस दिशा में प्रयास शुरू किया गया। बस्तर को इस लक्ष्य का केंद्र बनाया गया। उनकी व्यूह-रचना तीन स्तंभों पर टिकी थी-सुरक्षा अभियान, विकास कार्य और पुनर्वास नीति। यह दृढ़ संकल्प ही था जिसने बस्तर को नई सुबह दी। अमित शाह की कार्ययोजना की सफलता का श्रेय सुरक्षा बलों, छत्तीसगढ़ पुलिस, डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड और स्थानीय आदिवासियों को जाता है।

2024 से मार्च 2026 तक के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। बस्तर रेंज में 706 नक्सली मारे गए, 2218 गिरफ्तार हुए और 4839 ने आत्मसमर्पण किया। अकेले 2025 में 256 नक्सली एनकाउंटर में ढेर हुए, 1500 से अधिक ने हथियार डाले और 884 गिरफ्तार हुए। 645 हथियार और 875 आईईडी बरामद किए गए। 52 नए सुरक्षा कैंप स्थापित हुए। इन अभियानों ने नक्सलियों के कमांड स्ट्रक्चर को चूर-चूर कर दिया। सीनियर लीडरशिप का सफाया हो गया। माओवादियों की 'सेंट्रल कमेटी' तक हिल गई।

लेकिन केवल गोली से नहीं, बल्कि दिल जीतने वाली नीति से यह संभव हुआ। अमित शाह ने बार-बार कहा—"नक्सलवाद की जड़ गरीबी नहीं, विचारधारा है।" इसलिए 'गोली का जवाब गोली से' के साथ-साथ 'सुरक्षा के साथ विकास' का फॉर्मूला अपनाया गया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 'पुनर्वास नीति' को आकर्षक बनाया गया। आत्मसमर्पण करने वालों को रोजगार, मकान, जमीन और शिक्षा की गारंटी दी गई।

बस्तर में बदलाव इस समय की सबसे बड़ी सच्चाई है। कभी ना खत्म होने वाली हिंसक सोच अब पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। पर यह परिवर्तन रातोरात नहीं हुआ। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की व्यूह-रचना में फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस (FOB) बनाए गए, खुफिया तंत्र मजबूत किया गया, ड्रोन और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाया गया। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण था स्थानीय समर्थन। बस्तर के आदिवासी अब नक्सलियों को 'बाहरी ताकत' मानते हैं, न कि रक्षक। उन्होंने खुद सुरक्षा बलों को सूचना दी, सहयोग किया। यह विश्वास का नया अध्याय है।शहीदों की श्रद्धांजलि का सबसे सच्चा रूप यही है।

बस्तर में पिछले चार दशकों में सैकड़ों जवान, पुलिसकर्मी, CRPF के COBRA कमांडो और आम नागरिक शहीद हुए। उनके परिवार आज गर्व से सिर ऊंचा कर सकते हैं। 31 मार्च 2026 को पूरे छत्तीसगढ़ में शहीद स्मारकों पर कार्यक्रम हुए। सही मायने में गृहमंत्री अमित शाह ने बस्तर की धरा में अब तक हुए सारे शहीदों को नमन करते श्रद्धांजलि अर्पित किया। वास्तव में यह 'विजय' शहीदों का उपहार है।

बस्तर अब 'नक्सल-मुक्त भारत' का प्रतीक है। अमित शाह की कार्ययोजना ने साबित कर दिया कि दृढ़ इच्छाशक्ति और समन्वित प्रयास से कोई समस्या अजेय नहीं। बस्तर का यह नया अध्याय सिर्फ सुरक्षा का नहीं, बल्कि आर्थिक- सामाजिक क्रांति का भी है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बस्तर को अगले पांच वर्षों में देश के सबसे विकसित आदिवासी क्षेत्र बनाने का लक्ष्य रख चुकी हैं। सड़क कनेक्टिविटी 100% हो रही है। बैंकिंग, इंटरनेट, कौशल विकास केंद्र खुल रहे हैं। आदिवासी युवाओं को सरकारी नौकरियों में आरक्षण और ट्रेनिंग मिल रही है।

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बस्तर पंडुम को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट किया जा रहा है। बस्तर के किसान अब बिना डर के अपनी फसल बेच रहे हैं। महुआ, तेंदू पत्ता, बांस जैसे वन उत्पादों का बाजार बढ़ा है। एमएसएमई यूनिट्स लग रही हैं। महिलाएं स्व सहायता समूह के माध्यम से आय अर्जित कर रही हैं। बच्चे स्कूल जा रहे हैं। स्वास्थ्य शिविर नियमित हैं। टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं अब पहुंच रही हैं।

31 मार्च 2026 की तारीख केवल एक डेडलाइन नहीं थी। यह बस्तर के लाखों आदिवासियों के सपनों का सच था। बस्तर अब 'नक्सल-मुक्त' से आगे 'विकसित बस्तर' की ओर बढ़ रहा है। अमित शाह की दूरदर्शी योजना, सुरक्षा बलों की वीरता और स्थानीय लोगों का सहयोग—इन तीनों ने मिलकर इतिहास रचा। इस लेख को लिखते हुए बस्तर के उन पूर्व कलेक्टरों और अधिकारियों की याद आती है जिन्होंने दंतेवाड़ा जैसे क्षेत्रों में काम किया। उन्होंने देखा कि कैसे चुनौतियां थीं, लेकिन संभावनाएं भी। आज वे संतुष्ट होंगे कि उनका संघर्ष रंग लाया।

बस्तर की यह शांति और समृद्धि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है। 31 मार्च 2026 को पूरी हुई डेडलाइन ने साबित कर दिया कि जब इरादा पक्का हो, तो कोई बाधा अटल नहीं रहती। बस्तर अब नए 'भारत' का नया 'बस्तर' है। यहां बंदूकों की जगह विकास की आवाज गूंज रही है। आदिवासी संस्कृति फल-फूल रही है। युवा सपने देख रहे हैं। यह भारत की एकता और अखंडता की जीत है। अमित शाह के संकल्प ने न केवल नक्सलवाद खत्म किया, बल्कि बस्तर को मुख्यधारा में जोड़ दिया। बस्तर के शहीदों को बार-बार नमन। जय हिंद! जय बस्तर!!

*-वित्त मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन*

# वैयक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है



संकलित
दर्शन

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम का त्याग किये बिना अर्हम की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

*-संकलन-कांतिलाल मांडोत*

# गुरु नानक जी के आशीर्वाद का रहस्य



संकलित
प्रेरणा

एक बार गुरु नानक देव जी अपने शिष्यों के साथ एक ऐसे गांव में पहुंचे जहां के लोग साधु-संन्यासी लोगों को बिल्कुल भी पसंद नहीं करते थे। गुरु नानक जी वहां गए तो उनसे भी वहां के लोगों ने ऐसा ही व्यवहार किया। जब वो परेशान होकर उस गांव से जाने लगे तो गांव के लोगों ने कहा कि, महात्माजी कुछ आशीर्वाद तो देते जाइए। गुरु नानक थोड़ी देर तक हंसते रहे फिर बोले, खूब आबाद रहो। इसके बाद वो आगे बढ़ गए। इस बीच कुछ गांव के लोग भागते हुए वहां पहुंचे। सभी उनकी सेवा करने लगे। उन्होंने फिर से गुरुनानक जी से आशीर्वाद मांगा। तब उन्होंने कहाः सभी उजड़ जाओ। गुरु नानक के ऐसे अटपटे आशीर्वाद से परेशान होकर एक व्यक्ति ने उनसे पूछाः महात्मा जी! जिन लोगों ने अतिथि धर्म का तिरस्कार किया उन्हें आपने आबाद रहने का और जो लोग आपकी सेवा में आए उन्हें उजड़ने का आशीर्वाद क्यों दिया। गुरु नानक जी ने उस व्यक्ति से कहा किः सज्जन व्यक्ति जहां जाता है वो वहां अपनी अच्छाइयों को ले जाता है। यह दुर्जन से बेहतर होता है। इसलिए मैंने पहले जब वो दुर्जन थे तो उन्हें एक जगह आबाद रहने का आशीर्वाद दिया और जब वो सज्जन बन गए और मेरे पास आशीर्वाद लेने आए तो मैनें उन्हें उजड़ने यानी समाज में अच्छाई फैलाने का आशीर्वाद दिया।

## सटाका




## आज की पाती

### युद्ध से त्रासदीपूर्ण मानवीय जीवन

दुनिया में किसी भी देश के लिए चाहे वह सत्य के लिए लड़ रहा हो या असत्य के लिए लड़ रहा हो, युद्ध की विभीषिकाएं कभी भी किसी भी देश के मानवीय जीवन के लिए वरदान साबित नहीं हुई हैं। धर्म और अधर्म के नाम पर दुनिया को महाभारत काल में रक्तरंजित कर लाखों शूरवीरों को लीलने वाला कौरव-पांडवों का दिल दहला देने वाला दारुण युद्ध दुनिया के देशों के सामने सबसे बड़ा उदाहरण है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। आज एक बार फिर दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की कगार पर खड़ी है। दुनिया में रूस-यूक्रेन युद्ध वर्षों से बिना नतीजे के अब तक जारी है और हाल ही में डेढ़ सप्ताह से ईरान-इजराइल और अमेरिकी युद्ध छिड़ जाने से एक बार फिर तीसरे महायुद्ध के बादल मंडराने लग गए हैं। युद्ध की विभीषिका से मध्यपूर्व के देशों की हालत बेहद खराब हो रही है।

*- रविन्द्र उपाध्याय, धमतरी*

## करंट अफेयर

# अमेरिका के नेब्रास्का राज्य ने दीपावली को मान्यता दी



अमेरिका के नेब्रास्का राज्य की विधायिका ने दीपावली उत्सव को मान्यता देने वाला एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसे सिएटल स्थित भारतीय मिशन ने राज्य के हिंदू समुदाय के लिए एक ' 'ऐतिहासिक' कदम बताया है। यह प्रस्ताव राज्य सीनेटर जॉन फ्रेडरिकसन द्वारा प्रायोजित किया गया था और 31 मार्च को स्पीकर जॉन आर्च ने इस पर हस्ताक्षर किए। सिएटल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने एक बयान में कहा कि इस प्रस्ताव को अपनाया जाना अमेरिका के मध्य पश्चिमी क्षेत्र में भारतीय प्रवासी समुदाय के लिए एक 'ऐतिहासिक' घटना है और 'कॉर्नहस्कर स्टेट' (नेब्रास्का का आधिकारिक उपनाम) में रहने वाले लगभग 9,000 हिंदुओं के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। महावाणिज्य दूतावास ने बताया कि फ्रेडरिकसन लंबे समय से हिंदू समुदाय के समर्थक रहे हैं और मंदिरों के कार्यक्रमों में नियमित रूप से भाग लेते रहे हैं। उनके निर्वाचन क्षेत्र में 1993 में स्थापित 'हिंदू टेम्पल ऑफ ओमाहा' स्थित है। इस प्रस्ताव के तहत इस वर्ष 20 अक्टूबर को राज्यपाल जिम पिलेन द्वारा गवर्नर हाउस में भव्य दीपावली समारोह आयोजित करने की भी योजना है। भारतीय मिशन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'नेब्रास्का में दीपावली की ऐतिहासिक विधायी मान्यता।

## ऑफ बीट

# 22 मिनट का व्यायाम करेगा स्वास्थ्य जोखिमों को कम



विकसित देशों में लोग प्रतिदिन औसतन नौ से दस घंटे बैठे रहते हैं। चाहे वह कंप्यूटर के सामने समय बिताना हो, ट्रैफिक में फंसना हो, या टीवी के सामने आराम करना हो, हमारा जीवन तेजी से गतिहीन हो गया है। यह चिंताजनक है क्योंकि लंबे समय तक बैठे रहने से मोटापा, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर सहित कई स्वास्थ्य समस्याएं जुड़ी होती हैं। ये स्वास्थ्य समस्याएं शीघ्र मृत्यु का कारण बन सकती हैं। एक नए अध्ययन से पता चला है कि 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए, दिन में केवल 22 मिनट व्यायाम करने से अत्यधिक गतिहीन जीवन शैली से समय से पहले मौत का खतरा कम हो सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग दिन में 12 घंटे से अधिक समय तक गतिहीन रहते थे, उनमें मृत्यु का जोखिम सबसे अधिक था (आठ घंटे तक गतिहीन रहने वाले लोगों की तुलना में 38% अधिक जोखिम)। हालाँकि, यह केवल उन लोगों में देखा गया जो प्रतिदिन 22 मिनट से कम मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि करते थे। इसलिए जिन लोगों ने 22 मिनट से अधिक व्यायाम किया, उनके लिए अब कोई महत्वपूर्ण जोखिम नहीं था - यानी, जोखिम आम तौर पर उन लोगों के समान हो गया जो आठ घंटे तक गतिहीन थे।

## ट्रेंड

### स्व-गणना प्रपत्र



जनगणना के पहले चरण के अंतर्गत, शुरू हो रही 'हाउस लिस्टिंग' प्रक्रिया के तहत, मैंने स्व-गणना प्रपत्र भरा। यह प्रक्रिया भारत के विकास पथ को गति देने और यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी कि सरकारी योजनाएं प्रत्येक नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुंचें।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### भारतीयों की रक्षा



पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच खाड़ी देशों में रह रहे भारतीयों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। हम अपने नागरिकों की रक्षा और सुरक्षा के लिए हर कदम उठाने में न केवल सक्षम हैं, बल्कि तैयार भी हैं। साथ ही, भारत किसी भी ऊर्जा संकट से निपटने में सक्षम है

- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### नवाचार समावेशी



जब नवाचार समावेशी होता है, तो उसके सबसे बड़े लाभार्थी उसके नेतृत्वकर्ता बनते हैं। भारत की महिलाएं इसका श्रेष्ठ उदाहरण हैं। भारत में महिलाओं द्वारा दायर पेटेंट की संख्या सालाना 100 से बढ़कर 5,000 से अधिक हो चुकी है।

-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### ममता ही जीतेंगी



भाजपा बंगाल में चाहे कितने घपले कर ले पर वो वहां पक्का हारेगी। ममता दीदी की लोकप्रियता और जनसेवा के आगे भाजपाई सिर्फ़ बुरी हार से बचने का ही प्रबंध कर सकते हैं, और कुछ नहीं।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने पश्चिम बंगाल की राजनीति को लेकर बड़ा बयान दिया

# भवानीपुर में भाजपा की जीत से बंगाल में सत्ता परिवर्तन होना तय और टीएमसी के पतन का कारण भी बनेगा, मैं आज से 15 दिन यहीं रहूंगा



एजेंसी ▶▶ भवानीपुर

पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भाजपा की कमान संभाल ली है। गुरुवार को वे सुवेंदु अधिकारी के नामांकन में शामिल होने के लिए भवानीपुर पहुंचे और मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर जमकर निशाना साधा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं बंगाल आया हूं और 15 दिन तक यहीं रहूंगा। मैं अधिकारी के नामांकन के लिए आया हूं। अधिकारी की जीत बंगाल में परिवर्तन की नींव रखने वाली है। शाह ने कहा कि पिछली बार ममता नंदीग्राम में हार गई थीं और इस बार भवानीपुर के साथ पूरे बंगाल में उन्हें हार का सामना करना पड़ेगा। पूरा बंगाल ममता की विदाई करने के लिए तैयार है। सुवेंदु नंदीग्राम से लड़ना चाहते थे, मैंने कहा था ममता के घर में जाकर उन्हें हराना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अधिकारी का नामांकन बंगाल में टीएमसी के पतन की शुरुआत साबित होगा। शाह ने दावा किया कि पूरे बंगाल का दौरा किया है और हर जगह से एक ही आवाज सुनाई देती है ममता को बाय-बाय कहने का समय आ गया है।

## पूरा बंगाल ममता बेनर्जी की विदाई करने को तैयार

टीएमसी को बाय-बाय कहना चाह रहे लोग

'टोलबाजी' और गुंडागर्दी ने राज्य को पूरी तरह त्रस्त किया



भवानीपुर में रैली को संबोधित करते केंद्रीय गृहमंत्री शाह

### घुसपैठियों को चुन-चुन कर देश से बाहर निकालेंगे

शाह ने कहा कि हर जगह पर एक ही आवाज है, इस सरकार को बदल दो। ममता बेनर्जी को बाय-बाय, टाटा कर दो। आज बंगाल की पूरी जनता, जो तोलाबाजी से त्रस्त है, तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की गुंडई से त्रस्त है, महिलाओं की असुरक्षा के त्रस्त है, बिना रोकटोक घुसपैठ करके बंगाल की जनसांख्यिकी बदल रही है, इससे त्रस्त है। आए दिन बम धमाके, गोलीबारी से त्रस्त है, युवा बेरोजगारी से त्रस्त है और भ्रष्टाचार का इतना रिकॉर्ड ममता बेनर्जी ने जो बनाया है, इससे भी त्रस्त है। पूरे बंगाल की जनता मांग कर रही है कि महान पश्चिम बंगाल के अंदर अब परिवर्तन होना चाहिए। यहां भाजपा की सरकार बननी चाहिए। पश्चिम बंगाल की सीमा को सील करके पश्चिम बंगाल और देश भर से घुसपैठियों को चुन-चुन कर देश से बाहर निकालना चाहिए।

### जनता चाह रही परिवर्तन

शाह ने टीएमसी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 'टोलबाजी' और गुंडागर्दी ने राज्य को पूरी तरह त्रस्त कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बम धमाकों की घटनाएं बढ़ रही हैं और बेरोजगारी के कारण युवा परेशान हैं। पूरे बंगाल की जनता मांग कर रही है कि महान पश्चिम बंगाल के अंदर अब परिवर्तन होना चाहिए।

### शाह की मौजूदगी में सुवेंदु का नामांकन

शाह की मौजूदगी में भवानीपुर विधानसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार अधिकारी ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया।

### टीएमसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा पर किया हमला

भवानीपुर से अधिकारी के नामांकन दाखिल करने के दौरान भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच हाथापाई हो गई। टीएमसी समर्थकों ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला किया, जिसमें एक कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। काफिला आगे बढ़ने के बाद भाजपा समर्थकों ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिससे इलाके में तनाव और बढ़ गया।



भाजपा ने उठाए सवाल

### भारत के इतिहास में कभी ऐसी स्थिति देखी: भाटिया

इस घटना के बाद देश की सियासत गरमा गई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने ममता सरकार पर हमला बोला है। भाटिया ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में कभी ऐसी स्थिति देखी गई हो, जहां सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद ये हालात हों।

### रक्षक ममता बेनर्जी बनना था, भक्षक बन गईं: गौरव



भाजपा के प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा कि रक्षक ममता बनना था, भक्षक बन गई हैं।

### सैकड़ों भाजपाजनों की हत्या की गई: किशन



सांसद रवि किशन ने कहा भाजपा के साथ ऐसा होता रहा है। अब तक वहां सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या हो चुकी है।

### मैं असम के मुसलमानों के खिलाफ नहीं, पर...



असम में बांग्लादेशी प्रवासियों के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पूरी दुनिया में अवैध रूप से देश में प्रवेश करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। मैं असम में रहने वाले मुसलमानों के खिलाफ नहीं हूं। असम में प्रवेश करने वाले बांग्लादेशी नागरिकों को मतदान का अधिकार देना सही नहीं है। हमने यह बात सिर्फ अपने राष्ट्रीय हित में कही है जबकि कुछ पार्टियां वोट बैंक की राजनीति के लिए इस मुद्दे को सांप्रदायिक रंग दे रही हैं।

राहुल ने असम के लिए जारी किया कांग्रेस का घोषणापत्र

### शासन, पहचान और स्वास्थ्य के साथ 11 क्षेत्रों पर फोकस



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को असम विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। इस घोषणा पत्र में शासन, पहचान और स्वास्थ्य जैसे 11 क्षेत्रों पर फोकस किया गया है। यह घोषणा पत्र एक चुनावी रैली के दौरान जारी किया गया, जिसमें असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

### घोषणापत्र में इन क्षेत्रों पर जोर

घोषणा पत्र में कुल 11 संकल्प शामिल हैं- शासन, पहचान, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा विकास, औद्योगीकरण, कृषि, ग्रामीण और शहरी विकास, जलवायु परिवर्तन और सुरक्षित असम। कांग्रेस ने इससे पहले 29 मार्च को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दौरे के दौरान 'पांच गारंटी' भी जारी की थीं-

- बिना शर्त महिलाओं को 50 हजार रुपए तक का कर्ज।
- सभी वरिष्ठ नागरिकों को 1250 रुपए की पेंशन।
- 25 लाख रुपए का कैशलेस इलाज।

यूडीएफ का घोषणापत्र

### 'मिशन समुद्र' से ग्लोबल हब बनाने का लक्ष्य



कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे (यूडीएफ) ने गुरुवार को केरल वचुनावों के घोषणापत्र जारी किया। कोच्चि में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने इस दस्तावेज को जारी किया। घोषणापत्र के केंद्र में मिशन समुद्र है, जो केरल को उसकी 600 किमी लंबी तटरेखा, 44 नदियों और बंदरगाहों से एक वैश्विक समुद्री केंद्र में बदलने की एक महत्वाकांक्षी योजना है।

आयोग ने की आपातकालीन बैठक

### 9 अप्रैल से 29 अप्रैल शाम 6:30 बजे तक एग्जिट पोल पर पूरी रोक



राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने आपातकालीन बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से की। 9 अप्रैल सुबह 7 बजे से लेकर 29 अप्रैल शाम 6:30 बजे तक एग्जिट पोल का प्रकाशन बिल्कुल बंद रहेगा।



**चेन्नई।** टीवीके प्रमुख विजय ने नामांकन दाखिल किया और कहा कि इसके पहले मेरे साथ साजिश की गई थी।

## खबर संक्षेप

### सीएनजी पंप पर सिलेंडर फटा, 4 घायल

**पश्चिमी दिल्ली।** द्वारका जिले के नजफगढ़-मित्राऊं रोड स्थित सीएनजी पंप पर गैस भरते समय एक ट्रक का सीएनजी सिलिंडर अचानक फट गया। इस घटना में 4 लोग घायल हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के समय पंप अटेंडेंट ट्रक (एचआर 63सी 4424) में सीएनजी भर रहा था, तभी सिलेंडर में विस्फोट हो गया। घायलों में दीपक , विकास कुमार और नीरज की पहचान हो गई है। एक घायल की पहचान अभी नहीं हो पाई है।



### अब पंजाब हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**चंडीगढ़।** केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के सेक्टर-37 स्थित पंजाब भाजपा के मुख्यालय के बाहर हुए ब्लास्ट के एक दिन बाद गुरुवार को पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट को बम से उड़ने की धमकी मिली है। चंडीगढ़ पुलिस हेडक्वार्टर को भेजे एक ईमेल में यह धमकी दी गई है। ईमेल मिलने के बाद से पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। सतर्कता बरती जा रही है। इसके पहले कुछ उत्पातियों ने भाजपा के कार्यालय पर बम विस्फोट कर दिया था।



### बीएचयू में जाति पूछकर ब्राह्मण छात्र को पीटा

**वाराणसी।** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में एक छात्र से जाति पूछकर मारपीट का मामला सामने आया है। छात्र ने बताया है कि बुधवार की सुबह करीब 11:45 बजे वह क्लास करने पहुंचा था। छात्र नेता हिमांशु वहां आया और उससे उसका कोर्स और जाति पूछने लगा। प्रशांत मिश्र की तहरीर पर वाराणसी पुलिस ने समाजवादी छात्र अध्यक्ष हिमांशु यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इससे कॉलेज परिसर में हंगामा खड़ा हो गया है। पुलिस कार्रवाई की मांग है।



सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को लगाई कड़ी फटकार

# कार्रवाई सही नहीं, नेशनल चंबल अभयारण्य की जमीन की अधिसूचना रद्द करने पर लगाई रोक

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार द्वारा नेशनल चंबल अभयारण्य की 732 हेक्टेयर जमीन की अधिसूचना रद्द करने के फैसले पर रोक लगा दी। इसके साथ ही राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब भी मांग है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार द्वारा नेशनल चंबल अभयारण्य की 732 हेक्टेयर जमीन की अधिसूचना रद्द करने के फैसले पर रोक लगा दी। अदालत ने स्पष्ट कहा कि संरक्षित प्रजातियों के लिए आरक्षित किसी भी भूमि का डी-नोटिफिकेशन स्वीकार नहीं किया जाएगा और राज्य सरकार की कार्रवाई आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं पर खरी नहीं उतरती। सुनवाई के दौरान अदालत ने राजस्थान सरकार को अवैध रेत खनन को 'सुविधा देने' के लिए कड़ी फटकार लगाई। न्यायालय ने 'माइनिंग माफिया' को 'डकैत' बताते हुए कहा कि राजस्थान में इनके कारण कई एसडीएम, पुलिसकर्मी और वन विभाग के अधिकारियों की जान जा चुकी है। अदालत ने इसे कानून-व्यवस्था और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के लिए गंभीर स्थिति बताया। पीठ ने कहा कि घड़ियाल सहित कई जलीय जीव विलुप्ति के कगार पर हैं और चंबल क्षेत्र की पारिस्थितिकी बेहद संवेदनशील है। अदालत ने टिप्पणी की कि इस तरह के क्षेत्र में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप पर्यावरण और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।

## कहा- आरक्षित किसी भी भूमि का डी-नोटिफिकेशन स्वीकार नहीं

अवैध रेत खनन को 'सुविधा देने' पर सख्ती

न्यायालय ने 'माइनिंग माफिया' को 'डकैत' बताया



### 3 राज्यों में फैला संरक्षित क्षेत्र

नेशनल चंबल अभयारण्य, जिसे नेशनल चंबल घड़ियाल वन्यजीव अभयारण्य भी कहा जाता है, लगभग 5,400 वर्ग किलोमीटर में फैला एक त्रि-राज्यीय संरक्षित क्षेत्र है। यह राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा पर चंबल नदी के किनारे स्थित है और घड़ियाल, रेड-क्राउन रूफ टर्टल तथा गंगा डॉल्फिन जैसी संकटग्रस्त प्रजातियों का प्रमुख आवास है।

## ईको-सेंसिटिव जोन और प्रक्रियाओं पर सवाल

अदालत की सहायता कर रहे एमिकस क्यूरी ने बताया कि राजस्थान ने अब तक ईको-सेंसिटिव जोन घोषित नहीं किया है और दिसंबर 2025 में 732 हेक्टेयर क्षेत्र को डी-नोटिफाई करने का नोटिफिकेशन जारी किया गया था। अदालत ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि डी-नोटिफिकेशन के बाद यह जमीन राजस्व भूमि बन जाती है, जिससे संरक्षण प्रयास प्रभावित हो सकते हैं।

### वीडियो और रिपोर्ट्स को डरावना बताया

सुनवाई के दौरान प्रस्तुत वीडियो का जिक्र करते हुए न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने उन्हें 'डरावना' बताया, जिसमें जलीय जीवों के बीच भारी मशीनों से रेत निकासी होती दिखी। अदालत ने कहा कि यह स्थिति दर्शाती है कि अवैध खनन किस स्तर तक फैल चुका है। यह गंभीर चिंता का विषय है।

### राज्यों और केंद्र से 4 सप्ताह में जवाब तलब

कोर्ट ने एमिकस क्यूरी और सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी की रिपोर्ट पर राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। साथ ही पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भी इस मामले में हलफनामा दाखिल करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अगली सुनवाई 11 मई को मुकर्रर

कोर्ट ने राजस्थान सरकार के 23 दिसंबर 2025 के नोटिफिकेशन, जिसे 9 मार्च 2026 को लागू किया गया था, पर अंतरिम रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई 11 मई को निर्धारित की गई है। साथ ही नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में लंबित मामले को भी सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है।

आईपैक के 3 दफ्तरों पर ईडी का छापा

# कोयले की तस्करी में दिल्ली बेंगलुरु, हैदराबाद में छापेमारी




एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

पश्चिम बंगाल में वोटिंग से पहले एक बार फिर से आईपैक के कई ठिकानों पर ईडी की छापेमारी चल रही है। बेंगलुरु, हैदराबाद और दिल्ली में यह छापेमारी की जा रही है। इससे पहले कोलकाता स्थित ऑफिस में ईडी की छापेमारी हुई थी।

छापेमारी के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी भी वहां पहुंच गई थीं। इस दौरान खूब सियासी बवाल हुआ था। ईडी की यह छापेमारी कोयले की तस्करी को लेकर चल रही है। दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद में चल रही है। आईपैक पश्चिम बंगाल में टीएमसी के लिए चुनाव प्रबंधन का काम देख रही है। आईपैक से पहले प्रशांत किशोर भी जुड़े रहे हैं। हालांकि छापेमारी के दौरान क्या कुछ मिला है, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

### कई ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया

दिल्ली, हैदराबाद और बेंगलुरु समेत बंगाल में ईडी ने पश्चिम बंगाल कोयला घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया है। एजेंसी ने आई-पैक से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की। बेंगलुरु में आई-पैक के सह-संस्थापक ऋषिराज सिंह के ठिकानों पर भी ईडी की टीम पहुंची। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई कोयला तस्करी घोटाले की आय को हवाला के जरिए चैनल करने और इससे जुड़े ट्रांजेक्शन की जांच के तहत की जा रही है। दिल्ली-हैदराबाद में भी आई-पैक के ऑफिस और संबंधित स्थानों पर सर्च चल रही है। पश्चिम बंगाल में कोयला घोटाला लंबे समय से चर्चा में है, जिसमें कथित तौर पर बड़े स्तर पर अवैध खनन और फंडिंग का मामला सामने आया था। ईडी की यह कार्रवाई चुनाव से पहले राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गई है।

### ... तब ममता पहुंच गई थीं ईडी ऑफिस

जनवरी 2026 में आईपैक के कोलकाता स्थित ऑफिस पर ईडी की छापेमारी हुई थी। छापेमारी की खबर सुनते ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी वहां पहुंच गई थीं। साथ ही ईडी अधिकारियों से एक फाइल छीन ली थीं। इस दौरान खूब बखेड़ा खड़ा हुआ था। आईपैक पश्चिम बंगाल में ममता के लिए चुनावी प्रबंधन का काम देख रही है। इसके साथ ही अन्य राज्यों में भी यह सियासी पार्टियों के लिए काम करती है।

बजट सत्र 13 दिन के लिए स्थगित

# महिला आरक्षण को लेकर 16 अप्रैल से फिर 'बैठेगी' संसद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गुरुवार 2 अप्रैल को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने वाला बजट सत्र खत्म नहीं हुआ है। सरकार ने इसे आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब राज्यसभा और लोकसभा में सभी सांसद एक छोटे से ब्रेक के बाद 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे फिर से बैठेंगे। गुरुवार को जब सदन की कार्यवाही चल रही थी, तब राज्यसभा के उप-सभापति हरिवंश ने सदन को 16 अप्रैल तक के लिए स्थगित करने की घोषणा की।



### 816 सीटें करने की अटकलें

सरकार का पूरा फोकस अब 'महिला आरक्षण कानून' को जल्द से जल्द जमीन पर उतारने पर है। इसके लिए लोकसभा की मौजूदा सीटों की संख्या को 543 से बढ़ाकर 816 करने की तैयारी है। इसी से जुड़े बिल और अन्य जरूरी संविधान संशोधनों को पास कराने के लिए संसद को दोबारा बुलाया जा रहा है। यह सत्र 16 अप्रैल से लेकर 18 अप्रैल तक चलेगा।

'कर्मयोगी साधना सप्ताह' में प्रधानमंत्री मोदी बोले

# 'नागरिक देवो भव' से बदलेगा गवर्नेंस का स्वरूप

## क्षमता निर्माण आयोग के स्थापना दिवस पर किया गया आयोजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्षमता निर्माण आयोग के स्थापना दिवस पर 'कर्मयोगी साधना सप्ताह' को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने पब्लिक सर्विस को अधिक सक्षम, संवेदनशील और नागरिक-केंद्रित बनाने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वर्तमान शासन व्यवस्था का मूल सिद्धांत 'नागरिक देवो भव' है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को सर्वोपरि रखते हुए सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाना है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के साथ गवर्नेंस को नई पहचान दी जा रही है। उन्होंने कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह हर सरकारी कर्मचारी की क्षमता बढ़ाने का काम कर रहा है। 'आईगॉट' मिशन कर्मयोगी को भी उन्होंने इस दिशा में अहम कदम बताया।

### आकांक्षी भारत और जिम्मेदारी पर दिया बल

'आईगॉट' मिशन कर्मयोगी होगा अहम



प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का भारत आकांक्षी है, जहां हर नागरिक के अपने सपने और लक्ष्य हैं। उन्होंने कहा कि इन सपनों को पूरा करने में सहयोग देना हम सभी की जिम्मेदारी है। पीएम मोदी ने कहा कि हर निर्णय से पहले कर्तव्य पर विचार करने से उसका प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है।

### समन्वय और 'होल ऑफ गवर्नमेंट' अप्रोच पर जोर


इसके साथ प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश की सफलता राज्यों की सामूहिक सफलता पर निर्भर करती है। विभागों के बीच संवादहीनता खत्म कर बेहतर समन्वय और साझा समझ के साथ काम करना होगा।

### टेक्नोलॉजी और एआई को बताया भविष्य की कुंजी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बेहतर प्रशासक वही होगा, जिसे तकनीक और डेटा की समझ हो। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव का जिक्र करते हुए निरंतर सीखने और क्षमता निर्माण पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि आम नागरिक के लिए स्थानीय सरकारी कार्यालय ही सरकार का चेहरा होता है। इसलिए अधिकारियों का व्यवहार और कार्यशैली ही लोकतंत्र में जनता के भरोसे को मजबूत बनाती है।

## देश के नाम संबोधन में राष्ट्रपति ट्रंप का दावा

# ईरान के खिलाफ लड़ाई लगभग खत्म हम सभी लक्ष्य हासिल करने के करीब



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

सैन्य कार्रवाई बस कुछ हफ्ते जारी रहेगी

बिजली संयंत्रों पर हमले की चेतावनी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/ तेहरान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश के नाम संबोधन में कहा कि ईरान के खिलाफ यह लड़ाई लगभग खत्म हो चुकी है और अमेरिका अपने सभी लक्ष्यों को हासिल करने के करीब है। ट्रंप ने ईरान के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन को बच्चों और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य में निवेश बताया। उन्होंने कहा कि यह कदम अमेरिका और दुनिया को सुरक्षित बनाने के लिए उठाया गया है। ट्रंप ने कहा कि यह सैन्य अभियान एक महीने से ज्यादा समय से चल रहा है और अमेरिका ने पहले ही बड़े खतरे को खत्म कर दिया है। ट्रंप ने कहा कि हम इस ऑपरेशन में 32 दिनों से हैं और अब कोई बड़ा खतरा नहीं बचा है। अभियान की तेजी को दिखाने के लिए ट्रंप ने प्रथम विश्व युद्ध, द्वितीय विश्व युद्ध, कोरियाई युद्ध, वियतनाम युद्ध और इराक युद्ध का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इन युद्धों के मुकाबले ईरान ऑपरेशन बेहद तेज और प्रभावी रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि लड़ाई के इतिहास में किसी दुश्मन को इतने कम समय में इतना बड़ा नुकसान नहीं हुआ। यह सैन्य ताकत और रणनीतिक स्पष्टता का उदाहरण है।

### युद्ध पीड़ितों के सम्मान में पौधे लगाएं: मोजतबा




ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने ईरानी लोगों से अपील की है कि वे अमेरिका-इजराइल हमलों में मारे गए लोगों की स्मृति में पौधे लगाएं और इसे समृद्धि, आशा और दुश्मनों के खिलाफ एक राष्ट्रीय प्रतिक्रिया का प्रतीक बनाएं। उन्होंने ये बातें ईरान की स्थापना की 47वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कहीं। खामेनेई ने जनता की बहादुरी की सराहना करते हुए कहा कि निर्दयी दुश्मन अपनी क्रूरता में कोई सीमा नहीं जानते और उन्होंने अपने हमलों में ईरान की प्रकृति और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने सभी ईरानी शहरों और गांवों के लोगों से अपील की कि वे संबंधित सरकारी संस्थानों के सहयोग से नेचर डे से लेकर 21 जून तक पौधे लगाने का अभियान जारी रखें।

### अमेरिकी जनता के प्रति दोस्ती, नीतियों से है मतभेद



ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अमेरिकी नागरिकों से सीधे सवाल करते हुए कहा कि क्या यह युद्ध वास्तव में उनके हित में है। उन्होंने एक्स पर चार पन्नों के बड़े संदेश में कई बातें कहीं। पेजेशकियन ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच टकराव और संवाद-दोनों रास्ते खुले हैं, लेकिन यह अमेरिका के लोगों पर निर्भर करता है कि वे किस दिशा को चुनते हैं। पेजेशकियन ने सवाल किया क्या वास्तव में इस युद्ध से अमेरिकी जनता के हित पूरे हो रहे हैं? क्या ईरान की ओर से ऐसा कोई वास्तविक खतरा था, जो इस तरह के कदम को सही ठहराए? ईरानी राष्ट्रपति ने दावा किया कि आधुनिक इतिहास में ईरान ने कभी आक्रामक रुख नहीं अपनाया।

### ईरान के सलाहकार पर जानलेवा हमला



ईरान के पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी पर जानलेवा हमला हुआ है, जिसमें उनकी पत्नी की मौत हो गई और वे खुद गंभीर रूप से घायल हो गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेहरान में उनके घर पर एयर स्ट्राइक की गई। इस हमले के बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसे 'हत्या की कोशिश' बताया गया। खराजी अभी ईरान की स्ट्रैटेजिक फॉरेन रिलेशंस काउंसिल के चेयरमैन हैं। यह संस्था सीधे देश के सर्वोच्च नेता को सलाह देती है और विदेश नीति से जुड़े बड़े फैसलों में अहम भूमिका निभाती है।

### तुरंत सीजफायर लागू हो: चीन



*ईरान युद्ध को लेकर चीन ने सभी पक्षों से तुरंत युद्धविराम की अपील की है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि सैन्य कार्रवाई से समस्या का समाधान नहीं हो सकता। माओ निंग ने कहा कि संघर्ष बढ़ाना किसी के हित में नहीं है और सभी पक्षों को तुरंत सैन्य ऑपरेशन रोक देना चाहिए। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में जारी तनाव की जड़ गैरकानूनी सैन्य कार्रवाई है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। चीन ने चेतावनी दी कि अगर हालात बिगड़ते रहे तो इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। इसलिए सभी देशों को संयम बरतते हुए बातचीत से समाधान निकालना चाहिए।*

### कतर ने पाक से किया किनारा, वीजा ऑन अरावइल सुविधा समाप्त



पश्चिम एशिया संकट के बीच कतर ने पाकिस्तानियों को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। इस युद्ध में मध्यस्थता के लिए मचल रहे पाकिस्तान के लोगों के लिए वीजा ऑन अराइवल की सुविधा दी हुई थी, उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कतर में मौजूद पाकिस्तानी दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा है कि कतर आने की सोच रहे पाकिस्तानी नागरिकों को सलाह दी जाती है कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस समय वीजा ऑन अराइवल की सुविधा उपलब्ध नहीं है। असुविधा से बचने के लिए यात्रा से पहले उपयुक्त वीजा हासिल कर लें।

### इजराइल की गलती से अमेरिका जंग में कूदा: बघाई



ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा है कि इजराइल की गलत कैलकुलेशन और उकसावे की वजह से अमेरिका इस युद्ध में शामिल हुआ। उन्होंने कहा कि अब दुनिया में कोई भी अमेरिका की कूटनीति पर भरोसा नहीं करता। अमेरिका बातचीत और समझौते का इस्तेमाल सिर्फ अपनी शर्तें थोपने या फिर ताकत इस्तेमाल करने के लिए करता है। बघाई ने कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई पूरी तरह स्वस्थ हैं। वे युद्ध की वजह से सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आ रहे हैं। उन्होंने यह भी साफ किया कि ईरान की जनता अब अमेरिका के साथ किसी भी तरह की बातचीत या समझौते के पक्ष में नहीं है, क्योंकि पहले भी अमेरिका ने बातचीत के बाद दबाव बनाने की कोशिश की थी।

## ईरान ने फिर से भारत को दिया आश्वासन

# होर्मुज को लेकर न घबराएं वे सुरक्षित हाथों में: ईरान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध के बीच ईरान ने एक बार फिर भारत को आश्वस्त करते हुए एक बड़ा संदेश भेजा है। जिसमें कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान के भारतीय दोस्तों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। वे सुरक्षित हाथों में हैं। साथ ही तेहरान ने दो टूक अंदाज में ये भी साफ कर दिया कि इस समुद्री गलियारे का नियंत्रण और सुरक्षा का निर्णय केवल ईरान और ओमान ही करेंगे। यहां किसी तीसरे देश (अमेरिका) का हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं है।

यह जानकारी गुरुवार को भारत में ईरान के दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए दी है। बता दें, पूर्व में ईरान ने भारत को दुनिया के 6 मित्र देशों की सूची में शामिल करते हुए उन्हें होर्मुज के इलाके से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही की अनुमति प्रदान की थी। वहीं, ईरान का यह ताजा बयान एक ऐसे में आया है। जब उक्त समुद्री गलियारे में तनाव के चलते दुनिया भर के देशों के लिए जाने वाली कुल 20% कच्चे तेल और गैस की सप्लाई को लेकर संकट गहरा रहा है। अब तक 6 भारतीय जहाजों ने होर्मुज को पार किया है। समुद्री आवाजाही को सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी पक्षों से संवाद चल रहा है।



▶▶ अब तक होर्मुज से सुरक्षित निकले 6 भारतीय जहाज

### 1200 नागरिकों की होगी वतन वापसी

अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि संघर्ष के बीच ईरान में सड़क मार्ग से भारत के कुल 1200 भारतीय सीमा पार कर आर्मेनिया और अजरबैजान पहुंच गए हैं। जिनमें 845 छात्र शामिल हैं। जल्द ही यह सभी सुरक्षित देश वापस लौटेंगे। उन्होंने कहा कि 1200 लोगों में से 96 लोग आर्मेनिया और 204 अजरबैजान गए हैं। इसके अलावा बीते कुछ दिनों में देश के कुछ नागरिकों को ईरान के अंदर भी सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। केंद्र सरकार ने आर्मेनिया, अजरबैजान का इस कवायद में सहयोग करने के लिए धन्यवाद किया है।

### न्यूक्लियर खतरे पर दोहराया रुख

ट्रंप ने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए यह जंग जरूरी है। ट्रंप ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका उनके बिजली उत्पादन संयंत्रों पर बड़े पैमाने पर हमले कर सकता है। उन्होंने आने वाले हफ्तों में ईरान के खिलाफ हमले और तेज करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ये सैन्य कार्रवाई अभी कुछ हफ्तों तक जारी रहेगी और अमेरिका जल्द ही और जोरदार हमले करेगा।

### तेहरान-कराज ब्रिज पर अमेरिका का हमला, कई घायल



ईरान की राजधानी तेहरान को कराज शहर से जोड़ने वाले बड़े पुल पर हमला किया गया। यह पुल मिडिल ईस्ट के सबसे ऊंचे पुलों में से एक माना जाता है। इस हमले में कई लोग घायल हो गए। इसके अलावा कराज के अन्य इलाकों पर भी हमले हुए।

### ईरान में पुराने मेडिकल रिसर्च सेंटर पर हमला



ईरान की राजधानी तेहरान में 100 साल पुराने मेडिकल रिसर्च सेंटर पर हमला हुआ है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, 'पाश्चर इंस्टीट्यूट ऑफ ईरान' को निशाना बनाया गया, जिससे इमारत को गंभीर नुकसान पहुंचा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता हुसैन केरमनपोर ने इसे वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था पर सीधा हमला बताया। उन्होंने कहा कि यह संस्थान 1920 में स्थापित हुआ था और देश के मेडिकल रिसर्च

### लेबनान के जेबदीन इलाके में इजराइली सेना का हमला



लेबनान के जेबदीन इलाके में इजराइल की एयरस्ट्राइक में कई रिहायशी घर जमींदोज हो गए। हमले के बाद इलाके में भारी तबाही का मंजर देखने को मिला। हमले में रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया, जिससे इमारतें ढह गईं और मलबा चारों तरफ फैल गया। घटना के बाद स्थानीय बचाव टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत कार्य शुरू किया गया।

## खबर संक्षेप

### हाइब्रिड डिजिटल तकनीक से नया चेहरा



**चंडीगढ़।** पीजीआई चंडीगढ़ के डॉक्टरों और पंजाब यूनिवर्सिटी के इंजीनियरों ने हाइब्रिड डिजिटल तकनीक के जरिए एक गंभीर रूप से घायल युवती का चेहरा पुनर्निर्मित कर उसे नई जिंदगी दी है। करीब 30 वर्षीय युवती चारे काटने वाली मशीन के हादसे में अपने चेहरे का बड़ा हिस्सा खो बैठी थी। दुर्घटना में उसके चेहरे के दाहिने हिस्से की हड्डी, आंख, गाल, ऊपरी होंठ और नाक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे।

### सिंगापुर में बनाया जाएगा नया हिंदू मंदिर



**नई दिल्ली।** सिंगापुर में श्री गुरुवायूरप्पन अय्यप्पन मंदिर निर्माण इस साल अगस्त या सितंबर में शुरू होगा और यह भगवान कृष्ण एवं अय्यप्पा को समर्पित होगा। केरल शैली में बनने वाला यह मंदिर सिंगापुर में रहने वाले भारतीय समुदाय, खासकर मलयाली श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक केंद्र बनेगा। सरकार ने एक नए हिंदू मंदिर के निर्माण के लिए जमीन आवंटित की है।

### युगांडा में चार बच्चों की नृशंस हत्या की



**कंपाला।** युगांडा की राजधानी कंपाला में एक व्यक्ति ने एक नर्सरी स्कूल के अंदर धारदार हथियार से हमला करके चार बच्चों की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति ने कंपाला में 'गाबा अर्ली चाइल्डहुड डेवलपमेंट प्रोग्राम' में प्रवेश किया और धारदार हथियार से कई बच्चों पर हमला कर दिया। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की पाकिस्तान को चेतावनी

# 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर अडिग भारत जरूरत पर सरहद पार करेंगे कार्रवाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तिरुवनंतपुरम में आयोजित 'सैनिक सम्मान सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रहा है और जरूरत पड़ने पर सरहद के दोनों ओर कार्रवाई करता है। उन्होंने कहा कि उरी अटैक के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा अटैक के बाद एयर स्ट्राइक और हालिया पहलगाम घटना के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया गया। पहलगाम घटना के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान को महज 22 मिनट में करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन अभी भी जारी है और किसी भी उकसावे पर कड़ी प्रतिक्रिया दी जाएगी।

### भारतीय नौसेना 2047 तक दुनिया की सबसे मजबूत ताकत में होगी शामिल

**खास बातें**

- ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी, उकसावे पर देंगे प्रतिक्रिया
- 'वन रैंक वन पेंशन' लागू करना सरकार की बड़ी उपलब्धि



राजनाथ सिंह ने कहा कि बदलते समय में समुद्री क्षेत्र की अहमियत बढ़ी है और भारत 2047 तक अपनी नौसेना को दुनिया की सबसे मजबूत ताकतों में शामिल करना चाहता है। कोचीन शिपयार्ड में बने स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर का जिक्र करते हुए उन्होंने इसे बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि सैनिक और पूर्व सैनिक देश की मजबूत नींव हैं और उनकी देखभाल सरकार का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने 'वन रैंक वन पेंशन' लागू करने को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया।

**मेजर उन्नीकृष्णन को याद किया**

रक्षा मंत्री ने कहा कि देशभर में वॉर मेमोरियल बनाए जा रहे हैं ताकि नई पीढ़ी को सैनिकों के बलिदान और देशभक्ति की प्रेरणा मिल सके। उन्होंने मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के बलिदान को याद करते हुए कहा कि 'मुंबई टेरर अटैक' के दौरान उनका साहस देश के लिए प्रेरणा है। उन्होंने भारतीय रक्षा निर्यातकों और अन्य सभी हितधारकों के इस अनुकरणीय प्रदर्शन की सराहना की है।

### पश्चिम-एशिया हालात पर हुई मंत्रियों के समूह की दूसरी बैठक

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में पश्चिम-एशिया के हालात पर निगरानी रखने के लिए सरकार द्वारा गठित किए गए मंत्रियों के समूह (आईजीओएम) की दूसरी अनौपचारिक बैठक हुई। जिसमें उन्होंने क्षेत्र में बने हुए हालात के मद्देनजर परिस्थितियों पर चौबीसों घंटे निगरानी को बनाए रखने और किसी भी घटना से निपटने के लिए सुनियोजित तरीके से प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता पर जोर दिया है। समूह ने वित्त मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की है। जिनका मकसद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार में आ रही बाधाओं के बीच उद्योगों को राहत और सहयोग प्रदान करने पर केंद्रित है।


### रक्षा निर्यात 38,424 करोड़ रुपए पर पहुंचा

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में रक्षा निर्यात 38,424 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है, जो अब तक का सर्वोच्च स्तर है। यह पिछले वित्त वर्ष के 23,622 करोड़ रुपए के आंकड़े से 14,802 करोड़ रुपए (62.66 प्रतिशत) की भारी वृद्धि दर्शाता है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) और निजी क्षेत्र का योगदान क्रमशः 54.84 प्रतिशत और 45.16 प्रतिशत रहा है। यह रिकॉर्ड उच्च आंकड़ा पिछले पांच वर्षों में लगभग तीन गुना वृद्धि दर्शाता है।

## भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की

# रूस के डिप्टी पीएम मंटुरोव ने पीएम मोदी से की मुलाकात

आज विदेश मंत्री जयशंकर से मिलेंगे



रूस के डेनिस मंटुरोव और पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूसी संघ के पहले डिप्टी पीएम डेनिस मंटुरोव ने गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी से भेंट की। इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने भारत-रूस संबंधों की प्रगति पर चर्चा की। मंटुरोव ने पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान आपसी सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति के बारे में जानकारी दी, जिसमें व्यापार और आर्थिक साझेदारी, उर्वरक, कनेक्टिविटी और लोगों के बीच संबंध शामिल हैं।

उन्होंने दिसंबर 2025 में नई दिल्ली में आयोजित 23वें द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के दौरान हुए समझौतों को लागू करने के लिए उठाए जाने वाले विशिष्ट कदमों पर चर्चा की। रूस-भारत की 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया।

### द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर

इस दौरान पीएम मोदी ने दिसंबर 2025 में 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा को याद किया। उन्होंने कहा की वार्षिक शिखर सम्मेलन के नतीजों को लागू करने की दिशा में दोनों पक्षों की ओर से किए जा रहे लगातार प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया। इन प्रयासों का उद्देश्य भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाना है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, मंटुरोव अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात करेंगे। इस दौरान रक्षा, सुरक्षा, ऊर्जा, व्यापार, निवेश और औद्योगिक सहयोग पर जोर दिया जाएगा और अन्य द्विपक्षीय बैठकों में वे भाग लेंगे।

## पाकिस्तान में हिंदुओं की आस्था पर हमला

# कराची में कृष्ण भगवान व गोपियों की 89 साल पुरानी मूर्तियां खंडित की गईं

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में एक बार फिर अल्पसंख्यक हिंदुओं की आस्था पर हमला हुआ है। पाकिस्तान के पंजाब सूबे के बहावलपुर जिले के अल्पसंख्यक अधिकार संगठन के चेयरमैन शिव काछी ने 'एक्स' पर लिखा कि कराची में एमए जिन्ना रोड पर स्थित 1937 में बनाई गई ऐतिहासिक 'सगन मैसन' इमारत की दीवारों पर बनी हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां खंडित की गई हैं। उन्होंने इसे पाकिस्तान की बहुसांस्कृतिक विरासत, धार्मिक सद्भाव और अल्पसंख्यक समुदायों की भावनाओं पर किया गया हमला बताया। कहा कि अल्पसंख्यकों में भारी नाराजगी है, लेकिन पाकिस्तान की इस्लामी हुकूमत ने इस पर चुप्पी साध रखी है।



उन्होंने कहा कि हम इस शर्मनाक हरकत की कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने पाकिस्तान के शीर्ष राजनेताओं को टैग करते हुए लिखा कि हम मांग करते हैं कि संबंधित अधिकारी इस मामले का तत्काल संज्ञान लें। दोषियों को बिना किसी देरी के गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कड़ी सजा दी जाए।

## करीब 54 साल बाद इंसान एक बार फिर चांद की दिशा में कदम बढ़ा रहा

# नासा का आर्टेमिस-II मिशन लॉन्च, 10 दिन तक चंद्रमा की परिक्रमा करेगा

## पृथ्वी से करीब 4.06 लाख किमी दूर तक जाएंगे अंतरिक्ष यात्री

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

करीब 54 साल बाद इंसान एक बार फिर चांद की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का पहला मानव मिशन आर्टेमिस-II भारतीय समयानुसार गुरुवार सुबह 4:05 बजे फ्लोरिडा से सफलतापूर्वक लॉन्च हुआ।

इस मिशन में क्रिस्टीना कोच, विक्टर ग्लोवर, रीड वाइसमैन और जेरेमी हैनसेन सवार हैं, जिन्हें एसएलएस रॉकेट के जरिए अंतरिक्ष में भेजा गया। यह 10 दिन की यात्रा अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी से करीब 4.06 लाख किलोमीटर दूर तक ले जाएगी, जो अब तक की सबसे लंबी मानव अंतरिक्ष यात्रा मानी जा रही है।



फ्लोरिडा स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर से ओरियन स्पेसक्राफ्ट से लॉन्चिंग

### चांद के करीब तक जाएंगे, उतरेंगे नहीं

आर्टेमिस-II मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्री चांद के करीब तक जाएंगे, लेकिन वहां उतरेंगे नहीं। यह एक परीक्षण मिशन है, जिसका उद्देश्य भविष्य के चंद्र अभियानों के लिए जरूरी तकनीक और क्षमताओं को परखना है। पूरा मिशन करीब 10 दिनों में पूरा होगा और अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की परिक्रमा कर सुरक्षित पृथ्वी पर लौटेंगे। नासा ने लॉन्च से पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लोगों को इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने का न्योता दिया है। एजेंसी ने कहा कि यह मिशन इंसानों को चांद और आगे मंगल ग्रह तक बसाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**पृथ्वी की सुरक्षा सीमा से बाहर करेंगे परीक्षण**

नासा के आर्टेमिस-II मिशन में चार अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी की सुरक्षा सीमा से बाहर जाकर कॉस्मिक रेडिएशन और अंतरिक्षीय परिस्थितियों का सामना करेंगे, जहां उनके शरीर में होने वाले हर बदलाव को रिकॉर्ड किया जाएगा। 1972 के बाद पहली बार इंसान पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से बाहर जाएगा और यह दूरी अब तक की किसी भी मानव अंतरिक्ष यात्रा से अधिक हो सकती है।

### चिप से शरीर में बदलावों का करेंगे विश्लेषण

इस मिशन का सबसे उन्नत प्रयोग ऑर्गन ऑन-ए-चिप तकनीक है। प्रत्येक अंतरिक्ष यात्री के रक्त से प्राप्त कोशिकाओं को माइक्रोचिप पर विकसित किया जाएगा। एक चिप अंतरिक्ष में जाएगी और दूसरी पृथ्वी पर रहेगी। मिशन के बाद तुलना कर यह देखा जाएगा कि डीएनए डैमेज, टेलीमीयर लंबाई और अन्ने जैविक संकेतकों में कितना अंतर आया। यह पहली बार होगा जब ऐसो प्रयोग लो-अर्थ ऑर्बिट से बाहर किया जा रहा है।

**विश्लेषणः** वरिष्ठों और युवाओं के समन्वय के साथ बड़ी संख्या में मातृशक्ति को भी स्थान

# भारतीय जनता पार्टी ने जारी की 33 प्रदेश प्रवक्ताओं की सूची, 41 प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट की भी नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा संगठन द्वारा लगातार प्रदेश में संगठन का विस्तार किया जा रहा है। अब भाजपा ने 33 प्रदेश प्रवक्ताओं और 41 प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट नियुक्त किए हैं। इसके साथ ही प्रदेश मीडिया विभाग में 6 सदस्यों और 9 प्रदेश सह मीडिया प्रभारी की सूची भी जारी की है। खास बात यह है कि इन नियुक्तियों में वरिष्ठों और युवाओं के समन्वय के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं को जगह दी गई है।

इसमें पूर्व मंत्री सहित 10 विधायक, 5 पूर्व विधायक, पुराने अनुभवी प्रवक्ताओं को शामिल करने के साथ ही नए चेहरों को भी जगह दी गई है। आगामी विधानसभा-लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए यह टीम तैयार की गई है। इसमें हर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नजर आता है, वहीं जातिगत समीकरण भी साधे गए हैं। जारी सूची के अनुसार, प्रदेश प्रवक्ता टीम में 6 और प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट में 8 महिलाएं हैं। बता दें कि पार्टी का पक्ष रखने के लिए पहली बार इतनी बड़ी टीम उतारी गई है।

**[पूर्व मंत्री सहित 10 विधायक, 5 पूर्व विधायक भी शामिल]**


अर्चना चिटनीस


संतोष बरकडे


संजय शाह


ऊषा ठाकुर

### 9 प्रदेश सहमीडिया प्रभारी भी नियुक्त

भाजपा द्वारा 9 प्रदेश सहमीडिया प्रभारी की सूची भी जारी की गई है। इसमें रायसेन से बृजगोपाल लोया, भोपाल से मिलन भार्गव, पवन दुबे इंदौर से आलोक दुबे, उज्जैन से राकेश पण्डया, ग्वालियर से राजलखन सिंह, बैतूल से विशाल बन्ना, जबलपुर से श्रीकांत साहू और सागर से प्रदीप राजौरिया को शामिल किया गया है।

## विधायक, पूर्व विधायकों के साथ कुछ नए चेहरे

### बुरहानपुर से अर्चना चिटनीस, इंदौर से उषा ठाकुर सहित अन्य को सौंपी जिम्मेदारी

जानकारी के अनुसार, बुरहानपुर से पूर्व मंत्री एवं विधायक अर्चना चिटनीस, सीधी से विधायक कुंवर सिंह टेकाम, इंदौर से विधायक उषा ठाकुर, बालाघाट से विधायक गौरव पारधी, जबलपुर से विधायक नीरज सिंह लोधी, विधायक संतोष बरकडे, कटनी से विधायक संदीप जायसवाल, हरदा से पूर्व विधायक संजय शाह, खंडवा से विधायक छाया मोरे, बैतूल से विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, नीमच से विधायक दिलीप परिहार, झाबुआ से पूर्व विधायक कलसिंह भाबर, मंदसौर से पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, अनूपपुर से रामलाल रौतेल, दतिया से पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया, उज्जैन से बक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल और पूर्व विधायक राजेंद्र भारती, रूप पमनानी, विवेक गुप्ता, भोपाल से पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. हितेश वाजपेयी, डॉ. दुर्गेस केसवानी, इंदौर से डॉ. दिव्या गुप्ता, वैभव शुक्ला, सचिन बघेल, सहित अन्य को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी है।

### मीडिया विभाग में इन्हें मिली जिम्मेदारी

भाजपा मीडिया विभाग में भोपाल से योगेश गुप्ता, एड. गुंजन चौकसे, वंदना मार्तण्ड त्रिपाठी, सत्येंद्र जैन, कर्नल ईशान आर, महेश वर्मा, शाहवर आलम, रश्मि अग्रवाल, योगेश तिवारी, माही भजनी, डॉ. एसके तिवारी, सुमित रघुवंशी, सूरज खरे, सुमित पाण्डे, अर्चिता जोशी, इंदौर से मनस्वी पाटीदार, सागर कसेरा, एड आदित्य दीक्षित, प्रमे व्यास, नितिन द्विवेदी, जेपी मूलचंदानी, कमल वर्मा, विवेक सिन्हा, डॉ. अविनाश पटवारी, ग्वालियर से सुबोध दुबे, गौरव कुलश्रेष्ठ, सागर से रिशांक तिवारी सहित अन्य को प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं ग्वालियर से नवीन चौधरी, अनिल कौरव, सुभाष शर्मा, इंदौर से नितिन द्विवेदी, सतना से दीपक बलेचा, रीवा से योगेंद्र शुक्ला को सदस्य, प्रदेश मीडिया विभाग बनाया गया है।

---

**खबर संक्षेप**

### शासकीय कर्मचारियों महंगाई भत्ते में 3% वृद्धि, डीए हुआ 58%

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने शासकीय कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की वृद्धि के आदेश जारी कर दिए हैं। इस फैसले के बाद अब कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो गया है। वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार नई दरें निर्धारित तिथि से प्रभावी होंगी। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के लाखों नियमित कर्मचारियों और पेंशनरों को सीधा लाभ मिलेगा। बढ़े हुए महंगाई भत्ते का भुगतान आगामी वेतन में शामिल किया जाएगा, जिससे कर्मचारियों की मासिक आय में बढ़ोतरी होगी। साथ ही, पेंशनरों को भी संशोधित दर के अनुसार महंगाई राहत (डीआर) का लाभ मिलेगा।

### सफेद बिजली के तार का उपयोग किया तो होगी एफआईआर

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की अनुशंसा पर दतिया कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े द्वारा दतिया जिले में सफेद अमानक स्तर बिजली के तारों के उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है। सफेद व अमानक स्तर के बिजली तारों के उपयोग से लगातार खेत-खलिहान, अवैध कॉलोनी एवं अन्य जगहों पर दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। ऐसे प्रकरणों से जनहानि, पशुहानी एवं अन्य प्रकार से नुकसान हो रहा है। इन घटनाओं की रोकथाम के लिए सफेद व अमानक स्तर कि बिजली के तार अब बिक्री और उपयोग हेतु प्रतिबंधित रहेंगे। दतिया कलेक्टर इस संबंध में आदेश जारी किए।

### कांग्रेस किसानों के नाम पर सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करती हैं : चावड़ा

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख आगे बढ़ाने को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार किया है। चावड़ा ने कहा कि कांग्रेस कभी किसानों की हितैषी नहीं रहीं। कांग्रेस पार्टी और उसके नेता किसानों के नाम पर सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण आमजनता को सर्वोच्च प्राथकिता देते हुए पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस का उपयोग अन्य उद्योगों में नहीं हो रहा है।

---

31 मार्च तक नहीं हो सकी थीं आवंटित, विभाग ने शुरू की शराब बेचने की प्रक्रिया

# 650 वाइन शॉप की नीलामी नहीं, शराब दुकानों के लिए आबकारी ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**शराब दुकानों का ऑक्शन पूरी तरह से बंद कर दिया गया**

**दुकानों के आवंटन के लिए ठेकेदारों से बुलाए गए ई-टेंडर**

31 मार्च तक आवंटित नहीं हो पाई प्रदेश की 650 शराब दुकानों के संचालन की जिम्मेदारी आबकारी विभाग के अमले ने ले ली है। आबकारी अमला इन दुकानों पर शराब बेचने की प्रक्रिया शुरु कर चुका है। इन दुकानों के ठेके आवंटन के लिए अब आबकारी विभाग ने अपनी रणनीति बदली है। शराब दुकानों का ऑक्शन पूरी तरह बंद कर दिया गया है। अब इन दुकानों के आवंटन के लिए शराब ठेकेदारों से ई टेंडर बुलाए गए हैं।

बारहवे चरण में शराब दुकान, समूह का निष्पादन केवल ई टेंडर के माध्यम से होगा। इस चरण में ऑक्शन नहीं होगा। दसवें और 11वें चरण में शराब दुकानों के लिए आरक्षित मूल्य से अस्सी प्रतिशत और उससे ऊपर के उच्चतम ऑफर स्वीकृति की प्रक्रिया में है। आरक्षित मूल्य से अस्सी प्रतिशत से नीचे के उच्चतम ऑफर होल्ड पर रखे जाएंगे।

### आरक्षित मूल्य 70 प्रतिशत से कम न हो

ऑफसेट प्राइज आरक्षित मूल्य से अधिकतम तीस प्रतिशत नीचे तक ही अनुमत होंगे। बीओक्यू में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आरक्षित मूल्य सत्तर प्रतिशत से कम का ऑफर प्रस्तुत नहीं किया जाएगा। इस चरण में शराब दुकान का निष्पादन में सम्मिलित प्रत्येक एकल शराब दुकान के लिए अलग-अलग किया जाएगा। अधिक राजस्व प्राप्ति की संभावना को ध्यान में रखते हुए अत्यधिक सीमित संख्या में समूह का पुनर्गठन का जिला समिति द्वारा आबकारी आयुक्त के अनुमोदन से किया जाएगा लेकिन दो सौ करोड़ से अधिक के आरक्षित मूल्य वाले जिले में किसी भी समूह का आरक्षित मूल्य जिले के आरक्षित मूल्य के बीस प्रतिशत मूल्य से अधिक नहीं होगा।

### आज खुलेंगे ई-टेंडर

ई टेंडर के लिए ऑनलाईन टेंडर डॉउनलोड करने और सबमिट करने के लिए तीन अप्रैल दोपहर दो बजे तक का समय तय किया गया है। जो ई टेंडर प्राप्त होंगे उन्हें तीन अप्रैल 2026 को दोपहर दो बजकर पांच मिनट पर खोला जाएगा।

### मंदाकनी चौराहे पर खुली शराब दूकान का विरोध

कोलार स्थित मंदाकिनी चौराहे पर खुली शराब दुकान को लेकर विरोध शुरु हो गया है। गुरुवार को रहवासियों ने शराब दुकान के सामने एकत्रित होकर दुकान को बंद करने की मांग रखी। इस मौके पर महिलाओं ने भी शराब दुकान के विरोध में नारेबाजी कर दुकान बंद करने की मांग रखी। रहवासियों का कहना है कि दुकान को मंदाकनी चौराहे से हटाकर सर्वधर्म पुल के बाद बनी नगर निगम की दुकान में शिफ्ट किया जाना चाहिए। इधर रहवासियों के विरोध को देखते हुए हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से शराब दुकान को हटाने के संबंध में बात की है। कलेक्टर ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है।


शराब दुकान का विरोध।

### शराब ठेकेदारों की बैंक गारंटी से होगी 62 करोड़ की वसूली

राजधानी की 87 शराब दुकानों की नीलामी के बाद आबकारी अमले ने पुराने शराब ठेकेदारों से वसूली शुरु कर दी है, जिसके तहत शराब ठेकों की नीलामी में शेष बची राशि को बैंक में जमा गारंटी राशि से वसूल किया जाएगा। शहर की तीन शराब ठेका कंपनियों से 62 करोड़ 39 लाख 4 हजार 97 रुपए की वसूली की जानी है। आबकारी उपायुक्त वीरेंद्र धाकड़ ने साउथ वर्क ट्रेडर्स समूह-4 की दुकानों के लिए जमा 19 करोड़ 7 लाख 37 हजार रुपए की बैंक गारंटी में से 8 करोड़ 36 लाख 55 हजार 421 रुपए की राशि ट्रांसफर करने का पत्र लिखा है। इसके साथ केंटबरी ट्रेडर्स समूह-1 की 26 करोड़ 86 लाख 80 हजार रुपए की बैंक गारंटी में से 25 करोड़ 28 लाख 81 हजार 511 रुपए वसूल किए जाने हैं। जबकि रिचमंड शाइन ट्रेडर्स समूह-2 की जमा 29 करोड़ रुपए की बैंक गारंटी में से 28 करोड़ 73 लाख 67 हजार 165 रुपए सरकारी खाते में ट्रांसफर किए जाएंगे। इधर नए टेंडर होने के बाद दुकानों की इधर से उधर शिफ्टिंग भी शुरु हो गई है।

---

**आज उज्जैन साइंस सेंटर का होगा लोकार्पण**

## 'महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम' सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 3 अप्रैल को उज्जैन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम' अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का तारामंडल परिसर में शुभारंभ करेंगे। साथ ही उज्जैन साइंस सेंटर का लोकार्पण भी करेंगे। सम्मेलन 3 से 5 अप्रैल तक उज्जैन के समीप डोंगला डिजिटल प्लेनेटेरियम परिसर में आयोजित किया गया है।

उद्घाटन सत्र में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन और विचारक लेखक सुरेश सोनी भी शामिल होंगे। बाबा महाकाल और सम्राट विक्रमादित्य की पावन नगरी उज्जैन प्राचीन काल से ही काल गणना और खगोल विज्ञान के अनुसंधान की वैश्विक धुरी रही है। एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक और शोधकर्ता यहां बौद्धिक समागम के लिये एकत्रित हो रहे हैं।



### उज्जैन-डोंगला को ग्लोबल मेरिडियन बनाने पर होगी चर्चा

उज्जैन से लगभग 35 किमी दूर डोंगला प्राचीन काल से खगोल एवं ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रहा है। यहां से कर्क रेखा गुजरने के कारण इसे काल गणना का प्रमुख केंद्र माना जाता है। सम्मेलन में उज्जैन-डोंगला को वैश्विक मेरिडियन (मध्यान्ह रेखा) के रूप में स्थापित करने की संभावनाओं पर भी मुख्य रूप से चर्चा की जाएगी।

### आधुनिक विज्ञान और भारतीय ज्ञान परंपरा का संगम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश स्पेस टेक्नोलॉजी और नवाचार के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है। सम्मेलन में आधुनिक विज्ञान और भारतीय ज्ञान परंपरा के समन्वय से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। इनमें विकसित भारत में स्पेस इकोनॉमी की भूमिका, खगोल विज्ञान, एस्ट्रोफिजिक्स और कॉस्मोलॉजी की नवीनतम तकनीक, भारतीय काल गणना पद्धति का वैज्ञानिक आधार, कालचक्र की अवधारणा और स्पेस सेक्टर से जुड़ी रणनीतियां प्रमुख रूप से शामिल हैं। तकनीकी सत्रों में देश-विदेश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और शिक्षाविद अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

---

**खंडवा-बुरहानपुर में मंडल प्रशिक्षण आयोजित**

## भारत को परम वैभव तक पहुंचाने के लिए पंच से पार्लियामेंट तक भाजपा आवश्यक


संबोधित करते जामवाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत को वर्ष 2047 तक परम वैभव तक पहुंचाने के लिए पंच से पार्लियामेंट तक भाजपा के कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति आवश्यक है।

सभी पार्टी कार्यकर्ता सनातन और राष्ट्रवाद के ध्वज वाहक हैं। आने वाले दिनों में बूथों पर प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होंगे, जिनमें आप में से कई कार्यकर्ता प्रशिक्षण व वक्ता बनकर जाएंगे। इसलिए प्रशिक्षण की बारीकियों, अनुशासन और समय-सारिणी का पूर्णतः पालन आवश्यक है। यह भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने खण्डवा-बुरहानपुर में मंडल प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए कही। पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत गुरूवार को खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर मंडल, बुरहानपुर जिले के शाहपुर एवं फोपनर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य सत्ता प्राप्त करना नहीं है। भाजपा का लक्ष्य हर समाज वर्ग का कल्याण व उत्थान करना है।

## भाजपा जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता युवा मोर्चा मप्र ने अपनी प्रदेश कार्यकारिणी गुरूवार को घोषित कर दी है।

उपाध्यक्ष इंदौर के विवेक शर्मा, मृदुल मिश्रा (कटनी), जय सूर्या (धार), अनिल वर्मा (उज्जैन ग्रामीण), योगेन्द्र सिंह ठाकुर (जबलपुर), पवन शर्मा (राजगढ़), विश्वप्रताप सिंह (विष्णु) (भिंड) को, महामंत्री राकेश परस्ते (डिंडोरी), विलव जैन (रतलाम), मंत्री भोपाल की श्रुति सिंह, घनश्याम सिंह (इंदौर), यश प्रताप सिंह चौहान (श्योपुर), आशीष झाला (देवास), कार्तिक मिश्रा (उज्जैन), राहुल डिमोले 'रविकांत' (ग्वालियर) को बनाया गया है। कार्यालय मंत्री अमन राय (भोपाल), सह-कार्यालय मंत्रीः मोहित अग्निहोत्री (भोपाल), पवन साहू (रायसेन) बनाए गए हैं। कोषाध्यक्ष प्रियंक जैन (नरसिंहपुर), मीडिया प्रभारी शोभित नाथ (भोपाल), आईटी प्रभारीः शुभम गुर्जर (रतलाम), सोशल मीडिया प्रभारी रवि शर्मा (भोपाल) सहित अन्य नियुक्तियां की गई हैं।




**श्रम कानूनों को सरल और प्रभावी बनाने की दिशा में कदम**

## 5 अधिनियमों को मिलाकर मप्र में बनेगी नई श्रम संहिता, 30 दिन में ड्राफ्ट तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में श्रम कानूनों को सरल और प्रभावी बनाने के लिए राज्य सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। श्रम विभाग द्वारा प्रदेश में लागू पांच प्रमुख अधिनियमों को एकीकृत कर नई श्रम संहिता तैयार की जाएगी।

इस संहिता का प्रारूप 30 दिनों के भीतर तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य में वर्तमान में विभिन्न श्रम कानून अलग-अलग रूप में लागू हैं, जिससे उद्योगों और श्रमिकों दोनों को प्रक्रियात्मक जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए शासन ने इन कानूनों का समेकन कर एक सरल और एकीकृत श्रम संहिता बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति का गठन किया गया है, जो सभी संबंधित प्रावधानों का अध्ययन कर मसौदा तैयार करेगी। नई संहिता में मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958, मध्यप्रदेश औद्योगिक संबंध अधिनियम 1960, औद्योगिक नियोजन स्थायी आदेश अधिनियम 1961, श्रम कल्याण निधि अधिनियम 1982 और असंगठित कर्मकार कल्याण अधिनियम 2003 को शामिल किया जाएगा। इन सभी अधिनियमों को मिलाकर एक ऐसा ढांचा तैयार किया जाएगा, जो वर्तमान जरूरतों और बदलती आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप हो।

### सुनिश्चित की जा सके श्रमिकों के अधिकारों की बेहतर सुरक्षा

श्रम विभाग का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई नई श्रम संहिताओं के साथ तालमेल रखते हुए राज्य स्तर पर भी सुधार आवश्यक हो गया है। साथ ही तकनीकी विकास और औद्योगिक परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए प्रावधानों में संशोधन किया जाएगा, ताकि उद्योगों को संचालन में आसानी हो और श्रमिकों के अधिकारों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। समिति में विधि, श्रम और वित्त विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया है, जो विभिन्न कानूनों का गहन अध्ययन कर समेकित मसौदा तैयार करेंगे। प्रारूप तैयार होने के बाद इसे अंतिम रूप देने से पहले विभिन्न हितधारकों से सुझाव भी लिए जा सकते हैं।

---

**प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार की भूमिका पर उठाए सवाल**

## मिलावटखोरी जनता के स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**खाद्य पदार्थों में मिलावट पर कांग्रेस का हमला**

**स्वास्थ्य हितों के मुद्दे पर कांग्रेस करेगी प्रदर्शन**

मध्यप्रदेश में खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट को लेकर सियासत तेज हो गई है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस मुद्दे पर राज्य सरकार को घेरते हुए कहा कि मिलावटखोरी अब आम शिकायत नहीं, बल्कि जनता के स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर संकट बन चुकी है। पटवारी ने हाल ही में फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 2000 से अधिक फूड सैंपल फेल पाए गए हैं, जो बेहद चिंताजनक है। खासतौर पर ग्वालियर में सामने आए करीब 420 मामलों ने सरकार की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह समस्या किसी एक शहर तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में फैल चुकी है।


जीतू पटवारी

### दूध, मावा, पनीर और घी में सबसे ज्यादा मिलावट

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि दूध, मावा, पनीर और घी जैसे रोजमर्रा के डेयरी उत्पादों में सबसे ज्यादा मिलावट पाई जा रही है, जो सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह की मिलावट से फूड पॉइजनिंग के अलावा डायबिटीज, हृदय रोग और हार्मोनल असंतुलन जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। पटवारी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हो रही है और प्रशासनिक ढिलाई के चलते ऐसे अवैध कारोबार फल-फूल रहे हैं। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि आखिर नियमित जांच और कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। कांग्रेस ने मांग की है कि मिलावटखोरों के खिलाफ कड़े कानूनी कदम उठाए जाएं, खाद्य पदार्थों की पारदर्शी जांच व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और दोषियों को सख्त सजा दी जाए। पटवारी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर आंदोलन करेगी।

## लोकतंत्र पर हमले का आरोपः नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा- विधायकों को तोड़ने-खरीदने की हो रहीं कोशिशें

*सत्ता के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों से किया जा रहा समझौता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में आगामी राज्यसभा चुनाव से पहले सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सत्ता हासिल करने के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों से समझौता किया जा रहा है।


उमंग सिंघार

उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस विधायकों को तोड़ने और खरीदने की कोशिश की जा रही है। जब इसमें सफलता नहीं मिल रही, तो उनके खिलाफ पुराने मामलों को सक्रिय कर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती के मामले का जिक्र करते हुए कहा कि 25 साल पुराने प्रकरण में सजा सुनाकर गिरफ्तारी की गई, जबकि दूसरी ओर पूर्व भाजपा विधायक नरोत्तम मिश्रा का पेड न्यूज मामला लंबे समय से लंबित है। इसे उन्होंने दोहरे मापदंड का उदाहरण बताया। सिंघार ने विजयपुर (श्योपुर) से विधायक मुकेश मल्होत्रा की सदस्यता समाप्त किए जाने और उन्हें राज्यसभा चुनाव में मतदान से वंचित करने पर भी सवाल उठाए। साथ ही सेमरिया विधायक अभय मिश्रा और भोपाल मध्य से विधायक आरिफ मसूद के पुराने मामलों को अचानक सक्रिय किए जाने को भी उन्होंने राजनीतिक दबाव की रणनीति बताया।

### डराकर, सदस्यता समाप्त कर चुनाव जीतने की कोशिश

*नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जो विधायक सत्ता पक्ष के दबाव में नहीं आ रहे, उन्हें चुनाव प्रक्रिया से बाहर करने की साजिश रची जा रही है। यह लोकतंत्र नहीं, बल्कि सत्ता के दुरुपयोग का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि विधायकों को डराकर, सजा दिलाकर और सदस्यता समाप्त कर चुनाव जीतने की कोशिश लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि जनता इन घटनाओं को देख रही है और समय आने पर इसका जवाब देगी।*

उपनगर में वीर हनुमान के जन्मोत्सव पर मंदिर सहित जगह-जगह हुए कई धार्मिक अनुष्ठान

# मंदिरों में सुबह से रही भक्तों की भारी भीड़, पूजा-अर्चना कर हनुमानजी को चढ़ाया चोला, बैंड-बाजों के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा



## आस्था, उत्साह का दिखा भव्य संगम, आधे किलोमीटर तक लगा भक्तों का ताता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मंडीदीप में गुरुवार को भगवान राम के भक्त हनुमानजी का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर के सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखी गई। नगर के प्रसिद्ध खेड़ापति हनुमान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और महावीर हनुमान को चोला ग्रहण कर उनकी पूजा की गई। इस दौरान नगर में भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें बैंडबाजों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने हाथों में ध्वजा लेकर चल रहे थे। यह शोभायात्रा जाखला धाम सरकार द्वारा आयोजित किया गया। शोभायात्रा नगर के गणेश चौक स्थित राम मंदिर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जाखला धाम सरकार में देर रात्रि संपन्न हुई। उसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



शोभायात्रा में हनुमान जी की झांकी बी आकर्षण का केंद्र।

### हनुमानजी की भव्य झांकी ने मन मोहा

शोभायात्रा के दौरान हनुमानजी की चलित झांकी ने भक्तों के मन को भाव विभोर कर दिया। वही अलग-अलग रूप में लंगूरों ने बच्चों के मन आकर्षित किया। कार्यक्रम में जबलपुर का श्याम बैंड ने नगर के हजारों हनुमान भक्त को हनुमानजी की भक्ति में झूमने पर मजबूर कर दिया। श्याम बैंड के कलाकारों द्वारा एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति दी गई, जिस सुन महिला-पुरुष भक्ति में भाव विभोर होकर खूब झूमे।



शोभायात्रा में दुल दुल घोड़ी का नृत्य देखते लोग।

### पटवा ने हनुमान जयंती पर नगरवासियों को दी शुभकामनाएं



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त पवनपुत्र हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव की सभी नगरवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा संकट मोचन भगवान हनुमान जी सभी के कष्टों को दूर कर बल, बुद्धि, विवेक और दीर्घायु प्रदान करें।

## हनुमान जी की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा, अभिषेक एवं हवन पूजन के साथ किया भजन, आज होगा विशाल भंडारा

**औबेदुल्लागंज।** नगर के रेलवे फाटक स्थित हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान जी की नई प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा, अभिषेक एवं हवन-पूजन का कार्यक्रम विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकालीन पूजा-अर्चना और वेद मंत्रोच्चार के साथ हुई। विद्वान पंडितों सीताराम मिश्रा एवं पंडित शुभम



वैष्णव, पंचू पांडे के द्वारा विशेष पूजन, अभिषेक और हवन कराया। पूरा मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर भजन-कीर्तन भी किया गया, जिसमें भक्तगण झूमते नजर आए। मंदिर आए श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान जी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर राजेंद्र गुड्डु साहू, मुकेश कहार, हरिओम खत्री, राकेश कहार, अजय साहू, रूपेश लोधी आदि ने विशेष सहयोग किया। शुक्रवार 3 अप्रैल को पूजन के बाद भंडारा होगा।

## संतनगर से निकली शोभायात्रा, 55 फीट ऊंची ध्वजा की हुई स्थापना

**संतनगर।** उपनगर में हनुमान जयंती पर कई आयोजन हुए। कई स्थानों पर सुंदरकांड का पाठ और अखंड रामायण पाठ और भजन-कीर्तन के साथ भंडारा हुआ। इस अवसर पर विशाल शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें सैकड़ों भक्तगण शामिल हुए। हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा के संरक्षण में विराट श्री मानव सेवा संस्थान द्वारा बेहटा गांव स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पर कंचेदीलाल केवट की स्मृति में 55 फीट ऊंची ध्वजा संस्था के अध्यक्ष रामू केवट की उपस्थिति में स्थापित की गई। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी, कमल विधानी, गुड्डू मेहर, शेट्टी चंदनानी, लविन मनसुखानी एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।



### संस्कार विद्यालय में विद्यार्थी और शिक्षकों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ



संस्कार विद्यालय में हनुमान जयंती के अवसर पर प्रातः प्रार्थना के समय हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि विद्यालय में लगभग 2 वर्षों से हनुमान चालीसा का पाठ होता आ रहा है। ज्ञात हो कि हनुमान ने अपनी बाल्य अवस्था से ही बड़े-बड़े काम किए और सारे काम का श्रेय भगवान श्री राम को दिया। विद्यालय के प्राचार्य आरके मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, कोर्डिनेटर सीमा शर्मा, मोन्टेसरी इन्चार्ज प्रियांषी आडवानी एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित होकर हनुमान चालीसा का पाठ किया।

## खबर संक्षेप



### सफाई कर्मियों ने वेतन न मिलने पर किया प्रदर्शन

**मंडीदीप।** मंडीदीप नगर पालिका के सफाई कर्मी और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को तीन महीने से वेतन न मिलने पर नपा का घेराव कर प्रदर्शन किया। तीन महीने से अधिक का पेमेंट कर्मचारियों को नहीं मिलने से उनके परिवार के भरण पोषण में बच्चों के स्कूल कॉलेज के फीस भरने में दिक्कत आ रही है। वहीं सफाई कर्मियों के द्वारा बार-बार धरना देने की स्थिति में नपा के द्वारा स्पष्ट जवाब नहीं मिला, जिससे परेशान होकर सारे कर्मचारी एक साथ इकट्ठा होकर गुरुवार को श्रम विभाग के कार्यालय का दरवाजा खटखटाया है।

### रहवासियों ने पार्षद से कहा क्षेत्र का विकास करो

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के नेता वार्ड 13 के पार्षद मनोज चौरसिया आखिर किसके खास है यह बात पूर्व पार्षद आशीष दीक्षित ने उनसे पूछी तो चौरसिया ने बताया कि पूर्व जिला महामंत्री के खास हैं। चौरसिया मंडल अध्यक्ष और मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी को भी सलाह देते हैं। स्वच्छता अभियान एंबेसडर पुरुषोत्तम शर्मा से पूछा तो उन्होंने कहा मैं चौरसिया के साथ रहता जरूर हूं, मगर उनकी राजनीति में दखल नहीं देता। वार्ड 13 के रहवासी कहते हैं आप मतदाताओं के खास बनो, और नगर का विकास करो एवं लोगों की समस्याओं का समाधान करो।

### भू-माफिया रमाकांत को 7 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** करोड़ों रुपयों की ठगी कर फरार होने वाले भू-माफिया डीआईएल कंपनी के तत्कालीन मैनेजिंग डायरेक्टर रमाकांत विजयवर्गीय (70) पुत्र बापूलाल विजयवर्गीय निवासी सोलेस स्काई लक्जूरिया निपानिया थाना लसूड़िया इंदौर को अपर सत्र न्यायाधीश स्वयं प्रकाश दुबे ने विभिन्न धाराओं में दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास और 2 लाख 25000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। आरोपी रमाकांत विजयवर्गीय को ऐसे ही अनेक मामलों में जिला न्यायालय द्वारा पूर्व में आजीवन कारावास और 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 138 | 20 | 468 |
| रात: | 468 | 82 | 345 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 138 | 20 | 468 |
| रात: | 468 | 82 | 345 |

### ओवरटेक करते समय अचानक बस के सामने फॉर्च्यूनर गाड़ी आने से हुआ हादसा

# निजी ट्रेवल्स की तेज रफ्तार बस ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत, बुजुर्ग गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित ग्राम कोलुआ, रायसेन रोड पर बुधवार शाम निजी ट्रेवल्स की बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उनके साथ बैठे 72 साल के बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बेगमगंज रायसेन से पोकलेन मशीन का सामान लेने भोपाल आ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ओवरटेक कर अचानक सामने आई फार्च्यूनर गाड़ी को बचाने के प्रयास में बस सामने से आ रही बाइक से भिड़ गई। घायल बुजुर्ग को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



सुरेन्द्र लोधी, मृतक

पुलिस के अनुसार मूलरूप से ग्राम भेसवाई थाना बेगमगंज जिला रायसेन निवासी सुरेन्द्र लोधी (26) पोकलेन मशीन चलाते थे। बुधवार शाम करीब 4 बजे वह अपने साथी बेगमगंज जिला रायसेन निवासी इस्माइल हुसैन (72) के साथ पोकलेन का पार्ट्स लेने रायसेन से भोपाल आ रहे थे। इस्माइल हुसैन भी पोकलेन मशीन चलाते हैं और वह बाइक पर पीछे बैठे थे, जबकि सुरेन्द्र बाइक चला रहा था। कोलुआ गांव के पास रायसेन रोड पर पहुंचते ही निजी ट्रेवल्स की बस ने उनकी बाइक पर जोरदार टक्कर मार दी। आमने-सामने की टक्कर में बाइक चला रहे सुरेन्द्र लोधी की मौके पर मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे इस्माइल हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एएसआई हरिशंकर तिवारी ने बताया कि मोटरसाइकिल के पीछे एक फार्च्यूनर गाड़ी आ रही थी। फार्च्यूनर के चालक ने ओवरटेक करने का प्रयास किया और बस के सामने आ गया। फार्च्यूनर को बचाने के चक्कर में बस सामने से आ रही बाइक से टकरा गई। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने बस जब्त कर थाना परिसर में खड़ी कर ली है। पोस्टमार्टम के बाद मृतक सुरेन्द्र का शव परिजन को सौंप दिया गया।

### गुटखा लेने जा रहे वेटर को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

**बापू की कुटिया में वेटर था मृतक, पीछे से रौंदता हुआ निकल गया**

**भोपाल।** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित खजूरी बायपास के सामने बापू की कुटिया रेस्टोरेंट के पास बुधवार देर रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने वेटर को रौंद दिया। गंभीर हालत में उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ देर बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव रिश्तेदारों को सौंप दिया गया। मृतक सतना का रहने वाला था। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से सतना निवासी साहिल यादव (22) 11 मील खजूरी बायपास स्थित बापू की कुटिया में वेटर का काम करता था और वहीं पर रहता भी था। बुधवार एक अप्रैल की रात करीब 12 बजे रेस्टोरेंट बंद होने के बाद साहिल गुटका खरीदने पास की दुकान पर जा रहा था। उसी दौरान पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे चपेट में ले लिया। उसके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थी।



खेत में लगी भीड़ आग से खड़ी फसल जल कर हुई राख।

## खेतों में अचानक लगी भीषण आग से फसल जलकर खाक

### ग्राम जेथर और बीलखेड़ी के किसानों को हुआ नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

ग्राम जेथर और बीलखेड़ी में खेतों में लगी भीषण आग से खेत में खड़ी फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ। तेज हवा से आग तेजी से फैलती गई और आसपास के कई खेत चपेट में आ गए।

ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी भयानक थी कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। तहसीलदार निलेश सरवटे को सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और दमकल टीम मौके पर पहुंचाई। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है और मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। किसानों ने प्रशासन से उचित मुआवजे और भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम की मांग की है। जेथर के किसान नन्हेंलाल बब्लेश की 8 एकड़, आकाश, अभिषेक की 2 एकड़, बीलखेड़ी के किसान सुरजीत चौहान की 1 एकड़, राहुल की 1 एकड़, कलाबाई की 1 एकड़, पार्वती चौहान, गणेशाराम, जितेंद्र चौहान, धर्मेंद्र चौहान, राम प्रसाद की 10 एकड़ फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई।

2025-26 में कर वसूली राशि बढ़कर 2.31 करोड़ रुपए हुई

## औबेदुल्लागंज नगर परिषद में कर वसूली में अभूतपूर्व उछाल, 585% की हुई रिकॉर्ड वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



नगर पालिका अधिकारी किरण राहंगडाले के अथक प्रयासों और प्रभावी रणनीति से औबेदुल्लागंज नगर परिषद में वित्तीय वर्ष 2025-26 में कर वसूली ने नया रिकॉर्ड कायम किया है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वर्ष कर वसूली में 585 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। विगत वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगर परिषद द्वारा कुल 33.60 लाख रुपए की कर वसूली की गई थी, जिसमें संपत्ति कर से 13.32 लाख, जलकर से 6.26 लाख, दुकान किराया से 8.49 लाख, बिल्डिंग परमिशन से 5.31 लाख तथा विविध स्त्रोतों से 0.32 लाख रुपए शामिल थे, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कर वसूली राशि बढ़कर 2.31 करोड़ रुपए हो गई।

### प्रचार-प्रसार से मिली सफलता

नगर पालिका अधिकारी किरण राहंगडाले ने स्वयं सभी वार्डों में घूमकर नागरिकों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया और नगर के विकास के लिए समय पर कर देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कर वसूली से प्राप्त राशि का उपयोग नगर की बेहतर सुविधाओं और विकास कार्यों में किया जाएगा। इस सफलता के पीछे कई प्रभावी कदम उठाए गए, जिनमें सभी वार्डों में विशेष वसूली शिविर का आयोजन, लोक अदालत के माध्यम से वसूली, आधुनिक तकनीकों का उपयोग, घर-घर जाकर करदाताओं को सूचना देना, फोन कॉल और मुनादी के जरिए व्यापक प्रचार-प्रसार करना था।

### रिकॉर्ड वसूली से नगर का होगा विकास

नगर पालिका अधिकारी ने इस उपलब्धि के लिए इंजीनियर मुकेश जैन सहित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि टीम वर्क और निरंतर प्रयासों से ही यह रिकॉर्ड वसूली संभव हो पाई। इस रिकॉर्ड वसूली से औबेदुल्लागंज नगर परिषद को विकास कार्यों के लिए मजबूत वित्तीय आधार मिला है, जिससे आने वाले समय में नागरिकों को बेहतर सड़कें, पानी, प्रकाश और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

## साउथ अफ्रीका में 26 से होने वाली अंतरराष्ट्रीय बधिर क्रिकेट सीरीज में ग्राम बीलखो के अमन का चयन

### अमन बने मध्यप्रदेश के पहले डीफ क्रिकेट खिलाड़ी, लोगों ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नजीराबाद

अगर व्यक्ति के हौसले बुलंद हो तो कोई भी काम नामुमकिन नहीं होता यह बात बैरसिया क्षेत्र के ग्राम बीलखो निवासी अमन चौकसे ने साबित कर दिया है। आपको बता दें प्रेमनारायण चौकसे के पुत्र अमन बचपन से ही न सुन सकते हैं, न बोल सकते हैं, परंतु उन्होंने हमेशा अपने हौसलों को बुलंद रखा और इस चीज को अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। अमन इशारों की भाषा में अपनी शिक्षा ग्रहण की। इसके साथ ही क्रिकेट में अपनी एक अलग पहचान बना ली। अब वह साउथ अफ्रीका में 26 अप्रैल से 2 मई तक आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय डीफ क्रिकेट सीरीज में भारत एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने जाएंगे हैं। अमन चौकसे मध्य प्रदेश के पहले डीफ क्रिकेट खिलाड़ी हैं, जिनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। अमन देशभर में आयोजित कई क्रिकेट टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मध्य प्रदेश डीफ क्रिकेट टीम के कप्तान के रूप में नेतृत्व भी कर चुके हैं। अमन इससे पहले भारत में श्रीलंका के खिलाफ भी अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। क्रिकेट के साथ-साथ जूडो-कराटे में भी उनको महारत हासिल है। अमन के साउथ अफ्रीका टूर्नामेंट में चयन होने पर उनके पैतृक ग्राम बीलखो खुशी की लहर है।




### मंदिर में प्रत्येक शनिवार को होता है पारायण पाठ

# श्रीराम मंदिर में विगत 62 वर्षों से लगातार हो रहे धार्मिक कार्यक्रम, उमड़ते हैं श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

स्थानीय श्रीराम मंदिर में वगत 62 वर्षों से लगातार अखंड रामायण पाठ, बधाई भजन, कृष्ण जन्माष्टमी पर आनंद उत्सव बधाई भजन, हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष सुंदर काण्ड, महाशिवरात्रि पर महाअभिषेक एवं प्रत्येक शनिवार को परायण पाठ का आयोजन हो रहा है। वहीं राम नाम की धारा भी बह रही है। इस मंदिर में आयोजित कार्यक्रमों में स्थानीय रहवासी बड़ी संख्या में भाग लेते हैं और लाभन्वित होते हैं।

श्री मानस मंडल के अरविन्द राय, संतोष गुप्ता, संदीप माहेश्वरी, राजकुमार माहेश्वरी, सुरेश काका, मुकेश श्रीवास्तव, आनंद दुबे, तेजसिंह नागर, लोकेश वर्मा, दीपेश गिरी, पवन राजपूत, अनिल नागर, प्रमोद मालवीय आदि सदस्यों ने अपील की है कि इस पावन पुनीत कार्य से समस्त नागरिक जुड़ें और इस कार्य को और भव्य रूप देकर आगे बढ़ाएं।



राम मंदिर में अखंड रामायण पाठ करते श्रद्धालु।

### समता एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री का मोबाइल झपटा

**भोपाल।** समता एक्सप्रेस में आगरा से इटारसी की यात्रा कर रहे यात्री का अज्ञात बदमाश ने मोबाइल झपट लिया। घटना उस समय हुई जब समता एक्सप्रेस भोपाल स्टेशन से निकलकर धीमी चल रही थी। झपटे गए मोबाइल की कीमत 26 हजार रुपए है। जीआरपी भोपाल ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मोहम्मद ताजीम (20) वार्ड नंबर-2, रिछा, थाना देवरनिया, जिला बरेली (उप्र) में रहते हैं। उन्होंने जीआरपी में शिकायत करते हुए बताया कि उनका समता एक्स के कोच एस-टू बर्थ नंबर-11 में रिजर्वेशन था। वह आगरा से इटारसी की यात्रा कर कर रहे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

### कार में मिले युवक के शव मामले का खुलासा

## पति-पत्नी और दोस्त ने की बीवी के प्रेमी की हत्या, तीनों गिरफ्तार

- जांच के बाद मंडीदीप पुलिस ने तीनों आरोपियों को किया गिरफ्तार
- पुलिस ने मामला दर्ज कर केस डायरी भेरूंदा भेज दिया
- मंडीदीप की महिला से था मृतक का प्रेम संबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मंडीदीप थाना अंतर्गत क्षेत्र में दो दिन पहले कार में मिले युवक के शव को लेकर मंडीदीप पुलिस ने गुरुवार को खुलासा कर दिया।

पुलिस ने बताया है कि भोपाल के नेहरू नगर निवासी मृतक संतोष शर्मा (45) अपनी प्रेमिका बदला हुआ नाम रजनी उइके से प्रेम संबंध होने के कारण उससे मिलने 30 मार्च की रात उसके घर गया था।, जिसका उसके पति भगवान सिंह को पता चल गया। उसने अपने दोस्त वीरेंद्र को बुलाकर प्रेमिका, उसके पति और दोस्त ने मिल कर 30 और 31 मार्च की रात में संतोष शर्मा को पीट पीट कर मार डाला और उसके शव को वहां स्विफ्ट डिजायर वाहन क्रमांक एमपी 04 टीवी 3237 में छोड़कर भाग निकले। सूचना पर पहुंची पहुंची ने जांच शुरू की। गहन जांच पड़ताल और सबूत जुटाने के बाद मंडीदीप पुलिस ने तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर डायरी भेरूंदा भेज दिया।

## विहान 2026 में फैशन शो बना मुख्य आकर्षण

# अलग-अलग थीम में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा, अंकित और अदिति बने मिस्टर-मिस आरजीआई, विजेता हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राधारमण समूह द्वारा आयोजित वार्षिक तकनीकी-सांस्कृतिक महोत्सव 'विहान 2026' के तहत फैशन शो कार्यक्रम ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। शो में छात्रों ने ट्रेडिशनल, वेस्टर्न, फ्यूजन और ब्लैक मैजिक थीम पर शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। फैशन शो में अंकित शर्मा को मिस्टर आरजीआई और अदिति जैन को मिस आरजीआई का खिताब दिया गया। इसके अलावा अलग-अलग थीम में भी विजेताओं की घोषणा की गई।



'विहान 2026' के तहत फैशन शो कार्यक्रम में प्रस्तुति देते प्रतिभागी।




विजेता प्रतिभगियों को पुरस्कृत करते हुए।

### हर्ष मिस्टर ट्रेडिशनल और आस्था मिस ट्रेडिशनल विजेता




ट्रेडिशनल थीम में हर्ष मिश्रा (मिस्टर ट्रेडिशनल) और आस्था पांडे (मिस ट्रेडिशनल) विजेता रहे। वेस्टर्न थीम में दिव्यदीप पिपलाजे और आयुषी रघुवंशी ने जीत हासिल की। वहीं फ्यूजन थीम में आसिम शेख और पल्लवी पाल विजेता बने। ब्लैक मैजिक थीम में अजय सोनवाने और हर्षनी ने खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम के निर्णायक के रूप में प्रियेशा दुबे और अभिनेत्री सुदीप्ता सक्सेना मौजूद रहीं। सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

> प्रियेशा दुबे और अभिनेत्री सुदीप्ता सक्सेना मौजूद रहीं

---

## वाराणसी के नागरिकों में आयोजन को लेकर उत्साह, आज से होगा भव्य मंचन

# वाराणसी में भारत के महान शासक विक्रमादित्य के जीवन चरित्र का होगा मंचन, नाटक की तैयारी पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वाराणसी में महानाट्य 'सम्राट विक्रमादित्य' का मंचन, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा विक्रमोत्सव-2026 के अंतर्गत 3 से 5 अप्रैल 2026 तक बीएलडब्ल्यू मैदान में प्रस्तुत होने जा रहा है। यह ऐतिहासिक सांस्कृतिक साहित्यिक दृष्टि से एक महत्त्वपूर्ण कीर्ति यज्ञ है। यह केवल एक नाटकीय प्रस्तुति नहीं, अपितु भारतीय इतिहास की गौरवशाली धारा को पुनः सजीव करने का एक सशक्त प्रयास है, जिसमें शौर्य, न्याय, सुशासन और सांस्कृतिक वैभव की अमर गाथा मंच पर उतरती है, जिसका अभ्यास चल रहा है।

सम्राट विक्रमादित्य प्राचीन भारतीय परंपरा के महानायक हैं उज्जैन के प्रतापी राजा, जिन्होंने शकों का संहार कर 'शकारि' की उपाधि धारण की और विक्रम संवत की स्थापना की। लोककथाओं, बेताल-पच्चीसी, सिंहासन-बत्तीसी तथा अनेक पुराणिक ग्रंथों में उनका चरित्र न्यायप्रियता, वीरता, प्रजा-हितैषिता और ज्ञान-विज्ञान के संरक्षण का प्रतीक बनकर उभरा है। यह महानाट्य उसी चरित्र को आधुनिक मंच पर जीवंत करता है, जहां शताधिक कलाकारों के माध्यम से रथ, अश्व, पालकी तथा ऊंटों के वास्तविक प्रयोग के साथ अत्याधुनिक ग्राफिक्स और संगीत-नृत्य का समन्वय दर्शकों को प्राचीन कालखंड में ले जाता है।



'सम्राट विक्रमादित्य' नाटक की तैयारी करते कलाकार।





### नाटक का साहित्यिक सांस्कृतिक महत्व

इस नाटक का साहित्यिक सांस्कृतिक महत्त्व बहुआयामी है। प्रथम, यह ऐतिहासिक स्मृति को पुनर्जीवित करता है, ऐसे युग का चित्रण, जब भारत 'अखंड' था, सुशासन का आदर्श स्थापित था और ज्ञान-विज्ञान की परंपरा चरमोत्कर्ष पर थी। द्वितीय, यह सांस्कृतिक एकता का संदेश देता है। काशी (वाराणसी) जैसी धर्मनगरी में मध्य प्रदेश के कलाकारों द्वारा इस गाथा का मंचन उत्तर और मध्य भारत की सांस्कृतिक सेतु का प्रतीक है। तृतीय, साहित्यिक भाषा में यह 'महानाट्य' शैली का उदाहरण है, जो न केवल मनोरंजन करता है, बल्कि नैतिक-आध्यात्मिक जागरण भी लाता है।



'सम्राट विक्रमादित्य' का सिंहासन।

### सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में एक साहित्यिक-सांस्कृतिक अभियान

यह महानाट्य मात्र दृश्य-श्रव्य कला नहीं, अपितु हमारी सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में एक साहित्यिक-सांस्कृतिक अभियान है, जो युवा पीढ़ी में स्वाभिमान, विरासत-बोध और राष्ट्र-गौरव का बीज बोता है। संक्षेप में वाराणसी में यह मंचन साहित्यिक दृष्टि से एक 'युग-पुरुष' की कथा को समकालीन मंच पर स्थापित करने का प्रयास है, जो भारतीय साहित्य और संस्कृति की अनंत धारा को प्रवाहित रखने में सहायक होगा।

### विक्रमादित्य वैदिक घड़ी' का बाबा विश्वनाथ को अर्पण

विक्रमादित्य का चरित्र आज के संदर्भ में भी प्रासंगिक है न्याय की स्थापना, प्रजा को आर्थिक सशक्तिकरण तथा शत्रुओं पर विजय के माध्यम से एक आदर्श राज्य-व्यवस्था का दर्शन। इस आयोजन के साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा 'विक्रमादित्य वैदिक घड़ी' का बाबा विश्वनाथ को अर्पण भारतीय समय-गणना की प्राचीन परंपरा को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का सुंदर प्रतीक है।

---

## ईबीएसबी क्लब की पहल




# 'रिदम 2के26' में प्रतियोगिताओं से विविधता में एकता का संदेश

- 'माय आरएनटीयू लोगो चैलेंज' और 'क्रिएटिव एक्सप्रेशन
- माय स्टेट' में छात्रों ने दिखाई रचनात्मकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव 'रिदम 2के26' का आयोजन छात्र गतिविधि परिषद एसएसी के तहत उत्साह के साथ किया जा रहा है। इस साल महोत्सव की थीम 'इको फ्यूजन' रखी गई है, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक विविधता का मेल देखने को मिल रहा है। महोत्सव में एक भारत श्रेष्ठ भारत ईबीएसबी क्लब की खास भूमिका रही। यह क्लब छात्रों को देश के अलग-अलग राज्यों की भाषा, संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का काम करता है और विविधता में एकता का संदेश देता है। कार्यक्रम के दौरान 'माय आरएनटीयू लोगो चैलेंज' और 'क्रिएटिव एक्सप्रेशनः माय स्टेट' जैसी प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहीं। 'क्रिएटिव एक्सप्रेशनः माय स्टेट में प्रतिभागियों ने कहानी प्रस्तुति, कविता, नृत्य, पारंपरिक वेशभूषा और गायन के जरिए अपने-अपने राज्यों की संस्कृति को शानदार ढंग से प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगे परिधानों और जीवंत प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में आशुतोष अग्निहोत्री ने प्रथम, अंजली सिंह ने द्वितीय और सेजल पंथी ने तृतीय स्थान हासिल किया।

---

## विज्ञान में राष्ट्रीय स्वत्व पर व्याख्यान

# कविता और कालिदास के नाम से श्लोक भी रच सकता है एआई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के ज्ञान विज्ञान भवन में गुरुवार को विज्ञान में राष्ट्रीय स्वत्वः भारतीय वैज्ञानिकों का संघर्ष विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षा जगत से जुड़े विद्वान, शोधार्थी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने राष्ट्रगीत वंदेमातरम का सामूहिक गायन प्रस्तुत किया गया। मुख्य वक्ता के रूप प्रज्ञा प्रवाह के संयोजक धीरेन्द्र चतुर्वेदी, जे. नंदकुमार, अखिल भारतीय संयोजक ने प्रज्ञा प्रवाह का परिचय दिया। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक, बीयू राहुल सिंह परिहार ने मुख्य अतिथि इन्दर सिंह परमार, मंत्री, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा का परिचय दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीयू के कुलगरु प्रो. एसके जैन ने की। मुख्य वक्ता जे. नंदकुमार ने कहा कि विज्ञान एक सार्वलौकिक विषय है, किंतु आज विज्ञान और तकनीक नई समस्यां भी उत्पन्न कर रही हैं। उन्होंने कृत्रिम मेधा (एआई) का उल्लेख करते हुए कहा कि आज एआई कविता लिख सकता है, कालिदास के नाम से श्लोक रच सकता है और आने वाले समय में मतदान जैसे निर्णयों को भी प्रभावित कर सकता है। कहा कि विज्ञान केवल एक अकादमिक विषय नहीं है, बल्कि उसका सांस्कृतिक और सभ्यतागत पक्ष भी है, और आधुनिक तकनीकी समस्याओं का समाधान भारतीय विज्ञान दृष्टि में निहित है।

> बीयू में भारतीय वैज्ञानिकों के संघर्ष और एआई जैसी चुनौतियों पर हुआ मंथन

### भारत को कमतर आंकने का प्रयास किया

मुख्य अतिथि इन्दर सिंह परमार, मंत्री, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा ने कहा कि ब्रिटिश शासनकाल में भारत को कमतर आंकने का प्रयास किया गया और भारतीय समाज की वैज्ञानिक उपलब्धियों को छिपाया गया। आज भारतीय वैज्ञानिक विरासत को पुनः सामने लाने की आवश्यकता है। अंत में कुलसचिव डॉ. एसबी सिंह ने आभार प्रदर्शन किया। संचालन डॉ. राम बाबू मेहर, प्राध्यापक, प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय, नर्मदापुरम एवं मध्यभारत प्रांत शोध प्रमुख, प्रज्ञा प्रवाह ने किया।

---



# एसपीएम कॉलेज में चिड़ियों के घोंसले पर आधारित कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में गुरुवार को चिड़ियों के घोंसले पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। संचालन डॉ. माहिरा परवीन ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने कहा कि गौरैया के संरक्षण के लिए यह तकनीक अत्यंत उपयोगी एवं प्रभावी है। भोपाल बर्ड्स संस्था के द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ मोहम्मद खालिक द्वारा घोंसलों को बनाने की विधि तथा गौरैया के आवास को प्रभावित करने वाले कारकों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। डॉ. सुधांशु धर द्विवेदी, डॉ. कीर्ति जैन, डॉ. कल्पना दवे, डॉ. हेमलता वर्मा, डॉ. अंजना चौधरी, डॉ. ईशा सोलंकी, नेहा शर्मा, राकेश कुशवाहा, आयुषी खोब्रागड़े आदि मौजूद थे।

---

## स्पेशल बच्चों के समर्थन में 'एक्ट टू इनेबल आधार'

# वर्ल्ड ऑटिज्म-डे पर विशेष आयोजन बच्चों ने बनाई 35 फीट लंबी पेंटिंग्स

> आधार' की पहल, दिया संवेदनशीलता और समानता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ल्ड ऑटिज्म डे के अवसर पर संस्था 'एक्ट टू इनेबल-आधार' द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य ऑटिज्म से जुड़े बच्चों के प्रति समाज में जागरुकता बढ़ाना और उनके प्रति संवेदनशीलता का संदेश देना था।

कार्यक्रम सुभाष एक्सिलेंस स्कूल में आयोजित हुआ, जहां बच्चों ने ब्लू थीम पर 35 फीट लंबी एक विशाल पेंटिंग बनाई। यह पेंटिंग स्पेशल बच्चों को समर्पित रही और इसमें मानवीय मूल्यों को दर्शाया गया। इस दौरान डॉ. जगमीत कौर ने छात्रों से ऑटिज्म विषय पर संवाद किया और उन्हें इस विषय की जानकारी दी। पेंटिंग का निर्माण वरिष्ठ कलाकार स्वतंत्र करजोतकर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में आधार संस्था से जुड़े स्पेशल बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। साथ ही संस्था द्वारा तैयार गीत 'जिंदगी को मिले आधार नया, तो सुंदर बन जाए संसार नया' का प्रदर्शन भी किया गया।

---

## प्रकृति, भीड़ और जीवन के दृश्यों को स्केच कर प्रतिभागियों ने सीखा अभिनय का नया अंदाज

# थियेट्रिक्स-29 का समापन आउटडोर अभ्यासों से निखरी कलात्मक दृष्टि

**भोपाल।** विहान ड्रामा वर्क्स की कार्यशाला श्रृंखला 'थियेट्रिक्स–29' का तीसरा और अंतिम दिन पूरी तरह बाह्य सत्रों को समर्पित रहा। इस दौरान प्रतिभागियों ने कक्षा से बाहर निकलकर वास्तविक जीवन और परिवेश को अपने अध्ययन का केंद्र बनाया। पहला सत्र प्रेमपुरा स्थित तालाब के किनारे आयोजित हुआ, जहां प्रकृति, लोगों और आसपास के जीवंत दृश्यों को स्केच के माध्यम से समझने का अभ्यास किया गया।

दूसरा सत्र हनुमान मंदिर परिसर में हुआ, जहां भीड़, आस्था और ऊर्जा को रेखाओं में अभिव्यक्त करने पर ध्यान दिया। कार्यशाला का संचालन कर रहीं चित्रकार तान्या बड़कुल ने बताया कि स्केचिंग केवल चित्र बनाना नहीं, बल्कि अनुभव को महसूस करने की प्रक्रिया है। वहीं श्वेता केतकर ने रेखाओं को जीवंत अभिव्यक्ति बताया। समापन अवसर पर निर्देशक सौरभ अनंत ने कहा कि विभिन्न कलाओं का संगम कलाकार को अधिक संवेदनशील बनाता है। उन्होंने युवाओं को सीमाओं से बाहर निकलकर नई विधाओं को अपनाने की प्रेरणा दी।

---

## 5 अप्रैल तक चलेगी 'सितारा' प्रदर्शनी, हुनरमंद हाथों को मिल रहा मंच

# गौहर महल में सजा कला और परंपरा का उत्सव, 75 शिल्पियों ने बिखेरे रंग

गौहर महल में आयोजित 'सितारा' प्रदर्शनी कला, शिल्प और संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिला, प्रदर्शनी में देशभर से आए 75 शिल्पी और कारीगर अपने पारंपरिक उत्पादों का कर रहे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौहर महल में इन दिनों 'सितारा' प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जहां कला, शिल्प और संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिल रहा है। यह प्रदर्शनी 5 अप्रैल तक चलेगी, जिसमें देशभर से आए 75 शिल्पी और कारीगर अपने पारंपरिक उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य खासतौर पर महिलाओं को मंच देना है, ताकि वे अपने हुनर के जरिए आत्मनिर्भर बन सकें। यहां कई महिलाएं घर से जुड़े कामों को पेशे में बदलकर अपनी पहचान बना रही हैं।



गौहर महल में आयोजित प्रदर्शनी में लगे स्टॉल पर कपड़े देखती महिला।

### आकर्षण का केंद्र रहीं मुख्य साड़ियां



प्रदर्शनी में बनारसी सिल्क साड़ियां, बाग प्रिंट, चंदेरी और कोटा डोरिया साड़ियों की खूबसूरत कारीगरी लोगों को खूब पसंद आ रही है। इसके साथ ही भागलपुर की सिल्क शॉल और असम की पारंपरिक कला भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसके अलावा यहां कारपेट, क्रोकरी, फर्नीचर और लाइफस्टाइल से जुड़े कई उत्पाद भी उपलब्ध हैं, जो पारंपरिक और आधुनिक शैली का बेहतरीन मेल दिखाते हैं। खास बात यह है कि प्रदर्शनी में खाने-पीने के शौकीनों के लिए भी खास इंतजाम किए गए हैं। अलग-अलग राज्यों के फूड स्टॉल्स पर लोग स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले रहे हैं। यह प्रदर्शनी न केवल कलाकारों को पहचान दिला रही है, बल्कि कला प्रेमियों के लिए भी एक खास अनुभव बन गई है।



बच्चो, तुमने अकसर अपने से बड़ों को यह कहते हुए सुना होगा-एक तंदुरुस्ती हजार नियामत। यह सिर्फ कहावत नहीं है, अच्छी लाइफ जीने का सीक्रेट भी है। अच्छी लाइफ जीने के लिए हेल्दी होना बहुत जरूरी है। तभी तुम अच्छी तरह से अपनी पढ़ाई कर सकोगे, खूब खेल सकोगे और बार-बार बीमार भी नहीं पड़ोगे। इसके लिए तुमको यहां बताई जा रही कुछ गुड हैबिट्स से दोस्ती करनी होगी।

# गुड हैबिट्स से करो दोस्ती
# हमेशा रहोगे हेल्दी-एनर्जेटिक

अवेयरनेस
रजनी अरोड़ा

बच्चो, तुम यह तो जानते ही होगे कि हर वर्ष 7 अप्रैल को वर्ल्ड हेल्थ-डे मनाया जाता है। पर क्या तुम यह जानते हो कि इसे क्यों मनाया जाता है? दरअसल, यह इसलिए मनाया जाता है ताकि दुनिया भर के लोग अपनी हेल्थ को लेकर अवेयर रहें। इसके लिए गुड हैबिट्स को अपनाएं और बैड हैबिट्स से दूर रहें। तुम भी यहां बताई जा रही बातों को फॉलो कर हमेशा हेल्दी और एनर्जेटिक रह सकते हो।



**अपनाओ हेल्दी रूटीन:** अच्छी हेल्थ के लिए हेल्दी रूटीन अपनाना बहुत जरूरी है। कोशिश करो कि रोज रात में 10 से 10.30 बजे तक सो जाओ और सुबह 6-6.30 बजे तक उठो। 7-8 घंटे की अच्छी नींद शरीर और दिमाग दोनों के लिए जरूरी होती है। इससे तुम पूरे दिन एक्टिव, फ्रेश और एनर्जेटिक फील करोगे। अगर नींद पूरी नहीं होगी, तो पढ़ाई में मन नहीं लगेगा, सुस्त महसूस करोगे और शरीर भी थका-थका लगेगा। अच्छी नींद के लिए सोने से लगभग एक घंटा पहले मोबाइल, टीवी या कंप्यूटर देखना बंद कर दो, क्योंकि स्क्रीन की रोशनी नींद में रुकावट डालती है।

सुबह उठकर 5-10 मिनट ताजी हवा और हल्की धूप में टहलना, स्ट्रेचिंग या माइंडफुल डीप ब्रीदिंग करना भी बहुत फायदेमंद है। इससे तुमको स्वच्छ ऑक्सीजन और विटामिन-डी मिलेगा।

**पर्सनल हाइजीन का रखो ध्यान:** रोज नहाना, साफ ड्रेस पहनना और शरीर को साफ रखना हेल्दी रहने के लिए बहुत जरूरी है। साबुन से नहाने से शरीर पर जमा धूल, पसीना और कीटाणु साफ हो जाते हैं। गर्मियों में पसीना ज्यादा आता है, इसलिए जरूरत हो तो गर्मी के दिनों दिन में दो बार भी नहा सकते हो। हफ्ते में 2 बार अच्छे से बाल धोना जरूरी है, ताकि गंदगी और पसीने से होने वाले फंगल इंफेक्शन से बचा जा सके।

**रेग्युलर करो हैंडवॉश:** तुम्हें अपने हाथ नियमित रूप से, खासकर खाना खाने से पहले धोने की आदत जरूर डालनी चाहिए। ऐसा न करने से हाथ में छुपे बैक्टीरिया खाने के साथ मुंह से शरीर में जा सकते हैं और तुमको बीमार कर सकते हैं। छींक-खांसी आने पर नाक-मुंह साफ करने के बाद, ट्वॉयलट के बाद, बाहर से आने के बाद हाथों को 40 सेकेंड के लिए साबुन लगाकर जरूर साफ करो और साफ तौलिए से पोछो। इससे हाथों के कीटाणु शरीर में नहीं जाते और बीमारियों से बचाव होता है।



**ओरल हाइजीन है जरूरी:** ब्रश और माउथवॉश से दांतों की क्लीनिंग, तुम्हारी डेंटल हाइजीन रूटीन का हिस्सा होना चाहिए। डेंटिस्ट भी दांतों की सफाई के लिए 2-2-2 का फार्मूला फॉलो करने के लिए कहते हैं। यानी दिन में 2 बार कम से कम 2 मिनट तक ब्रश करो और साल में 2 बार अपने दांत डेंटिस्ट से जरूर चेक कराओ। कुछ भी खाने के बाद गार्गल जरूर करो। इससे मुंह साफ रहेगा और तुम्हारे दांत खराब नहीं होंगे। रात को सोने से पहले ब्रश जरूर करो।

**हॉबीज को दो टाइम:** जहां तक हो सके इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर कार्टून फिल्म या गेम्स खेलने से दूर रहो। कभी-कभी खेल सकते हो। इसके बजाय मेंटल शार्पनेस बढ़ाने वाले पजल गेम्स खेलना फायदेमंद है। अपनी रुचि के हिसाब से तुम पेंटिंग, क्राफ्ट, डांस-म्यूजिक, इंस्ट्रूमेंट प्लेइंग जैसी एक्टिविटीज की लर्निंग-क्लासेज जॉइन कर सकते हो। इससे तुम्हारी क्रिएटिविटी तो बढ़ेगी ही तुम हेल्दी और एक्टिव भी रहोगे।



**आंखों का रखो ध्यान:** आंखें हमारे शरीर का बेहद महत्वपूर्ण अंग है, इसलिए तुम्हें अपनी आंखों का पूरा ध्यान रखना चाहिए। लापरवाही, गलत आदतों और समुचित देखभाल के अभाव में आई साइट कमजोर हो सकती है। कंप्यूटर, मोबाइल या टीवी की स्क्रीन की ब्राइटनेस और कंट्रास्ट को एडजेस्ट करो, लंबे समय तक कंप्यूटर या टीवी न देखो। बीच-बीच में आंखों को रिलैक्स करो।

पढ़ने के लिए लाइट की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। पढ़ते वक्त टेबल पर रखी बुक से आंखें 20 इंच या दो हाथ की दूरी होनी चाहिए। लगातार पढ़ने के बजाय 20 मिनट के बाद 20 सेकेंड का ब्रेक जरूर लो। इस ब्रेक में तुम आंखें बंद कर बैठो या आंखों के व्यायाम करो।

**खेलो आउटडोर गेम्स:** शाम को दोस्तों के संग कम-से-कम एक घंटा आउटडोर गेम्स खेलो। इन गेम्स से तुम फिजिकली स्ट्रांग तो बनोगे ही, इससे स्ट्रेस रिलीज होने के बाद स्टडी पर कंसंट्रेट भी कर पाओगे। तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। *

## रेग्युलर खाओ हेल्दी डाइट



**हेल्दी रहने** के लिए समय पर खाना बहुत जरूरी है। नाश्ता कभी मत छोड़ो, क्योंकि यही तुम्हें सुबह की ऊर्जा देता है। डिनर हमेशा सोने से 2-3 घंटे पहले कर लो ताकि खाना आसानी से पच सके। जल्दबाजी में या टीवी देखते हुए मत खाओ। खाना हमेशा चबा-चबाकर खाना चाहिए। इससे डाइजेशन संबंधी कोई समस्या नहीं होगी। दिन में 3 बड़े मील्स की बजाय 5-6 छोटे हेल्दी मील लेना ज्यादा अच्छा होता है। हेल्दी और फिट रहने के लिए रोजाना न्यूट्रीशन से भरपूर बैलेंस डाइट ही खाओ। कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिंस, फैट और कैल्शियम का प्रॉपर बैलेंस तुम्हारी डाइट में होना चाहिए। जंक या फास्ट फूड ज्यादा खाने से परहेज करो, यह बहुत नुकसानदायक होता है।

# अब तो चश्मा लगेगा


निम्मी को आंखों में तकलीफ हुई तो डॉक्टर ने कहा, मोबाइल ज्यादा देखने की वजह से उसकी आंखें कमजोर हो गई हैं, अब उसे चश्मा पहनना पड़ेगा। निम्मी यह सोचकर रुआंसी हो गई कि अब उसके फ्रेंड्स उसे चश्मिश कहेंगे। तो क्या सचमुच निम्मी की आंखों में चश्मा चढ़ गया?



छोटी कहानी
सिराज अहमद

निम्मी की आंखें आज जरा सुर्ख थीं। पहले तो उसने गौर नहीं किया, लेकिन जब उसे आंखों में किरकिरी और चुभन महसूस होने लगी, तो वह दौड़ी-दौड़ी मम्मी के पास पहुंची, बोली, 'मेरी आंखें लाल हो रही है। चुभन भी बहुत हो रही है।'

मम्मी ने ध्यान से देखा, बाईं आंख कुछ ज्यादा ही लाल थी। वह बिना देर किए निम्मी को घर के पास के आई क्लिनिक में ले गईं।



एआई इमेज

डॉक्टर साहब ने अपना चश्मा उतारकर निम्मी को देखा और भारी आवाज में पूछा, 'बेटा, क्या तुम मोबाइल बहुत देखती हो?' निम्मी एकदम खामोश हो गई। मम्मी ने उसकी ओर तिरछी नजरों से देखा और शिकायत भरे लहजे में बोलीं, 'बिल्कुल देखती है डॉक्टर साहब! मना करने पर तो जैसे इसके कान बंद हो जाते हैं।'

आंखों की कुछ जांच करने के बाद डॉक्टर साहब गंभीर होकर बोले, 'हूं, अब तो चश्मा लगाना पड़ेगा, वरना आंखें और भी कमजोर हो जाएंगी।'

'चश्मा, यह शब्द सुनते ही निम्मी के सब्र का बांध टूट गया। उसकी आंखों से आंसू टपकने लगे। उसने सोचा, 'अब मेरे फ्रेंड्स तो मुझे चश्मिश कहकर चिढ़ाएंगे..! मैं कितनी बुरी लगूंगी!'

निम्मी को रोता देखकर मम्मी और डॉक्टर साहब, दोनों को बात समझ आ गई कि वह चश्मा नहीं लगवाना चाहती है। मम्मी ने उसे पुचकार कर चुप कराया।

तभी डॉक्टर साहब अचानक खिलखिलाकर हंस पड़े और बोले, 'अरे अरे निम्मी, मत रो! अभी चश्मा नहीं लगेगा। यह तो बस मामूली इंफेक्शन है, जो दवाई से ठीक हो जाएगा। लेकिन याद रखना, अगर मोबाइल देखना नहीं छोड़ा, तो जल्द ही आंखों पर चश्मा चढ़ जाएगा।'

यह सुनकर निम्मी की जान में जान आई। उसने फौरन अपनी सजल आंखों से मम्मी और डॉक्टर साहब की तरफ देखा और वादा किया कि वह अब मोबाइल से तौबा कर लेगी। सब कुछ ठीक ही था कि तभी उसे कुछ याद आया, वह दोबारा रोने लगी। मम्मी ने हैरान होकर पूछा, 'अब क्या हुआ निम्मी?' बड़ी मासूमियत से मुंह बिगाड़कर वह बोली, 'पर मैं वो कड़वी दवाइयां कैसे खाऊंगी?'

निम्मी की यह मासूम बात सुनते ही डॉक्टर और मम्मी, दोनों ठहाके मारकर हंस पड़े। डॉक्टर साहब ने हंसते हुए निम्मी के सिर पर हाथ फेरा और बोले, 'अरे बिटिया, आंख के इंफेक्शन के लिए कड़वी गोलियां नहीं, बल्कि ठंडी-ठंडी आई-ड्रॉप्स डालनी होती हैं। बस दो बूंद डालोगी, आंखों को तुरंत आराम मिलेगा।'

निम्मी के चेहरे पर मुस्कान तैर गई। उसे खुश देखकर मम्मी को भी तसल्ली हुई। *

कविता / सृष्टि पांडेय

## तन स्वस्थ रखो

रोज सुबह व्यायाम करो,
आसन, प्राणायाम करो।
मन को अपने मस्त रखो,
करो योग, तन स्वस्थ रखो।

सब रोगों की सहज दवा,
ताजी ठंडी शुद्ध हवा।
दूर रहेगी बीमारी,
योग सभी पर है भारी।



## बूझो तो जानें



1 वजन उठाते बारी-बारी
पड़ते कभी न सुस्त।
हो निरोग देह तो ये भी
रहते हैं तंदरुस्त।।



2 बोझ बदन का ढोया करते
मन-ही-मन मुसकाते।
जीवन एक नाम चलने का
हमको हैं समझाते।।

3 शुद्ध अशुद्ध रक्त है इसमें
हर पल रहे धड़कता।
इसकी धड़कन के कारण ही
जीवन आगे बढ़ता।।

-डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1.हाथ, 2.पैर, 3.हृदय



## जीके क्विज-199

1. आइपीएल के इतिहास की सबसे महंगी टीम कौन बन गई है?
2. खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
3. विश्व धरोहर दिवस कब मनाया जाता है?
4. उत्तराखंड की राजधानी कहां है?
5. आगरा शहर की स्थापना किसने की थी?
6. जालियांवाला बाग किस राज्य में स्थित है?
7. कौन-से दो विटामिन जल में घुलनशील होते हैं?
8. भारत में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
9. ब्लू सिटी के नाम से भारत के किस शहर को जाना जाता है?
10. रेडक्लिफ रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?



बच्चो, जीके क्विज-199 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-198 का उत्तर:** 1. फिनलैंड, 2. ममता कालिया, 3. 7 अप्रैल, 4. बालेंद्र शाह, 5. महावीर, 6. आईएनएस अंजदीप, 7. असम, 8. जॉर्ज वॉशिंगटन, 9. 32, 10. रूस

**जीके क्विज-198 का सही उत्तर देने वाले:** रमाकांत-बिलासपुर, कबीर-हिसार, दिव्यांश-दुर्ग, अनुभव-राजनांदगांव, अनहद-बिलासपुर, रमेश-बैकुंठपुर, कविता-रायपुर, कुसुम-दुर्ग, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, संचित-बलौदा बाजार



कहानी
शोभना श्याम

निखुरी गिलहरी बहुत आलसी थी, उसे जो उल्टा-सीधा खाने को मिल जाता खा लेती, जबकि उसकी बहन चिखुरी मेहनत से स्वच्छ, पौष्टिक भोजन खोजकर खाती। वह निखुरी को गलत भोजन करने से रोकती, लेकिन वह एक ना सुनती। एक दिन निखुरी की तबियत बुरी तरह बिगड़ गई, यह उसके लिए बहुत बड़ा सबक बना।

# चिखुरी और निखुरी



एआई इमेज

शहर के एक मोहल्ले में एक छोटा-सा पार्क है। कभी यह पार्क हरियाली से भरा रहता था। अब यहां हरियाली के नाम पर इकलौता सूखा-सा पीपल का पेड़ और टूट कर गिरा हुआ एक नीम का पेड़ है। यहां दो गिलहरी बहनें रहती हैं-चिखुरी और निखुरी। जहां चिखुरी खूब चुस्त और मेहनती है, वहीं निखुरी आलसी और कामचोर है।

चिखुरी प्रतिदिन सुबह उठते ही पार्क से बाहर निकल जाती थी। उसने पार्क के आस-पास ही लगे तरह-तरह के फलों और सब्जियों के पेड़ भी खोज रखे थे। उसका जिस दिन जो भी खाने का मन होता, वहीं जाती और छक कर खाती। कुछ फल-सब्जियां या बीज लाकर अपने घर में रख लेती थी। अमरूद, जामुन, मटर, फलियां, खरबूजे और अन्य फल, सब्जियों के बीज, बढ़िया-बढ़िया खाना खाने और दौड़-भाग करने के कारण चिखुरी की सेहत खूब अच्छी हो गई थी। फुर्तीली तो इतनी थी कि लोगों के सामने ही उनके पेड़ों से फल, सब्जी या फलियां तोड़ लेती और लंबी-लंबी छलांगें मारती निकल जाती, फिर दूर जाकर कभी छीलकर तो कभी कुतर-कुतर कर ऐसे मजे लेकर खाती जैसे उन्हें चिढ़ा रही हो।

उधर निखुरी को जो कुछ पार्क में मिलता, उसी को खाकर आराम करती रहती। एक बार चिखुरी ने निखुरी से कुछ अच्छा खाने के लिए अपने साथ पार्क से बाहर चलने के लिए कहा तो वह जम्हाई लेते हुए बोली, 'मुझे तो यहीं पार्क में गुजारे लायक खाने को मिल ही जाता है, तो दूर जाने की क्या जरूरत है? वो देख पार्क के कोने में जो टूटा हुआ चबूतरा है ना, उस पर लोग कितना कुछ खाने को रख जाते हैं। जब तू खाने के लिए बाहर भटकती है, तब मैं मजे से चबूतरे पर पड़ी तरह-तरह की चटपटी चीजें खाती हूं, वो भी बिना मेहनत किए।'

'हे भगवान तू वो वाला खाना खाती है! तुझे कुछ पता भी है, वह खाना हमारे स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। एक तो वह इंसानों के घरों का बचा हुआ बासी और खराब खाना होता है। अगर खराब न भी हो तो भी इंसान हम से बिल्कुल अलग हैं, उनका खान-पान भी हमसे बहुत अलग है। इंसान ज्यादातर खाना पकाकर खाते हैं, उसमें घी, तेल, नमक, मसाले, चीनी डालते हैं। हमें कुदरत ने हमारे हिसाब से प्राकृतिक चीजें मतलब फल, सब्जी, बीज और मेवे आदि खाने के लिए दिए हैं। हमें बस इन्हें ढूंढ़ कर खाना होता है। जिसे तू बाहर भटकना कहती है, वह मेहनत है, जो शरीर और मन दोनों की सेहत और ताकत के लिए जरूरी है।' निखुरी पर चिखुरी की बात का कोई असर न हुआ, वह बड़ी लापरवाही से बोली, 'यह सब बेकार की बातें हैं। ताकत तो खाने-पीने से आती है। वह बैठे-बैठे मिल जाए तो इससे बढ़िया बात क्या?'

'तुझे तो कुछ भी समझाना बेकार है।' यह कहकर चिखुरी फुदकती हुई पार्क से बाहर निकल गई। निखुरी चबूतरे की तरफ खाना खाने चली गई।

निखुरी दिन पर दिन और आलसी होती जा रही थी। ऊपर से देखने में तो वह चिखुरी से मोटी दिखती थी, लेकिन अंदर ही अंदर बहुत कमजोर हो गई थी। एक दिन चिखुरी जब खाना लेकर लौटी तो उसने देखा कि निखुरी टूटे हुए पेड़ के नीचे पड़ी पेट पकड़कर कराह रही है। उसे उल्टियां भी हो रही थीं। चिखुरी के पूछने पर उसने बताया, 'पेट में भयानक दर्द हो रहा है, जी मिचला रहा है।' चिखुरी के यह पूछने पर कि उसने क्या खाया तो निखुरी ने चबूतरे पर बिखरे खाने की ओर इशारा कर दिया। चिखुरी ने तुरंत वहां जाकर सारी चीजों को उलट-पलट कर देखा। वहां कुछ पिज्जा और ब्रेड के टुकड़े पड़े थे। वापस आकर वह निखुरी पर नाराज हुई, 'मुझे जिस बात का डर था, आज वही हो गया। ब्रेड पर फफूंद लगी है, जो जहरीली होती है। पिज्जा में मैदा है, जो हम गिलहरियों के लिए क्या इंसान के लिए भी हानिकारक है। फिर भी कुछ जिद्दी बच्चे ये सब खाकर अपनी सेहत खराब कर लेते हैं। एक तो तू ये खराब खाना खाती है, दूसरे कोई मेहनत नहीं करती। अब भुगत, मैं क्या करूं?' निखुरी ने चिखुरी से विनती की, 'मेरी अच्छी बहन, इस बार मुझे बचा ले। मैं वादा करती हूं, आगे से मैं वही करूंगी जो तू कहेगी।' यह कहकर निखुरी जोर-जोर से रोने लगी। चिखुरी को दया आ गई, वह बोली, 'पार्क के बाहर पेड़ पर एक गिलहरी दादी रहती हैं, उनसे बात करते हुए मुझे कुछ बातें पता चली थीं, वही तू कर। सबसे पहले तो खूब सारा पानी पी ले।' यह सलाह देकर चिखुरी जाकर सूरजमुखी के बीज लाई। उन्हें छील कर साफ पानी से भरे गड्ढे में डाल दिया। इसके बाद उसने धूप से गर्म हुए पीपल के पत्ते निखुरी के पेट पर रख दिए फिर भाग कर सौंफ के पत्ते और नरम-नरम शहतूत ले आई और निखुरी से बोली, 'जब तक तबियत ठीक न हो जाए, तब तक पानी ही ज्यादा पीना और भूख लगे तो नरम-नरम फल ही खाना।' चिखुरी की फुर्ती और समझदारी देखकर निखुरी हैरान रह गई। उसने मन में ठान लिया, वह आगे से कभी भी चबूतरे पर पड़ा खाना नहीं खाएगी। चिखुरी की तरह मेहनत करेगी, स्वच्छ और पौष्टिक आहार लेगी।' *

कविता
पूर्ति वैभव खरे



एआई इमेज

## घर का खाना

भानु! भालू बड़ा शौकीन,
खाता रहता सारे दिन।
नहीं है घर का खाना खाता
फास्ट-फूड उसे है भाता।
एक दिन उसकी सेहत बिगड़ी,
फिर भी न खाई उसने खिचड़ी।
डॉक्टर अंकल घर पर आए,
भानु को फिर वे समझाए।
'खाते नहीं तुम घर का खाना,
होगा तुम्हें अस्पताल में जाना।
तुममें नहीं है बिल्कुल ताकत,
आई बड़ी है तुमपे आफत।
आंखों से तुम्हें कम दिखता,
पेट तुम्हारा गड़बड़ लगता।
कड़वी-तीखी दवाई मैं दूंगा,
इंजेक्शन भी तुम्हें लगाऊंगा।'
यह सुनकर भानु घबराया,
हाथ जोड़कर वह चिल्लाया।
'अब खाऊंगा घर का खाना,
मुझे नहीं अस्पताल में जाना।'
तब डॉक्टर भानु से बोले,
अच्छी सेहत के राज यूं खोले
घर का खाना सबसे उत्तम,
सेहत बढ़िया रहेगी हरदम।



## अंतर बताओ

बच्चो, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। लेकिन इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम पांच मिनट के अंदर इन दोनों चित्रों में छह अंतर ढूंढ़ कर बताओ।







## वर्ग पहेली

बच्चो, दिए गए चित्र में तुम फ्रूट्स को पहचानो और खाली ब्लॉक्स में इनकी सही स्पेलिंग के लेटर्स लिखकर इन फ्रूट्स के नाम पूरे करो।




उत्तर: ऊपर से नीचे: WATERMELON, BANANA
बाएं से दाएं: APPLE, ORANGE, PINEAPPLE

# आईपीएल : हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते बनाए 226/8 रन, दर्ज की सीजन की पहली जीत

# क्लासेन के हरफनमौला खेल से सनराइजर्स ने नाइट राइडर्स को 65 रन से दी शिकस्त


इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के छठे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 65 रन से हराते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की। ईडन गार्डन स्टेडियम में हुए मैच में एसआरएच ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 226/8 का स्कोर बनाया, जिसमें हेनरिक क्लासेन का अर्धशतक (52) शामिल रहा। जवाब में केकेआर की टीम अंगकृष रघुवंशी के अर्धशतक (52) के बावजूद लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रही।

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

एसआरएच से पारी की शुरुआत करते हुए अभिषेक शर्मा (48) और ट्रेविस हेड (46) ने जोरदार शुरुआत दिलाई। इसके बाद क्लासेन ने अर्धशतक लगाया। उनके अलावा नितीश रेड्डी की 39 रन की पारी खेली। केकेआर से ब्लेसिंग मुजरबानी ने 4 विकेट लिए। जवाब में फिन एलन (28) ने तेज शुरुआत दिलाई। इसके बाद रघुवंशी और रिंकू सिंह (35) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके।

### अर्धशतक से चूके अभिषेक और हेड

अभिषेक ने पारी का 5वां ओवर करने आए वरुण चक्रवर्ती के खिलाफ 3 चौके और 2 छक्के लगाए। उम्दा लय में नजर आ रहे इस सलामी बल्लेबाज ने सिर्फ 21 गेंदों में 4 चौकों और इतने ही छक्के की मदद से 48 रन बनाए। उन्होंने ट्रेविस हेड के साथ 82 रन की साझेदारी की। हेड 21 गेंदों में 46 रन बनाकर आउट हुए।




### मुजरबानी ने चटकाए 4 विकेट

मुजरबानी ने अपने दूसरे ओवर में विपक्षी कप्तान ईशान किशन और अभिषेक शर्मा के विकेट चटकाए। उन्होंने अपने चौथे और पारी के 20वें ओवर में 2 सफलताएं हासिल की। मुजरबानी अब केकेआर की ओर से एसआरएच के खिलाफ दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज बन गए। बता दें कि एसआरएच के विरुद्ध केकेआर से सबसे बेहतर प्रदर्शन का रिकॉर्ड प्रसिद्ध कृष्णा (4/30, 2018) के नाम पर दर्ज है।

### कैच के मामले में रिंकू ने तोड़ा रसेल का रिकॉर्ड



रिंकू ने मैच के दौरान 2 कैच पकड़े और इसके साथ ही वह अब आईपीएल के इतिहास में केकेआर की ओर से सबसे ज्यादा कैच लेने वाले खिलाड़ी (आउटफील्डर) बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने आंद्रे रसेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। केकेआर से 61 मैचों में रिंकू ने 41 कैच लपके हैं जबकि केकेआर के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रसेल ने 133 मैचों में 40 कैच लिए थे।

### रघुवंशी ने लगाया लगातार दूसरा अर्धशतक

लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर ने जब 30 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट खोया, तब रघुवंशी क्रीज पर आए। उन्होंने बल्लेबाजी के लिए मददगार नजर आ रही पिच पर कुछ आकर्षक शॉट लगाए। इस युवा बल्लेबाज ने अपना अर्धशतक पूरा किया। उम्दा लय में नजर आ रहे रघुवंशी 29 गेंदों में 52 रन बनाकर रन आउट हुए।

## पंजाब किंग्स आत्मविश्वास से भरपूर सीएसके को पहली जीत की दरकार



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 7वें मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स का सामना पंजाब किंग्स से आज 3 अप्रैल को एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा। सीएसके को अपने पहले मैच में हार मिली थी, जबकि पंजाब किंग्स ने अपने शुरुआती मैच में जीत दर्ज की थी जिससे उसका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ। ऐसे में रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी वाली सीएसके अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेगी वहीं पंजाब किंग्स अपनी जीत की लय को बरकरार रखने जी-तोड़ कोशिश करेगी। मुकाबला आज चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में रात 7:30 बजे से खेला जाएगा।

### बराबरी का रहा है मुकाबला

अब तक दोनों टीमों के बीच मैचों में कड़ा मुकाबला देखने को मिला है। आईपीएल में ये दोनों टीमें कुल 32 मैचों में आमने-सामने थी, जिसमें से 16 मैच सीएसके ने जीते और 16 ही मैच पंजाब किंग्स ने अपने नाम किए। आईपीएल 2025 की दोनों भिड़ंत में पंजाब किंग्स ने जीत दर्ज की थी। आईपीएल 2024 में दोनों टीमें 2 मुकाबलों में आपस में भिड़ी थी, जिसमें दोनों ने 1-1 मैच अपने नाम किए थे। सीएसके को अपने पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 8 विकेट से हार मिली थी। गुवाहटी में खेले गए उस मैच में सीएसके की टीम सिर्फ 127 रन पर सिमट गई थी। ऐसे में सीएसके अपने अगले मैच में बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

### धोनी जल्द कर सकते हैं वापसी, करने लगे प्रेक्टिस

मुंबई। महेंद्र सिंह धोनी की ट्रेनिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में चेन्नई सुपरकिंग्स टीम में उनकी जल्दी वापसी को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। धोनी चोट के कारण शुरुआती 2 हफ्तों से टूर्नामेंट से बाहर हैं। सीएसके ने बताया था कि वह रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं और शुरुआती 4 मैच नहीं खेलेंगे, लेकिन नए वीडियो ने उनकी जल्दी वापसी की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। बता दें कि आईपीएल 2026 में सीएसके की शुरुआत निराशाजनक रही है।

## खबर संक्षेप



### आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलने बेलफास्ट जाएगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम 2 मैचों की टी-20 सीरीज खेलने आयरलैंड जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसके कार्यक्रम का ऐलान कर दिया है। ये सीरीज जून 2026 में खेली जाएगी। पिछले 8 सालों में भारतीय टीम ने 3 बार (2018, 2022 और 2023) आयरलैंड का दौरा किया है। साल 2007 के बाद यह पहला मौका होगा जब भारतीय टीम बेलफास्ट में खेलेगी। इस सीरीज में युवा भारतीय खिलाड़ियों को मौका मिलने की उम्मीद है।
आयरलैंड दौरे का कार्यक्रम टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला शुक्रवार 26 जून को खेला जाएगा। वहीं, दूसरा मैच रविवार 28 जून को खेला जाएगा। ये दोनों मुकाबले बेलफास्ट में होंगे। इन मुकाबलों को भारत में रात 7:30 बजे से देखा जा सकता है। भारत ने आयरलैंड के खिलाफ आखिरी टी-20 सीरीज 2023 में खेली थी। 3 मैचों की उस सीरीज में भारतीय टीम को 2-0 से शानदार जीत मिली थी। 2023 के बाद दोनों टीमों के बीच कोई सीरीज नहीं हुई है।

### आदित्य एशियाई चैंपियनशिप में आगे बढ़े



**उलानबटोर (मंगोलिया)।** भारतीय मुक्केबाज आदित्य ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के चौथे दिन शानदार जीत दर्ज की। राष्ट्रीय चैंपियन आदित्य ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में सऊदी अरब के मूसा अलहौसाव के खिलाफ पूरे मुकाबले में नियंत्रण बनाए रखा और 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की। आदित्य ने इस साल जनवरी में नौवीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। आदित्य को अगले दौर में उज्बेकिस्तान के अब्दुल्लोह मदामिनोव की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

# न्यूजीलैंड, बांग्लादेश व इंग्लैंड के साथ टेस्ट, वनडे व टी-20 सीरीज खेलेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम, शेड्यूल जारी

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने आगामी सत्र (2026-27) के लिए अपने कार्यक्रम की घोषणा की है। इसमें कंगारू टीम को न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ बेहद व्यस्त कार्यक्रम के तहत 4 टेस्ट मैच खेलने हैं, जिसमें 26 दिसंबर से शुरू होने वाला बॉक्सिंग-डे टेस्ट भी शामिल है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज और इंग्लैंड के विरुद्ध वनडे और टी-20 सीरीज की मेजबानी करनी है।

**9 दिसंबर से खेली जाएगी टेस्ट सीरीज**

न्यूजीलैंड की टीम 1999 के बाद पहली बार 3 से ज्यादा टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और कीवी टीम के बीच 9 दिसंबर से पर्थ स्टेडियम में सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। इसके बाद एडिलेड में 17 दिसंबर से दूसरा टेस्ट, मेलबर्न में 26 दिसंबर से तीसरा बॉक्सिंग-डे टेस्ट खेला जाना है। न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथा और आखिरी टेस्ट सिडनी (4-8 जनवरी) में खेला जाना है।



**बांग्लादेश व इंग्लैंड के ऑस्ट्रेलिया के मैच का शेड्यूल**

**बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज :**
पहला टेस्टः 13 - 17 अगस्त, मरारा स्टेडियम। दूसरा टेस्टः 22 - 26 अगस्त, ग्रेट बैरियर रीफ एरिना

**इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज :**
13 नवंबरः पर्थ स्टेडियम, पर्थ। 15 नवंबरः एडिलेड ओवल, एडिलेड। 18 नवंबरः बेलेरिव ओवल, होबार्ट।

**इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज़ः**
21 नवंबरः मेलबर्न। 24 नवंबरः गोल्ड कोस्ट स्टेडियम, गोल्ड कोस्ट। 27 नवंबरः द गाबा, ब्रिस्बेन। 29 नवंबरः सिडनी।
2 दिसंबरः मनुका ओवल।

**150वीं वर्षगांठ पर इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट मैच**
टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मार्च 2027 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर पिंक गेंद से एकमात्र डे-नाइट टेस्ट मैच खेला जाएगा। तय कार्यक्रम के अनुसार, यह मैच 11-15 मार्च तक खेला जाएगा।

आईपीएल

# धोनी ने जीते 136 मैच, अय्यर ने 51, तीसरे नंबर पर पांड्या





एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में रोमांचक मैच हो रहे हैं। इन मैचों में किसी टीम को जीत तो किसी टीम को हार का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि यह जीत-हार भले ही टीम के खिलाड़ियों के सामंजस्य के कारण हो लेकिन जीत का श्रेय कप्तान को मिलता है वहीं हार का ठीकरा भी कप्तान के सिर पर ही फूटता है। आईपीएल के इतिहास में देखा जाए तो कई टीमों के कप्तान भी बदल गए लेकिन जिन खिलाड़ियों की कप्तानी में टीमें जीती हैं उनमें महेंद्र सिंह धोनी आज भी नंबर वन पर हैं।

### महेंद्र सिंह धोनी

इस सूची में चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पहले नंबर पर काबिज हैं। आईपीएल इतिहास में उनका जीत प्रतिशत 58.36 का रहा है। उन्होंने इस लीग में कुल 235 मैचों में कप्तानी की है, जिनमें से उन्हें 136 में जीत मिली है और 97 मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। इसी तरह उन्होंने कुल 122 मुकाबलों में टॉस भी जीता है। उनका टॉस जीत का प्रतिशत 51.91 का रहा है।

### श्रेयस अय्यर

आईपीएल इतिहास में 50 से अधिक मैचों में कप्तानी करते हुए श्रेयस अय्यर का जीत प्रतिशत 59.30 का हो गया है। उन्होंने इस लीग में अब तक कुल 88 मैचों में कप्तानी की है, जिनमें से उन्हें 51 में जीत मिली है और 35 मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। इसी तरह उन्होंने कुल 49 मुकाबलों में टॉस भी जीता है। उनका टॉस जीत का प्रतिशत 55.68 का रहा है।

### हार्दिक पांड्या

इस सूची में मुंबई इंडियंस के मौजूदा कप्तान हार्दिक पांड्या तीसरे पायदान पर काबिज हैं। आईपीएल 2026 के पहले मुकाबले में जीत के बाद उनका जीत प्रतिशत 59.01 का हो गया है। उन्होंने कुल 60 मैचों में कप्तानी की है, जिनमें से उन्हें 35 में जीत मिली है और 25 मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। इसी तरह उन्होंने कुल 36 मुकाबलों में टॉस भी जीता है। उनका टॉस जीत का प्रतिशत 60 का रहा है।

# ब्लूबाउम ने प्रज्ञाननंदा को ड्रॉ पर रोका, सिंदारोव ने बढ़त बनाई



**पाफोस (साइप्रस)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम के साथ ड्रॉ खेला, जबकि उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने अमेरिका के फैबियानो कारुआना को हराकर एकल बढ़त हासिल कर ली। जिससे उनके अंकों की संख्या 3.5 हो गई है। इससे वह इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश के साथ खिताबी मुकाबले में खेलने के प्रबल दावेदार बन गए हैं। प्रज्ञाननंदा ने ब्लूबाउम के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए ड्रॉ हासिल किया।

दिन के अन्य दो मैचों में अनीश गिरी ने रूसी खिलाड़ी एंड्री एसेपेंको को हराया, जबकि चीन के वेई यी ने अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के साथ ड्रॉ खेला।

### सिंदारोव दूसरे और प्रज्ञानानंद तीसरे स्थान पर

*अब जबकि 10 दौर का खेल बाकी है तब सिंदारोव के ठीक पीछे कारुआना 2.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि प्रज्ञाननंदा, ब्लूबाउम और नीदरलैंड के अनीश गिरी समान दो अंकों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं।*

# आंध्र प्रदेश, मिजोरम, दिल्ली सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में जीते



**राजगीर।** आंध्र प्रदेश, मिजोरम और दिल्ली ने बृहस्पतिवा को यहां राजगीर हॉकी स्टेडियम में 16वीं सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन शानदार जीत दर्ज की। दिन के पहले मैच में डिवीजन सी के पूल ए में आंध्र प्रदेश ने पुडुचेरी के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की। इसी डिवीजन में मिजोरम ने असम को 6-0 से हराया।

### बी पूल में दिल्ली-तेलंगाना जीतीं

डिवीजन बी के पूल ए में दिल्ली ने एकतरफा मुकाबले में बंगाल के खिलाफ 9-1 से जीत दर्ज की। इसी पूल में तेलंगाना ने गुजरात को 20-0 से करारी शिकस्त दी जिसमें अमित दयाल ने 10 गोल दागे।डिवीजन बी के पूल बी में कर्नाटक और अरुणाचल प्रदेश के बीच मैच 2-2 से ड्रॉ रहा। इसी पूल के दिन के आखिरी मैच में छत्तीसगढ़ ने हिमाचल को 7-2 से हराया।

### नवी मुंबई में बनेगा भारत का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम

मुंबई । मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन नवी मुंबई में एक लाख दर्शकों की क्षमता वाला नया क्रिकेट स्टेडियम बनाने की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने हाल ही में नगर एवं औद्योगिक विकास निगम के प्रबंध निदेशक विजय सिंघल से मुलाकात की, जो इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए उपयुक्त जमीन तलाशने के प्रयासों का हिस्सा हैं।


## MUNICIPAL CORPORATION DHAMTARI (C.G.)

NIT No./470 dated. 23.03.2026
Tender System No. 187657

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
NOTICE INVITING TENDER

Commissioner, Municipal Corporation Dhamtari invites online Tenders on Form "F" (Lump-Sum) From contractors registered in appropriate class in "unified Registration system e-Registration" PWD Chhattisgarh Govt. of C.G./Firms of repute for following work:-

| S. No | Name of work | Probable amount of contract (Rs. In Lakh) | Earnest Money (Rs. in Lakh) | Period of completion | Class of contractor | Bid submission fees | Validity of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction/Balance Work of 182 Unit EWS Housing Blocks By Convenstional technologies Including Infrastructure Development Complete At Mahimasagar Ward - Aarohi Builders Colony. & Vindhyawasini Ward - IDSMT Plot | 674.43 | 3.38 | 24 months (excluding rainy season) | Class 'B' & Above (Unified Registration System E Registration & Firms of repute) | Demand Draft of Rs. 10000.00 | 180 days from date of opening of financial offer |

Commissioner
Municipal Corporation Dhamtari (C.G.)

## कार्यालय नगर परिषद औबेदुल्लागंज जिला रायसेन (म.प्र.)

cmoobaidullaganj@mpuban.gov.in Ph-07480-224068

क्रमांक / 3217/ राजस्व नामांतरण / न.प./2026 // हकअंतरण आपत्ति सूचना // औ.गंज दिनांक 25.03.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र.नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 151 के तहत नगर परिषद के संपत्ति कर खाते में हकअंतरण / धारक के रूप में कार्यवाही की जाना है अतः जिन व्यक्तियों को निम्नलिखित वार्ड क्र.. के समक्ष लिखित व्यक्तियों व भवन भूखण्ड के हकअन्तरण में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति नगर परिषद औबेदुल्लागंज के कार्यालय में लिखित प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते के समय अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा संबंधित व्यक्तियों के नाम हकअन्तरण की कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. | नस्ती भवन भूमि/प्लाट/ वार्ड का विवरण | विक्रेता का नाम | क्रेता का नाम | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आवासीय भूखण्ड जिसका क 116 क्षेत्रफल 800 वर्गफिट वार्ड क्र. 02 अशोक विहार प्लान-ए खिल्लीखेडा औ.गंज तह. गौ.गंज जिला रायसेन म.प्र. | श्री प्रेमशंकर शर्मा आ. श्री चुन्नीलाल शर्मा निवासी वार्ड क 09 हिरानियॉ औ. गंज तह. गौ. गंज जिला रायसेन म.प्र. | श्रीमति रानी शर्मा पत्नी श्री विश्वनाथ निवासी-वार्ड क 12 अर्जुन नगर औ. गंज तह. गौ.गंज जिला रायसेन म.प्र. | शपथ पत्र, विक्रय पत्र एव तहसील नामांतरण के आधार पर |
| 2 | आवासीय प्लाट क्रमांक ए-6 जिसका क्षेत्रफल 1093 वर्गफिट वार्ड क्र. 02 ग्राम सनोटी कस्तूरी आनंदा औ.गंज तह. गौ.गंज जिला रायसेन म.प्र. | सिमरन एसोसिएट्स द्वारा अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री मिहिर रंजन राउतराय आ. श्री एस रायतराय निवासी-भोपाल नाम डेवलवर्स लोधी बिल्डर एंड डेवलपर प्राईवेट लि. द्वारा अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता डायरेक्टर श्री राजकुमार लोधी आ. राधेश्याम लोधी निवासी-भोपाल | श्रीमति रजनी नागर पत्नी श्री योगेन्द्र नागर निवासी ग्राम माथनी, पोस्ट पानगुराडिया तह. रेहटी, जिला सिहोर | शपथ पत्र, विक्रय पत्र एंव तहसील नामांतरण के आधार पर |
| 3 | आवासीय भूखण्ड पटवारी हल्का नंबर 8/25 जिसका क्षेत्रफल 240.05 वर्गमीटर अर्थात् 2583 वर्गफिट वार्ड क 03 खिल्लीखेड़ा औ. गंज तह. गौ.गंज जिला रायसेन म.प्र. | श्री उर्वशी जैन मोढ़ पत्नि श्री राहूल मोढ़ वयस्क निवासी मैन रोड दुर्गा नगर विदिशा म.प्र. | 01 श्रीमती सविता यादव पत्नी श्री संजय यादव 02 श्रीमती नीतू यादव पत्नि श्री अजय सिंह निवासी वार्ड क्र.वार्ड क्र. 03 खिल्लीखेडा औ.गंज तह. गौ.गंज जिला-रायसेन म.प्र. | शपथ पत्र, विक्रय पत्र, प्रमाणीकरण के आधार पर |
| 4 | आवासीय प्लाट क्रमांक 22 जिसका क्षेत्रफल 1099 वर्गफिट वार्ड क्र 02 ग्राम सनोटी कस्तूरी आनंदा औ.गंज तह. गौ.गंज जिला-रायसेन म.प्र. | सिमरन एसोसिएट्स द्वारा अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री मिहिर रंजन राउतराय आ. श्री एस रायतराय निवासी-भोपाल नाम डेवलवर्स लोधी बिल्डर एंड डेवलपर प्राईवेट लि. द्वारा अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता डायरेक्टर श्री राजकुमार लोधी आ. राधेश्याम लोधी निवासी-भोपाल | श्री संजय प्रजापति आ. श्री बाबूलाल निवासी-निवासी वार्ड क्र. 16 सड़क मोहल्ला दिवटिया औ गंज तह. गौ.गंज जिला रायसेन म.प्र. | शपथ पत्र, विक्रय पत्र एंव तहसील नामांतरण के आधार पर |
| 5 | आवासीय भूखण्ड जिसका क्र. 116 क्षेत्रफल 800 वर्गफिट वार्ड क्र 02 अशोक विहार प्लान-ए खिल्लीखेडा औ. गज तह. गौ. गंज जिला रायसेन म.प्र. | श्री प्रेमशंकर शर्मा आ. श्री चुन्नीलाल शर्मा निवासी वार्ड क्र 09 हिरानियों औ. गंज तह. गौ. गंज जिला रायसेन म.प्र. | श्रीमति नीलम प्रजापति पत्नी श्री हाकम प्रजापति निवासी मकान न. 148/1 वार्ड क्र. 11 अर्जुन नगर औ.गंज तह. गौ.गंज जिला-रायसेन म.प्र. | शपथ पत्र, विकय पत्र एंव तहसील नामांतरण के आधार पर |
| 6 | आवासीय प्लाट क्रमांक 36 जिसका क्षेत्रफल 1099 वर्गफिट वार्ड क्र. 02 ग्राम सनोटी कस्तूरी आनंदा औ. गंज तह. गौ.गंज जिला-रायसेन म.प्र. | सिमरन एसोसिएट्स द्वारा अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री मिहिर रंजन राउतराय आ. श्री एस रायतराय निवासी-भोपाल नाम डेवलवर्स लोधी बिल्डर एंड डेवलपर प्राईवेट लि. द्वारा अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता डायरेक्टर श्री राजकुमार लोधी आ. राधेश्याम लोधी निवासी-भोपाल | श्री शादीलाल नागर आ. श्री मुंशीलाल निवासी निवासी वार्ड क्र.14 औ. गंज तह. गौ.गंज जिला रायसेन म.प्र. | शपथ पत्र, विक्रय पत्र एंव तहसील नामांतरण के आधार पर |
| 7 | आवासीय भूखण्ड क्र. 159, जिसका क्षेत्रफल 600 वर्गफिट वार्ड क्र. 15 शारदा नगर कालोनी औ.गंज तह. गौ गंज जिला-रायसेन | श्री बाबूलाल यादव आ. श्री मोतीलाल यादव निवासी 12 वार्ड न. 13 औ.गंज तह. गौ. गंज जिला रायसेन म.प्र. | श्री धर्मेन्द्र नागर आ. स्व श्री अमरसिंह नागर निवासी मकान न. 117 वार्ड क्र. 09 रेल्वे फाटक के पास औ. गंज तह. गौ.गंज जिला-रायसेन म.प्र. | शपथ पत्र, विक्रय पत्र एंव तहसील नामांतरण के आधार पर |
| 8 | आवासीय मकान जिसका क्षेत्रफल 16.40x14.65 वर्ग. मी. 240.26 वर्गमीटर अर्थात् 2586.14 वर्गफिट वार्ड क्र. 13 मैन रोड औ. गंज तह. गौ.गंज जिला रायसेन म.प्र. | स्व. श्री लखमीचंद राय आ. श्री स्व. कालूराम जी निवासी वार्ड न. 13 औ.गंज तह. गौ. गंज जिला रायसेन म.प्र. | श्रीमती निर्मला राय पत्नि लखमीचंद राय, श्री राजेन्द्र राय, ममता राय, ललिता मालवीय, रेखा राय, रीना राय पिता स्व. लखमीचंद राय निवासी मकान न. 01 वार्ड क्रमांक 13 मेन रोड औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला रायसेन | शपथ पत्र, भवन अनुज्ञा एवं टैक्स रसीद के आधार पर |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद औबेदुल्लागंज




## मोबाइल पर हुई कहासुनी, मिलने बुलाया, बढ़ गया विवाद

# रानी कमलापति स्टेशन के सामने देर रात विवाद, दो युवकों से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास बंसल वन मॉल के सामने सड़क पर बुधवार देर रात युवकों ने दो युवकों के साथ मारपीट कर दी। दरअसल, फरियादी और आरोपी पक्ष एक दूसरे को पहचानते हैं। विवाद मोबाइल पर शुरू हुआ था। इसके बाद सामने आकर बात करने की बात हुई। फरियादी पक्ष कलियासोत से बंसल वन मॉल के सामने पहुंचा और विवाद हो गया। हबीबगंज पुलिस ने साधारण मारपीट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार दर्पण सिंह (30) डिजिटल मार्केटिंग का काम करता है। अपने दोस्तों के साथ कलियासोत डैम पार्टी करने गया था। इस दौरान आदित्य से उसकी मोबाइल पर कहासुनी हो गई। मोबाइल पर गालीगलौज होने के बाद आदित्य ने उसे कहा कि मैं बंसल वन मॉल के सामने खड़ा हूं। यहीं आकर बात कर। दर्पण सिंह कलियासोत डैम से बंसल वन मॉल के सामने मुख्य सड़क पर पहुंचा। इस दौरान उसके साथ उसका साथी और एक युवती भी थी। दर्पण कार खड़ी करने के बाद सड़क पर उतरा ही था कि आदित्य अपने तीन अन्य साथियों के साथ पहुंच गया। पहुंचते ही उसने दर्पण सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी। दर्पण सिंह के दोस्त ने बचाव करने का प्रयास किया तो आदित्य और उसके साथियों ने उससे भी मारपीट की है। बुधवार देर रात करीब डेढ़ बजे हुई मारपीट का वीडियो किसी ने वायरल कर दिया।


दर्पण सिंह


विवाद करते हुए युवक।

### एमपीपीएससी की तैयारी कर रहे युवक का मोबाइल झपटकर भागे बदमाश

*गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित रचना नगर, साईं मंदिर के पास पल्सर सवार बदमाशों ने एमपीपीएससी की तैयारी कर रहे छात्र के हाथ से मोबाइल झपट लिया। घटना गत 31 मार्च की रात करीब सवा दस बजे के आसपास की है। झपटे गए मोबाइल की कीमत 20 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस अज्ञात पल्सर सवार झपटमारों पर प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज मिला है, जिसमें यह तय हो गया कि झपटमारी पल्सर बाइक से आए झपटमारों ने की है। हालांकि पल्सर का नंबर कैमरे में नहीं आया है। पुलिस के अनुसार अनिल यादव पिता बाबूलाल यादव (22) खुजनेर, जिला राजगढ़ में रहता है। इन दिनों वह रचना नगर में रह रहा है और एमपीपीएससी की तैयारी कर रहा है।*

# मध्यप्रदेश पुलिस में निरीक्षकों के थोकबंद तबादले, 64 इंस्पेक्टर इधर से उधर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय ने प्रशासनिक कसावट और कार्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से निरीक्षक और कार्यवाहक निरीक्षक स्तर के अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार 64 अधिकारियों को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक नई पदस्थापना दी गई है। जारी सूची के मुताबिक, कार्यवाहक निरीक्षक बलवीर सिंह चौधरी को नरसिंहपुर से मंदसौर, जबकि सुरेंद्र सिंह यादव को अजाक पुलिस मुख्यालय भोपाल से रायसेन भेजा गया है। इसी तरह निरीक्षक भगवान दास बेरा को देवास से मंदसौर और सुधाकर बारस्कर को नर्मदापुरम से डीआरपी भोपाल में पदस्थ किया गया है। अन्य तबादलों में नववारी लाल मंडलोई को खरगोन से पीटीएस इंदौर, मोहन सिंह मौर्य को रतलाम से उज्जैन और राहुल सिंह राजपूत को इंदौर नगर से मंदसौर भेजा गया है। वहीं विमल कुमार शुक्ला को अजाक पुलिस मुख्यालय भोपाल से भोपाल (नगर) में नई जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा कई अधिकारियों को इंदौर, भोपाल, रीवा, सागर, सीहोर, धार और शहडोल जैसे जिलों में नई पदस्थापना मिली है। कुछ अधिकारियों को विशेष शाखा और राज्य सुरक्षा मुख्यालय से फील्ड पोस्टिंग में भी भेजा गया है।

### औजार खरीदी अनुदान योजनाः निर्माण श्रमिकों के आधुनिकीकरण और

**भोपाल।** मप्र में मप्र भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित 'औजार खरीदी अनुदान योजना' निर्माण श्रमिकों के सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बन रही है। इस योजना के तहत पंजीकृत श्रमिकों को अपने कार्य से संबंधित औजार खरीदने पर बैंक ऋण के माध्यम से 10 प्रतिशत या अधिकतम 5000 तक का अनुदान प्रदान किया जा रहा है।विदिशा के श्रमिक देवेंद्र शर्मा को इस योजना के अंतर्गत औजार खरीदी के लिए 5000 की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है।




# चार आईएफएस अफसरों के तबादले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश शासन के वन विभाग ने भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के अधिकारियों के तबादलों के आदेश जारी किए हैं। मंत्रालय, वल्लभ भवन से जारी आदेश के तहत चार वरिष्ठ अधिकारियों को प्रशासनिक आधार पर नई पदस्थापना दी गई है। जारी आदेश के अनुसार विभाष कुमार ठाकुर (बैच 1990) को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (अनुसंधान एवं विस्तार) मुख्यालय भोपाल से स्थानांतरित कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान बनाया गया है। डॉ. समीता राजौरा (बैच 1992) को प्रबंध संचालक, राज्य लघुवनोपज संघ से हटाकर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) मुख्यालय भोपाल पदस्थ किया गया है। अर्चना शुक्ला (बैच 1995) को वन विकास निगम भोपाल से स्थानांतरित कर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (अनुसंधान एवं विस्तार) मुख्यालय भोपाल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कर्मोतिका मोहन्ता (बैच 1997) को अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन-2) से स्थानांतरित कर प्रबंध संचालक, मप्र राज्य लघुवनोपज संघ भोपाल (प्रतिनियुक्ति पर) पदस्थ किया गया है।

## पहले महिला ने बडू एप पर एक सप्ताह की चेटिंग फिर ट्रेडिंग के जाल में फंसाया

# ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर प्रॉपर्टी डीलर से 18 लाख 55 हजार रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र में रहने वाली प्रॉपर्टी डीलर से सायबर ठग ने शेयर ट्रेडिंग में अधिक मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 18 लाख 55 हजार 535 रुपए की ठगी कर ली। दरअसल, एक महिला ने बडू एप के माध्यम से संपर्क किया और फिर ऑनलाइन ट्रेडिंग में अधिक मुनाफा दिलाने का झांसा देकर जाल में फंसा लिया। इसके बाद उनके साथ धोखाधड़ी की घटना हो गई। पुलिस के मुताबिक चाणक्यपुरी कॉलोनी चूनाभट्टी निवासी ललित नामदेव (50) प्रापर्टी डीलिंग का काम करते हैं। विगत पांच जनवरी को बडू एप के माध्यम से उनका सिया बालिया नामक महिला से संपर्क हुआ। उसके वाट्सएप नंबर पर ललित की करीब एक सप्ताह तक मैसेज पर बातचीत होती रही। उसने ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग करने के लिए कहा। सिया वालिया ने ट्रेडिंग के लिए उन्हें एक लिंक भेजी, जिस पर उनकी आईडी जनरेट कराई और क्वाइन बनाने के लिए पैसे डलवाए। फिर सिया वालिया ने अधिक लाभ होने का लालच देकर अपने मेंटोर बलवीर से बात कराई। बलवीर से बात करने पर उसने कहा कि हर दिन जो भी ट्रेडिंग का फायदा होगा, उसका हर दिन 15 फीसदी कमीशन लगेगा। उसने पहले दिन 28 जनवरी 2026 को ट्रेडिंग कराने के लिए 12 हजार रुपए डलवाए। जब फरियादी ने पहले दिन का फायदा निकालने को कहा तो उनसे कहा गया कि सात दिन की ट्रेडिंग करने के बाद ही पैसे निकाल सकते हैं। वह एनओसी दे देंगे।



### टोटल फंड 58 लाख का 25 फीसदी जमा करने के लिए कहा

एनओसी लेने के बाद ललित नामदेव ने राशि निकालने का प्रयास किया तो एक बार की राशि 31 हजार रुपए खाते में आ गए। उसके बाद दोबारा पैसे निकालने के लिए सिया वालिया से पूछा तो उसने गलत राशि भरवा दी। जिससे विड्राल प्रोसेस रुक गई। फरियादी से कहा गया कि कस्टमर केयर से बात करके पूछो। कस्टर केयर से कहा गया कि आप टोटल राशि का 15 फीसदी जमा करके पूरा पैसा विड्राल कर सकते हैं। तब तक ललित नामदेव 9 लाख रुपए उन्हें दे चुके थे। उन्हें बताया गया कि उनका 58 लाख रुपए का फंड हो गया है। लिहाजा फरियादी ने टोटल फंड राशि का 15 फीसदी 8 लाख 89 हजार 255 रुपए 19 फरवरी 2026 को आरटीजीएस के माध्यम से जमा कर दोबारा विड्राल प्रोसेस शुरू की। तब कस्टमर केयर से टोटल राशि का 25 फीसदी फिर से जमा करने के लिए कहा गया। तब फरियादी को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ। उनके बैंक खातों से 22 बार ट्रांजेक्शन कराकर सायबर जालसाज 18 लाख 55 हजार 535 रुपए की ठगी कर चुके थे।

# वर्ष 2026-27 एवं 2026 -28 के लिए सदन समितियों का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने वर्ष 2026-27 एवं 2026-28 की अवधि के लिए सदन समितियों का गठन किया है। गठन के क्रम में नियम समिति, विशेषाधिकार समिति, प्रत्यायुक्त विधान समिति, सदस्यों के शिष्टाचार एवं सम्मान अनुरक्षण समिति तथा महिला एवं बाल कल्याण समिति का गठन कर सभापति नियुक्त करते हुए समिति सदस्यों को नाम नर्दिष्ट किया गया है। नियम समिति के सभापति अध्यक्ष विधानसभा नरेंद्र सिंह तोमर होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधायक गिरीश गौतम, राजेश वर्मा, विश्वनाथ सिंह, श्याम बरडे, अम्बरीश शर्मा, सिद्धार्थ तिवारी, डॉ. हीरालाल अलावा, विजय रेवनाथ चौरे एवं ऋषि अग्रवाल को सदस्य नाम निर्दिष्ट किया गया है। विशेषाधिकार समिति की सभापति गायत्रीराजे पवार को नियुक्त किया गया है।

विधायक सचिन बिरला, विश्वामित्र पाठक, अमर सिंह यादव, भगवानदास सबनानी, महादेव वर्मा, वीरेन्द्र सिंह लोधी, जयवर्द्धन सिंह, फुन्देलाल सिंह मार्को एवं आरिफ मसूद को सदस्य नाम निर्दिष्ट किया गया है। प्रत्यायुक्त विधान समिति का सभापति रमेश मैन्दोला को नियुक्त किया गया है। विधायक अनिल जैन (निवाड़ी), नारायण पटेल, सचिन बिरला, संतोष बरकड़े, अरविन्द पटेरिया, मधु गेहलोत, शिवनारायण सिंह, चौधरी सुजीत मेर सिंह, केशव देसाई एवं वीरसिंह भूरिया को नाम निर्दिष्ट किया गया है। सदस्यों के शिष्टाचार एवं सम्मान अनुरक्षण समिति का सभापति बृजेन्द्र प्रताप सिंह को नियुक्त किया गया है।

### इनको भी किया नियुक्त

विधायक दिनेश राय मुनमुन, मनोज नारायण सिंह चौधरी, अमर सिंह यादव, इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, प्रताप ग्रेवाल एवं भैरो सिंह बापू को सदस्य नाम निर्दिष्ट किया गया है। महिला एवं बाल कल्याण समिति का सभापति ललिता यादव को नियुक्त किया गया है। विधायक उमादेवी खटीक, मंजू राजेन्द्र दादू, गंगा सज्जनसिंह उइके, सरला विजेन्द्र रावत, प्रियंका पैंची, कंचन मुकेश तनवे, छाया मोरे, रामसिया भारती, चंदा सुरेन्द्र सिंह गौर एवं सेना महेश पटेल को सदस्य नाम निर्दिष्ट किया गया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930